मंगलवार
18 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पेपर लीक या नौकरी में फर्जीवाड़ा किया तो पूरी जिंदगी सलाखों के पीछे कटेगी: नीतीश 2



## प. बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बड़ा रेल हादसा, ट्रेन के पीछे के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, 60 से अधिक घायल

# कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकराई मालगाड़ी, अब तक 15 मौतें








- न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास हुआ हादसा
- मृतकों में मालगाड़ी का पायलट और सह-पायलट भी शामिल
- दुर्घटना के कारण उत्तर बंगाल और देश के पूर्वोत्तर भाग से लंबी दूरी की रेल सेवाएं प्रभावित हुईं

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में रंगापानी स्टेशन के पास सोमवार की सुबह एक मालगाड़ी की टक्कर लगने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के पीछे के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे कम से कम 15 यात्री मारे गए और 60 अन्य घायल हो गए। खबर लिखे जाने तक राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उन यात्रियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही थीं जो अभी भी अंदर फंसे हो सकते हैं। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का पायलट और सह-पायलट भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर जताया दुख

अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के कारण कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डब्बे पटरी से उतर गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि हादसे में घायल हुए लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। मैंने अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों का सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ऱ्पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में ट्रेन दुर्घटना के कारण लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और राहत एवं बचाव कार्यों की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं।

### मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दार्जिलिंग जिले में हुई रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। दुर्घटना के बाद राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए पश्चिम बंगाल रवाना हुए रेल मंत्री ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के लिए 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल हुए लोगों के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। वहीं उन्होंने इस हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।



### टकराने के बाद कई फीट हवा में उछल गईं ट्रेन की बोगियां

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में दो पैसेंजर बोगी और एक पार्सल बोगी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। घटना स्थल के सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पताल को अलर्ट पर रखा गया है। टक्कर लगने की वजह से ट्रेन की बोगियां हवा में कई फीट हवा में उछल गईं जिसके बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। चश्मदीदों के अनुसार कंचनजंगा की तीन बोगियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कई यात्री बुरी तरह से घायल हो गए हैं। ट्रेन न्यू जलपाई गुड़ी से निकलकर किशनगंज होकर सियालदाह जा रही थी।

### पूर्वोत्तर भाग से लंबी दूरी की रेल सेवाएं प्रभावित

पूर्वी रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने बताया कि दुर्घटना के कारण उत्तर बंगाल और देश के पूर्वोत्तर भाग से लंबी दूरी की रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। कोलकाता में पूर्वी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर पटरियां अवरुद्ध होने के कारण लंबी दूरी की कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें सिलीगुड़ी-बागडोगरा-अलुआबारी क्षेत्र से गुजारा गया। जिन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है उनमें गुवाहाटी-सरायघाट एक्सप्रेस, गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, एनजेपी-हावड़ा वंदे भारत, कामरूप और उत्तरबंगा एक्सप्रेस शामिल हैं।

### मालगाड़ी के लोको पायलट के सिग्नल की अनदेखी के कारण हादसा

शुरूआती खबरों से पता चला है कि मालगाड़ी के लोको पायलट ने शायद सिग्नल की अनदेखी की होगी। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि सिग्नलिंग सिस्टम में कोई समस्या थी या नहीं या इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनें एक-दूसरे के इतने करीब कैसे आ गईं। वहीं रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि पीछे से आ रही मालगाड़ी को रुकना चाहिए था। फिर भी ट्रेन नहीं रुकी तो यह जांच का विषय है। इस मामले में दिक्कत यह है कि मालगाड़ी के चालक की भी मौत हो चुकी है।

**खराब मौसम के कारण से बचाव अभियान में आ रही थी परेशानी:** अधिकारी ने कहा कि खराब मौसम की वजह से बचाव कार्य में परेशानी उत्पन्न हो रही है। इस दुर्घटना ने एक साल पहले ओडिशा के बहनागा बाजार के निकट हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस दुर्घटना की यादों को ताजा कर दिया है। इस हादसे में लगभग 300 लोग मारे गए थे तथा 1,000 से अधिक लोग घायल हुए थे। रेलवे अधिकारी ने बताया कि 13174 कंचनजंघा एक्सप्रेस अगरतला से सियालदह जा रही थी, तभी सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई।

### हादसा सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का नतीजा: राहुल

राहुल गांधी ने बंगाल में हुए ट्रेन हादसे को लेकर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने ट्वीट किया, कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शोकाकुल परिजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र से शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। राहुल गांधी ने रेलवे सुरक्षा पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए ट्रैक रिकॉर्ड की आलोचना की। उन्होंने पिछले एक दशक के रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए मोदी सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।

### सीएम ममता बनर्जी बोलीं... अनाथ हो गई है रेलवे

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को सिर्फ चुनाव की परवाह है। ममता ने कहा कि रेलवे अनाथ हो गई है। कोई देखने वाला नहीं है। सिर्फ बातें होती हैं। यात्रियों के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। उन्होंने शिकायत की कि रात में लंबी दूरी की ट्रेन यात्रा अब एक दु:स्वप्न है। मैं समय-समय पर सियालदह के यात्रियों की पीड़ा देखती हूं। मैंने यह भी सुना है कि रात की ट्रेन में यात्रियों को जो बिस्तर दिए जाते हैं उनमें भी गंदगी रहती है।

## वायनाड लोस सीट छोड़ेंगे राहुल गांधी, प्रियंका बनेंगी उम्मीदवार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद देशभर में सियासी दल आंतरिक बैठक कर आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक की और राहुल गांधी की संसदीय सीट को लेकर फैसला किया। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़ेंगे और रायबरेली अपने पास रखेंगे। इसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी।

इस मीटिंग में सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल भी शामिल हुए। खरगे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हम सबने बैठक में यह तय कर लिया कि राहुल गांधी रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे, क्योंकि रायबरेली पहले से भी उनके काफी नजदीक रही है। उस परिवार के साथ जुड़ाव है और पीढ़ियों से वहां से लड़ते आए हैं। इसलिए वहां के लोगों और पार्टी के लोगों का भी कहना है कि वह रायबरेली की सीट अपने पास रखें। वायनाड के लोगों का प्यार भी राहुल को मिला है। वे लोग चाहते हैं कि राहुल वायनाड में ही रहें, लेकिन कानून इसकी इजाजत नहीं देता। इसलिए वायनाड सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। वायनाड का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात होगी। मैं एक अच्छा प्रतिनिधि बनने की कोशिश करुंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है और मैंने रायबरेली और अमेठी के लिए काफी काम किया है।

### कितनी ईवीएम खराब पायी गयीं आंकड़ा दे चुनाव आयोग: गोगोई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह इस बारे में आंकड़े जारी करे कि लोकसभा चुनाव के दौरान कितनी ईवीएम खराब पायी गयीं। गोगोई ने कहा कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इन मशीनों ने अशुद्ध परिणाम दिखाए हैं। एक्सपर एक पोस्ट में गोगोई ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को अचूक मानने से पहले, भारत निर्वाचन आयोग को यह आंकड़ा जारी करना चाहिए कि पूरे चुनाव के दौरान कितनी ईवीएम में गड़बड़ी पायी गयी। निर्वाचन आयोग को यह बताना चाहिए कि आम चुनावों के दौरान कितनी मशीनों ने गलत समय, तारीख और गलत मत दर्ज किए तथा कितनी ईवीएम के घटकों, मतगणना इकाई, मतपत्र इकाई को बदला गया तथा छद्म मतदान के दौरान कितनी ईवीएम में खराबी मिली।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को मार गिराया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के अरागाम इलाके में सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की टीम ने एक आतंकी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इलाके में दो आंतकियों के छिपे होने की जानकारी सामने आई थी। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और अन्य आतंकी की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसके बाद उसे हंदवाड़ा से पकड़ लिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार रात दो आंतकियों के बांदीपोरा के गांव अरागाम में छिपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद 13 राष्ट्रीय राइफल्स और बांदीपोरा पुलिस के जवानों ने गांव की घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया। गहन तलाशी अभियान चलाने के बाद एक आंतकी को एनकाउंट में मार गिराया है। वहीं, दूसरे आंतकी को पकड़ लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर को लेकर एक हाईलेवल मीटिंग की थी। इस मीटिंग के बाद उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। इतना ही नहीं शाह ने आगे कहा कि मोदी सरकार आतंकवादियों पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है।



## जदयू सांसद बोले- यादव-मुसलमानों का काम नहीं करेंगे

**केटी न्यूज/पटना**

सीतामढ़ी के सांसद और सीएम नीतीश के करीबी जदयू नेता देवेश चंद्र ठाकुर एक बयान देकर विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने एक सभा में कहा है कि वो यादव-मुसलमानों का कोई काम नहीं करेंगे। वहीं इस बयान के बाद अब राजद ने बड़ा हमला बोला है। राजद ने देवेश चंद्र ठाकुर के बयान को लेकर उन्हें घेरा है। इस मामले में राजद की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया गया है। इस पोस्ट के द्वारा राजद ने बिहार सरकार को आड़े हाथ लेते हुए जदयू पर संकीर्ण मानसिकता वाले जातिवादी लोग करार दिया है। राजद ने कहा कि, "ये महाशय नीतीश कुमार के चेहते नए-नवेले सांसद है। सबसे कम आबादी से संबंध रखने वाला यह सांसद बिहार की 32 फीसदी आबादी को ढेंगा दिखा रहा है। कल को दूसरे वर्ग वोट नहीं करेंगे तो उनके प्रति भी इसका यही दुर्भाव रहेगा? विधान परिषद चुनाव में चंद हजार वोट पाकर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जीते थे तो वही गुमान अभी भी है।




## मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंत्रियों और विधायकों के आवास के लिए काटे जाने थे पेड़

# जनआंदोलन के कारण झुकी सरकार, नहीं कटेंगे 29 हजार पेड़

**एजेंसी/भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के तुलसी नगर और शिवाजी नगर में 29 हजार पेड़ों को काटने से रोकने के जनआंदोलन के सामने सरकार को झुकना पड़ा। सरकार तुलसी नगर और शिवाजी नगर में विधायक और मंत्रियों के लिए आवास बनाने का प्रस्ताव लेकर आई। इस योजना में करीब 29 हजार पेड़ों को काट कर आवास बनने थे। इसको लेकर अलग-अलग इलाकों की जनता ने पेड़ों को काटने का विरोध शुरू कर दिया। किसी ने सांकेतिक चिपको आंदोलन, रक्षासूत्र बांधकर पेड़ों को काटने का विरोध शुरू किया। इसमें कांग्रेस नेता भी शामिल हुए। लगातार चले आंदोलन के चलते सरकार को प्रस्ताव को अस्वीकृत करने मजबूर होना पड़ा।




नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि नए भोपाल के पुनर्घनत्वीकरण योजना के पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र में विद्यमान वृक्षों को देखते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव को संपूर्ण विचारोपरांत अस्वीकृत कर अन्य वैकल्पिक स्थानों के परीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि नवीन प्रस्ताव के लिए प्रारंभिक स्तर पर भी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श भी किया जाएगा।

तुलसी नगर और शिवाजी नगर में 297 एकड़ जमीन पर विधायक और मंत्रियों के बंगले बनने का प्रस्ताव सरकार ने लाया। करीब 2400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में मंत्रियों के लिए 30 बंगले, 16 फ्लैट और विधायकों के लिए फ्लैट साथ ही करीब 3500 बंगले और फ्लैट अधिकारियों के लिए भी बनाए जाने है। इन बंगलों और फ्लैट का निर्माण करने वाले डेवलपर को 63 एकड़ लैंड पार्सल किए जाएंगे। जिन पर वह कमर्शियल और रेसिडेंशियल डेवलपमेंट कर सकेंगा।

कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद अमित शर्मा ने कहा कि उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सोशल मीडिया पर प्रस्ताव वापस लेने की बात देखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आश्वासन पहले भी कई बार दिए जा चुके है। शर्मा ने कहा कि सरकार आदेश निकाले। बता दें 12 जून से लगातार पेड़ों को काटने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे है। 29 हजार पेड़ों में कई सालों पुराने पेड़ भी शामिल है।

# पीड़िता का खुलासा... नौकरी के नाम पर 100 से अधिक लड़कियों को बंधक बना किया गया दुष्कर्म

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर जिले में नौकरी के नाम पर लड़कियों से यौन शोषण का मामला सामने आया है। मुजफ्फरपुर में एक गिरोह के द्वारा डीवीआर नाम की फर्जी मार्केटिंग कंपनी बनाकर सोशल मीडिया पर नौकरी देने का पोस्ट डाला जाता था। इसमें लिखा जाता था कि आप इस कंपनी में जॉब करने में इच्छुक हैं तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। लड़कियों को मोटी सैलरी देने का लालच भी दिया जाता था। बताया जाता है कि कंपनी का दावा था कि यह काम सिर्फ लड़कियों के लिए है। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कई लड़कियों ने संपर्क किया गया। ज्यादा सैलरी दिये जाने का




लालच देकर लड़कियों को नौकरी पर रखा गया। लड़कियों के काम पर आने के बाद वहां मौजूद दरिंदों ने उन्हें बंधक बनाकर कई लड़कियों के साथ शारीरिक संबंध बनाये। जब लड़कियां इसका विरोध करती थी तब उन्हें बेल्ट से बेरहमी से पीटा जाता था। जिसका कई वीडियो भी अब सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि बेल्ट से किस तरह से लड़की की पिटाई की जा रही है। यह तस्वीर देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। हालांकि पिछले साल अहियापुर और सदर इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने सभी लड़कियों को मुक्त कराया था। ज्यादातर तो लड़कियां थाने में शिकायत करना भी मुनासिब नहीं समझी। लेकिन इसी में से एक छपरा जिले की लड़की ने थोड़ी हिम्मत दिखाई और सामने आई। उसने कथित कंपनी की एक फर्जी कर्मचारी पर मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी गई।

इस पूरे प्रकरण को लेकर छपरा की इस पीड़िता ने अहियापुर थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि फेसबुक पर महिलाओं के लिए जॉब ऑफर का पोस्ट दिखा था। डीवीआर संस्था में काम करने के लिए बहाली निकली थी। जहां अप्लाई करने पर चयनित होने के बाद प्रशिक्षण के नाम पर उससे 20 हजार की मांग की गई। 20 हजार जमा करने के बाद बहुत सारी लड़कियों के साथ अहियापुर थानाक्षेत्र में ही बखरी के निकट उन्हें रखा गया। करीब तीन महीना गुजर जाने के बाद भी जब सैलरी नहीं मिली तो उसने संस्था के सीएमडी तिलक सिंह के समक्ष अपनी बात रखी। तब उसने कहा कि 50 और लड़कियों को संस्था से जोड़ों तब तुम्हारी सैलरी 50 हजार कर दी जाएगी। पीड़िता का आरोप है कि मुजफ्फरपुर में रहते हुए भी तिलक सिंह ने उसके साथ जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाये थे। उस दौरान वह गर्भवती भी हो गई थी। तब तिलक सिंह ने उसका एबॉर्शन करवा दिया था। इस बीच कंपनी के चीट फंड होने का उसे एहसास हो गया तब उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराना मुनासिब समझा। क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि जैसे उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया गया है, वैसे किसी अन्य लड़कियों के साथ यह खिलवाड़ जारी रहे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। विदित हो कि मुजफ्फरपुर बालिका कांड में भी बालिकाओं के शोषण की बात सामने आयी थी।

### हॉस्टल में पुलिस ने छापेमारी की, कई लड़कियों को छुड़ाया

पीड़ित लड़की ने बताया कि वह 50 और लोगों को जोड़ने में असमर्थ है, तो उस पर दबाव बनाया गया और उसके मोबाइल के सभी कांटेक्ट लिस्ट के हिसाब से लोगों को जोड़ने की नसीहत दी गई और तब तक वह कंपनी की असलियत से वाकिफ नहीं थी और पैसे की लालच में अपने मोबाइल के सभी कॉन्टेक्ट लिस्ट के हिसाब से लोगों को कंपनी से जोड़ना शुरू किया। इसी बीच अहियापुर स्थित संस्था के कथित दफ्तर और एक हॉस्टल पर पुलिस की छापेमारी हुई और वहां से बहुत सी लड़कियों को पुलिस ने छुड़ाया भी था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि तिलक सिंह ने उसके साथ जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया था। इस दौरान वह गर्भवती भी हुई। इस बात की भनक जब तिलक सिंह को लगी तो उसका जबरदस्ती गर्भपात भी करा दिया गया और जब जब मायके जाने की जिद की तो उसे जबरदस्ती मारपीट कर चुप कर दिया जाता था। बाद में तिलक सिंह अपने सहयोगियों के साथ आया। इसके बाद दो सौ रुपये का नोट देकर नसीहत दी। तुम मायके जाना चाहती हो तो आजाद हो जाओ। पीड़ित लड़की ने आरोप लगाया कि इस चिटफंड कंपनी में 180 लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर फंसाया गया था।

## नीट-2024 परीक्षा की जांच कर रही है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, सीएम ने दी चेतावनी

# पेपर लीक या नौकरी में फर्जीवाड़ा किया तो पूरी जिंदगी सलाखों के पीछे कटेगी: नीतीश

- शिक्षा विभाग में करीब दो लाख पद पड़े है रिक्त
- स्वास्थ्य विभाग के 65 हजार पदों पर होगी बहाली



**केटी न्यूज/पटना**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से ली गयी नीट-2024 परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर पूरे देशभर में मचे हंगामे के बीच बिहार सरकार ने बड़ा एलान किया है। बिहार सरकार ने कहा है कि वह किसी भी नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक या दूसरी गड़बड़ी को रोकने के लिए बेहद ही सख्त कानून बनाने जा रही है। कानून ऐसा होगा कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों की रूह कांप जायेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज इस संबंध में अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बिहार में इस साल बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरी दी जानी है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह से दुरूस्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अपने अधिकरियों को कहा है कि नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहे। ऐसी परीक्षाओं में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो और और प्रश्नपत्र लीक न हो। इसके लिए एक सख्त कानून बनाया जाना चाहिये। सीएम ने कहा कि बिहार सरकार के अधिकारी कानूनविदों से राय लेकर सख्त कानून बनायें और विधानसभा के अगले सत्र में इस प्रस्ताव को लाया जाये। विधानमंडल से कानून पारित कराकर इस तत्काल लागू किया जाये। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से हाल ही में जारी हुए नीट-2024 रिजल्ट में बडे पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। इस परीक्षा में पहली बार ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक पर कुल 67 स्टूडेंट रहे हैं। आरोप है कि इनमें 16 स्टूडेंट्स के रोल नंबर आसपास थे। हरियाणा, यूपी, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक के टॉपर्स के मामले में यह गड़बड़ी सामने आई है। बिहार और गुजरात से नीट परीक्षा के पेपर लीक की भी बात सामने आयी है।

### नीतीश का ऐलान...अगले एक साल में मिलेगी युवाओं को 12 लाख नौकरियां

**पटना।** सूबे के मुखिया नीतीश कुमार ने सबसे बड़ा एलान कर दिया है। नीतीश ने कहा है कि बिहार सरकार अगले एक साल में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देगी। नीतीश ने आज अपने अधिकारियों को कहा है कि वे मिशन मोड में यानि युद्धस्तर पर काम करें और अगले साल के मार्च तक 12 लाख नौकरी देने का काम पूरा कर लें। नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, मुख्य सचिव, विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ बैठक की है और अगले एक साल में टारगेट पूरा करने का लक्ष्य दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने 15 दिसंबर, 2020 से लागू सात निश्चय पार्ट- 2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। सरकार ने अबतक 5 लाख, 16 हजार लोगों को नौकरी दी जा है। एक लाख, 99 हजार पदों पर सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। ऐसे एक लाख, 99 हजार लोगों को अगले तीन महीने में नियुक्ति पत्र वितरित कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों ने दो लाख, 11 हजार नई नियुक्तियों के लिए परीक्षा लेने वाले आयोगों को प्रस्ताव भेज दिया गया है। वहीं, दो लाख, 34 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विभिन्न आयोगों को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया चल रही है। एक महीने के भीतर दो लाख, 34 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेज दिये जाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह कुल 5 लाख, 17 हजार सरकारी सेवकों की नियुक्ति के लिए विभिन्न आयोगों को अधियाचना भेजी जा चुकी है या प्रक्रियाधीन है। इन सारी नियुक्तियों को साल 2024-25 तक पूरा करने का टारगेट दिया गया है।

## भीषण गर्मी के कारण आठवीं कक्षा तक सभी स्कूल बंद

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। आसमान से आग बरस रहे हैं। पटना समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई लोग लू लगने से बीमार पड़ रहे हैं। पटना और गया में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन सभी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि 18 और 19 जून तक उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की सूचना मिली है। इसलिए 19 जून तक सभी स्कूल में आठवीं कक्षा तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाया गया पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि उष्ण लहर के कारण छात्रों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए आठवीं कक्षा तक स्कूल में पढ़ाई 19 जून तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इस अवधि में अपने कार्यालय कार्य कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं के संचालन की छूट होगी। 19 जून तक प्रभावी रहेगा। गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने 18 जून से 19 जून तक जिले के सभी सरकारी एव निजी विद्यालयों के वर्ग एक से आठ कक्षा तक पठन पाठन कार्य को बंद कराने का आदेश दिया है। साथ ही सभी कोचिंग संस्थानों को भी बन्द रखने का आदेश दिया है। सभी आंगनबाड़ी सेन्टर भी उक्त अवधि तक बन्द रहेंगे। जिला पदाधिकारी गया ने जिलेवासियों से अपील किया है कि आपदा विभाग द्वारा हीट वेव को लेकर जारी किए गए एडवाइजरी को पूरी तरह पालन करें।




## पटना में हादसा, महिला की मौत, पांच लोग घायल

**पटना।** पटना में हुये सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये है। घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि एक ऑटो पर सवार पांच लोग दानापुर से मनेर जा रहे थे। वहीं तेज रफ्तार से ईंट लोड ट्रैक्टर दानापुर की तरफ आ रहे थे। आरा गोलंबर के नजदीक ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो बीच सड़क पर पलट गया और उसमें सवार तीन महिला दो पुरुष घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गईपुलिस ने दोनों गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिय। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाना और दानापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक महिला की पहचान किस्मतया देवी के रूप में की गई है।

## मुजफ्फरपुर में उत्तर प्रदेश से तस्करी कर लाई गई 895 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के आदम छपरा गांव में पानी टंकी के समीप मक्के के खेत से शराब की बड़ी खेप पकड़ी गयी है। शराब उस समय पकड़ी गई जब अनलोडिंग हो रहा था। मौके से एक मालवाहक पिकअप, एक ऑल्टो कार व एक बाइक पर लोड 895 लीटर विदेशी शराब जब्त की गयी है. पुलिस टीम ने रामपुर हरि मोथहा फकिराना निवासी शराब धंधेबाज मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य शराब माफिया फरार चल रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। नगर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-टू विनिता सिन्हा ने बताया है कि एसएसपी राकेश कुमार के निर्देश पर जिले में शराब माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान अहियापुर थाने में तैनात दारोगा बिट्टू कुमार गश्ती में थे।




इस बीच आदम छपरा गांव में पानी टंकी के समीप खेत में शराब की खरीद- बिक्री की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने इसकी जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस टीम ने आदम छपरा गांव में की घेराबंदी की। इस दौरान देखा कि मकई की खेत में एक बाइक, कार व पिकअप खड़ी है। छह सात की संख्या में लोग खड़े हैं। शराब की पेटी वाहन पर लोड कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम जैसे ही नजदीक पहुंची कि गाड़ी की रौशनी को देखकर सभी शराब धंधेबाज खेत के रास्ते मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों वाहनों पर लोड 895 लीटर विदेशी शराब जब्त किया है। मामले में अहियापुर थाने में विशेष उत्पाद अधिनियम में आठ धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह पहले से ही रामपुर हरि थाना में 21 अगस्त 2023 शराब बरामदगी के केस में चार्जशीटेड है। वहीं, उसका साथी नंदू राय का भी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

## 18 जून के बाद मौसम विभाग ने तेज बारिश होने की संभावना जतायी

# हीट वेव से 24 घंटे में 13 की मौत, 19 तक लू चलने की चेतावनी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार वासियों को मानसून के लिए अभी दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। 19 जून से बिहार में आकाश में बादल छाएंगे और मानसून प्रवेश करने की संभावना बताई जा रही है जबकि 20 जून से प्रदेश में कई जिलों में बारिश होने के आसार हैं। पिछले कई दिनों से लगातार पूरा बिहार भीष्म उष्ण लहर और उष्ण लहर की चपेट में है। आग बरस रहे आसमान से आमजनों के साथ पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, और जानवर तक परेशान हैं। बारिश के बिछड़ते इस मौसम में खेतों में दरार पड़ते जा रहे हैं। खेती की समय सीमा एक सप्ताह शेष रह गई है। अगर ऐसी स्थिति में मानसून बिहार में प्रवेश नहीं करती है तो किसानों को अपने धन के बीज रोकने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है और किसान खेती कार्य में पिछड़ सकते हैं। कुछ किसानों का यह मानना है कि अपनी बोरिंग से वह अपने खेत में पानी का पटवन करके धान का बीज तो डाल चुके हैं लेकिन, तेज धूप और भीषण उष्ण लहर के कारण धान के पौधे जलने लगे हैं। मौसम विश्लेषण के अनुसार दक्षिण पश्चिम भाग के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल जिले में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस जबकि दक्षिण



मध्य भाग के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है। पटना, गया, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, जहानाबाद, अरवल में भीषण उष्ण लहर का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सारण, सीवान, वैशाली, शेखुपरा, बेगूसराय, समस्तीपुर और नवादा में उष्ण लहर का ऑरेंज अलर्टी जारी किया गया है।

**इन इलाकों में मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती:** विगत 24 घंटे के दौरान राज्य के उत्तर पूर्वी भाग के कुछ हिस्सों पर मेघ गर्जन के साथ मध्यम स्तर की वर्षा हुई। राज्य के दक्षिणी पूर्वी एवं दक्षिणी पश्चिमी भाग के एक या दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। बाकी भाग शुष्क बना रहा। राज्य के शुष्क बने हिस्सो का तापमान कई जगह 40 डिग्री सेंटीग्रेड से ज्यादा रहा। प्रदेश में कई जगह भीष्म उष्ण लहर की स्थिती बनी रही। वायु की दिशा जमीनी स्तर पर औसतन दक्षिण पश्चिम और पश्चिमी बनी हुई है मौसम का पूवार्नुमान इस प्रकार है। राज्य के पूर्वी भाग में मेघ गर्जन के साथ 24 घंटे के दौरान मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। वहीं बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, पटना, गया, छपरा, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, अरवल और भोजपुर ऊष्ण लहर के आसर हैं। अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। उसके बाद तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। बिहार में मानसून 5 से 6 दिनों के बाद उत्तर पूर्व विभाग से प्रवेश करेगा उसके बाद धीरे-धीरे प्रदेश में मानसून का असर दिखाएं परने लगेगा।24 घंटे के अंदर हीट वेव से 13 लोगों की जान चली गयी है। औरंगाबाद में 5, सारण में 3, गया में 3, रोहतास में 1 और भोजपुर में 1 की मौत भीषण गर्मी और लू के कारण हो गयी है। औरंगाबाद में जिन पांच की मौत हीट वेव से हुई है ।



# बदहाल व्यवस्था : जिले के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की घोर कमी, रिक्त हैं कई पद

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में डॉक्टरों की घोर कमी है। सदर अस्पताल से लेकर प्रखंड में संचालित सीएचसी तक सामान्य से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से मरीजों का इलाज बाधित हो रहा है। जबकि राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए है। वही जिले के जनप्रतिनिधियों के मुंह पर भी ताला लग गया है। डॉक्टरों की कमी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले में सामान्य चिकित्सकों के कुल 123 पद स्वीकृत है, जिनके मुकाबले मात्र 86 डॉक्टर ही अपनी सेवाएं दे रहे है। जबकि

**आरटीआई से हुआ खुलासा**

- 85 के मुकाबले 16 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात, सामान्य चिकित्सकों के भी 37 पद रिक्त
- छुट्टी पर चल रहे 16 में से 10 डॉक्टर

37 पद रिक्त पड़े है। वही विशेषज्ञ चिकित्सकों का तो और टोटा है। विशेषज्ञ चिकित्सों के कुल 85 पद सृजित है, जिनमें 699 रिक्त पड़े है तथा वर्तमान में 16 चिकित्सक विभिन्न अस्पतालों में तैनात किए




गए है। लेकिन इनमें से भी 10 चिकित्सक लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे है। जिससे जिलेवासियों को सिर्फ छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा ही मिल रही है। इस बात का खुलासा आरटीआई से हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता तथा डुमरांव प्रखंड के नंदन गांव निवासी हरेकृष्ण यादव द्वारा मांगी गई सूचना के तहत स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी है। बता दें कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की घोर कमी के कारण गरीब परिवार के लोगों को अपना इलाज कराने के लिए मजबूरन झोला छाप डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है। क्योंकि बड़े अस्पताल में जाने के लिए उनके पास पर्याप्त धनराशि नहीं होती है। जहां वह अपने शारीरिक कष्ट का इलाज करा सके।

**ड्यूटी से गायब रहते है डाक्टर :** डॉक्टरों की घोर कमी के अलावे सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर अक्सर गायब रहते है। इस कारण भी मरीजों का इलाज बाधित होता है। इसके अलावे डॉक्टर अपनी सेवा देने में भी आनाकानी करते है। अक्सर मरीजों के परिजनों की ओर से डॉक्टर की कमी को लेकर हंगामा की बात सामने आते रहती है। स्वास्थ्य विभाग या प्रशासनिक अधिकारियों की जांच के दौरान अक्सर सरकारी अस्पतालों से डॉक्टर गायब मिलते है। वहीं, दूसरी ओर डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में रोस्टर के अनुसार पांच डॉक्टर की ड्यूटी लगायी जाती है। वहां जांच में एक या दो डॉक्टर में मरीजों को इलाज करते हुए मिलते है। गायब रहने वाले डॉक्टरों से शोकॉज पूछा जाता है। उसका असर उनपर कुछ नहीं पड़ता है। जानकार लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि डॉक्टरों की मांग के लिए कोई भी प्रयास नहीं करते है। जो पार्टी सत्ता में थी। उस पार्टी के स्थानीय सांसद केंद्र में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री थे। वह भी इस कमी को दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किये। यहां की जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

| अस्पताल | स्वीकृत | कार्यरत |
|---|---|---|
| | विशेषज्ञ/सामान्य | विशेषज्ञ/सामान्य |
| सदर अस्पताल, बक्सर | 17/12 | 08/14 |
| अनुमंडल अस्पताल, डुमरांव | 16/09 | 05/09 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजपुर | 06/05 | 01/03 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिमरी | 06/05 | 01/03 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्रह्मपुर | 06/05 | 0/04 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नावानगर | 06/05 | 0/1 |
| पीएचसी सदर, बक्सर | 04/03 | 0/03 |
| पीएचसी, चौसा | 04/03 | 0/03 |
| पीएचसी, इटाढ़ी | 04/03 | 0/03 |
| पीएचसी, डुमरांव | 04/03 | 0/02 |
| पीएचसी, चौगाई | 04/03 | 0/02 |
| पीएचसी, केसठ | 04/03 | 0/01 |
| पीएचसी, चक्की | 04/03 | 01/03 |
| अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 0/56 | 0/31 |
| जिला स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारी | 0/05 | 0/04 |

### इटाढ़ी धनसोई मार्ग पर बकसड़ा गांव के पास हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

# दुर्घटना : जेसीबी से टकरायी बाइक, सवार दंपति घायल; इलाज के दौरान पति की मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर-दिनारा मार्ग पर इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बकसड़ा मोड़ के समीप जेसीबी से बाइक टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दंपति बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया गया। जहा इलाज के दौरान 32 वर्षीय पति की मौत हो गई, वही, 28 वर्षीय महिला जीवन व मौत से जूझ रही है। वही, जेसीबी का चालक मशीन छोड़ फरार हो गया। घटना सोमवार की सुबह 11 बजे की है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनारा निवासी पप्पू कुमार उर्फ बादल अपनी पत्नी साक्षी को बाइक पर बैठाकर बक्सर से दिनारा की तरफ जा रहे थे। वे किसी कार्य से बक्सर आये थे। इसी दौरान बकसड़ा मोड़ के समीप उनकी बाइक जेसीबी से टकरा गई। जिससे कि दंपति बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल पप्पू कुमार की मौत हो गई।



चिकित्सकों ने बताया की मृतक की पत्नी का इलाज चल रहा है। जिसकी हालात चिंताजनक बताई जाती है।

वहीं, घटना के संबंध में इटाढ़ी थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाई। जहा गम्भीर रूप से घायल पप्पू कुमार उर्फ बादल की मौत हो गई। जबकि, उनकी पत्नी का इलाज किया जा रहा है। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। वही जेसीबी को जब्त कर उसके मालिक व चालक का पता लगाया जा रहा है।

### नया भोजपुर के युवक की इलाज के दौरान मौत

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज में सोमवार को एक युवक सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नया भोजपुर गांव निवासी नागेन्द्र सिंह के 21 वर्षीय पुत्र राजू कुमार सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह टुड़ीगंज गांव में जाने वाली सड़क के किनारे अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके बाद बगल में एक मकान के बरामदे में युवक को लोग सुला दिए इस बात की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने युवक को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल ले गई जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं मिली है।

## महरौरा तालाब में किशोरी की डूबने से मौत

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के महरौरा गांव स्थित शिव मंदिर तालाब में नहाने के दौरान 15 वर्षीय एक किशोरी गहरे पानी में डूब गई। तालाब के आसपास मौजूद ग्रामीण गोताखोरों ने आनन फानन में उसकी तलाश शुरू की और थोड़ी देर में ही उसे बाहर निकाल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका की पहचान स्थानीय गांव के किनू राय की पुत्री सोनु कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह सुबह में अपने कुछ दोस्तों के साथ महरौरा शिव मंदिर के पास स्थित तालाब में नहाने गई थी। नहाने के दौरान ही वह डूबने लगी। उसके साथ नहा रही



लड़कियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद लड़कियों ने ही शोर गुल मचा आसपास में मौजूद गोताखोरों को इसकी जानकारी दी। करीब चार-पांच युवक उसे बचाने के लिए तत्काल तालाब में उतरे और थोड़ी देर में ही उसे बाहर भी निकाल लिया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उसकी मौत पर परिवार के लोग बिलख पडे। तालाब पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। परिजनों के क्रंदन चित्कार से महरौरा शिव मंदिर के पास का माहौल गमगीन हो गया था। जबकि अनुमंडलीय अस्पताल में भी स्वजन देर तक रोते विलखते रहे। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है।

## अब बाइक पर फर्राटा भरेगी डायल 112 की पुलिस, डुमरांव थाने को मिली चार बाइक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस को विदेशी कॉप जैसी दिखने वाली स्टाइलिश बाइक मिली है। इस लेटेस्ट बाइक से घटनास्थल पर पुलिस चंद मिनटों में पहुंच जाएगी। पुलिस विभाग की ओर से डुमरांव पुलिस को डायल 112 की चार बाइकें दी गयी हैं।शहरी क्षेत्र की गलियों में गश्त और जनता की त्वरित कार्रवाई तथा बैंक चेकिंग करने हेतु बाइक को उपलब्ध कराया गया है। इससे शहरी क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस की उपस्थिति और बेहतर ढंग से बनी रहेगी और जहां चार पहिया वाहन नहीं पहुंचेगा, वहां यह बाइक पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करेगी।

वहीं, पुलिस की मौजूदगी सड़कों पर दिखेगी। तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने से अपराध को रोकने में मदद मिलेगी। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी तरह की अपराध,




- **अपराध और अपराधियों पर कसेगा शिकंजा**

दुर्घटना जैसे कोई घटनाओं के लिए डायल 112 से संपर्क कर पुलिस की मदद ले सकते हैं। तंग गलियों में पहुंचने के लिए फोर व्हीलर को काफी परेशानी होती है, वैसे क्षेत्र में टू व्हीलर आसानी से पहुंच जाएगा। इन बाइकों की पुलिस आधुनिक संसाधनों से लैस है। इस बाइक में हूटर जीपीएस सिस्टम के साथ कई सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गये हैं। उन्होंने बताया कि महानगरों की तर्ज पर डुमरांव पुलिस भी हूटर बजाते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने का काम करेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन की डायल 112 सेवा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में डायल 112 के तहत बाइक सेवा भी आरंभ की गयी हैं। बता दें कि अक्सर रात के अंधेरे में पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के बाद अपराधी अपनी हाई स्पीड बाइक लेकर तेजी से गली मोहल्ले से भाग निकलते थे। लेकिन अब पुलिस के पास भी ऐसी सुपर कॉप बाइक होने से अपराधियों का भागना मुश्किल हो जाएगा। बाइक मिलने के बाद डायल 112 टीम का उत्साह भी बढ़ गया है।

## जल एवं नदी संरक्षण विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**बक्सर।** स्थानीय गोला घाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर सतीश श्रीवास्तव मनमीत के नेतृत्व में जल एवं नदी संरक्षण विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। संध्या समय में गंगा आरती का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने वर्षा, नदी, कुएं, तालाब के जल को कैसे संरक्षण किया जाए और इसको कैसे प्रदूषण मुक्त बनाया जाए। इस विषय पर प्रकाश डाला और गंगा में कूड़ा-कचड़ा, प्लास्टिक, बोतल एवं अन्य गन्दगी, प्रदूषण न डालने, घाट के आस-पास शौच, मल-मूत्र न त्यागने, घाट को साफ-सुथरा बनाने और अपने-अपने स्तर से पेड़ लगाने की अपील की गई। वहीं लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मानवाधिकार सहायता संघ के डॉ. पी.के पटेल, महिला संगठन के गोविन्द जायसवाल, पिंटू बाबा, चंदन गुप्ता, नंदलाल राज, आनंद गुप्ता, राहुल केशरी, अमन पटेल, सुचित्रा कुमारी, प्रेमा राज एवं अन्य की सहरानीय भूमिका रही।

## निर्जला एकादशी : गंगा स्नान के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को निर्जला एकादशी के मौके पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गंगा घाटों पर उमड़ गई। सबसे अधिक भीड़ रामरेखाघाट पर उमड़ी थी। इसके अलावे अन्य घाटों पर भी निर्जला एकादशी पर श्रद्धालु पहुंचे और गंगा में पावन डुबकी लगाए। स्नान के बाद वे बगैर अन्न-जल के 24 घंटे के उपवास का संकल्प लिए और मंदिरों में जाकर भगवान विष्णु की आराधना किए। पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्लपक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जाना जाता है। यह एक साल के 24 एकादशियों में श्रेष्ठ एवं अक्षय फल प्रदान करने वाली एकादशी होती है। स्नान के पश्चात महिला व्रती एकादशी व्रत की कथा श्रवण कीं। इसके बाद व्रतियों द्वारा पुरोहितों को वैदिक विधि-विधान से अन्न, द्रव्य के अलावा पंखा, छाता, वस्त्र, तरबूज व पके आम आदि फलों के दान दिए गए। ज्येष्ठ माह के शुक्लपक्ष की एकादशी को निर्जला अथवा भीमसेनी एकादशी के नाम से जाना जाता है. इस व्रत में पानी पीना वर्जित है। आचार्य श्रीकृष्णानंद जी पौराणिक के मुताबिक भीमसेनी एकादशी का निर्जला उपवास के साथ भगवान विष्णु की भक्ति भाव से पूजन-अर्चन करने से व्रती समस्त पापों से मुक्त होकर वैकुण्ठ लोक को प्राप्त करते हैं।

### 40 लाख खर्च कर महरौरा मोड़ से रेलवे पश्चिमी गुमटी तक बनेगा नाला

# डुमरांव को जलजमाव से जल्द मिलेगी मुक्ति, प्राक्कलन तैयार

- **नर्सरी के बाहर व भीतर नहीं जमा होगा पानी**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर में जलजमाव की समस्या से नगरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या झेलते आ रहे हैं। इस समस्या के निदान के लिए नगर परिषद ने मास्टर प्लान बनाकर उसे विभाग में मंजूरी के लिए भेज दिया है। इसी कड़ी में महरौरा मोड़ स्थित कृषि विभाग का नर्सरी भी जलजमाव से पूरी तहर से बर्बाद हो चुका है। इसमें लगे कीमती आम, अमरूद, लीची सहित अन्य पेड़ सूख गए है। उस



सूखे पेड़ को भी काटकर गायब किया जा रहा है। महरौरा मोड़ से लेकर पश्चिमी रेलवे गुमटी तक नाला बनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की नाला बनाने के लिए 40 लाख का प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेज दिया गया है।

बता दें कि इस नर्सरी को वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज पौधों के अनुसंधान करने के लिए हस्तांतरित करा चुका है। हस्तांरित होने के तीन साल बाद भी जलजमाव के कारण इसमें अनुसंधान प्रारंभ नहीं हो सका है। महरौरा मोड़ से पश्चिमी रेलवे गुमटी तक नाला बन जाने से प्रखंड कार्यालय, महरौरा गांव से लेकर स्टेशन रोड के पश्चिमी दिशा में बने घरों में बरसात के दिनों में जो पानी प्रवेश कर जाता है, नहीं करेगा। कृषि कॉलेज पौधा का अनुसंधान शुरू कर विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक की जानकारी देगा। वहीं इस जलजमाव से महरौरा गांव व खिरौली गांव के लोगों को काफी परेशानी होती है। घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। सबसे अधिक परेशानी में खिरौली गांव के लोगों को होती है। इतना ही नहीं खेतों तक पानी पहुंच उसे बर्बाद कर देता है। इस त्राशदी से गांव के लोग लगभग एक दशक से परेशानी झेल रहे हैं। नप चेयरमैन का कहना है कि जैसे ही भेजे गए प्राक्कलन की मंजूरी विभाग से मिलेगा काम शुरू कर दिया जाएगा।

**जलजमाव से उठाना पड़ा है बड़ा नुकसान :** बता दें कि डुमरांव में सेंट्रल नाला के मिस मैनेजमेंट के चलते पिछले तीन वर्षों से जलजमाव की समस्या काफी गंभीर हो गई थी। खासकर साफाखाना रोड से लेकर खिरौली के पीछे तक सैकड़ो एकड़ में सेंट्रल नाला का पानी जमा हो गया था। इसी जलजमाव के कारण स्टेशन रोड के किनारे व महरौरा मोड़ के पास स्थित उद्यान विभाग का बागीचा भी सूख गया था, जबकि खिरौली के किसान रिंकू चौबे का बागीचा भी सेंट्रल नाला के पानी की भेंट चढ़ चुका है। नगर परिषद द्वारा मुख्य पथ स्टेशन रोड के किनारे नाले का निर्माण भी नहीं करवाया गया था। जिस कारण बरसात के दिनों में भी स्टेशन रोड तथा उससे लिंक रोड में जलजमाव की समस्या बढ़ जाती थी। नाला के निर्माण से अब लोगों को जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी। चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि इस साल के अंत तक इस नाले का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### सिमरी व मानिकपुर में मनाया गया आर्ट ऑफ गिविंग डे, बच्चों को किया गया जागरूक



**सिमरी।** सोमवार को सिमरी प्रखंड के स्थानीय दुधीपट्टी व मानिकपुर गांव में इंटरनेशनल आर्ट ऑफ गिविंग डे मनाया गया। यह आयोजन रमन टीम निरंजन निराला की ओर से किया गया था। जिसमें दुधीपट्टी गांव स्थित कोचिंग संस्थान के 200 छात्रों व मानिकपुर गांव में संचालित कोचिंग संस्थान के 300 छात्र छात्राओं के शिक्षण एवं अन्य सामाग्री का वितरण के साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान निरंजन निराला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग डे हर साल विश्व में 17 मई को मनाया जाता हैं। लेकिन भारत में आम चुनाव के कारण 17 जून को मनाया जा रहा हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों को एक दूसरे को मदद करने को सिखाया और कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग का मतलब कोई आर्थिक मदद करना नहीं है। यह मदद किसी भी स्वरूप में कि जा सकती है। इसका उद्देश्य लोगों के बीच सुख, शांति और सद्भाव बनाने के लिए है। साथ ही आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी हैं, शिक्षा के बिना यह मानव जीवन बिल्कुल ही अधूरा है। शिक्षा वह साधन है, जो व्यक्ति को सफल और महान दोनों बनाता है। इस मौके पर रामनाथ प्रसाद, संतोष साह, कुमार चंदन, पवन तिवारी, बिजेंद्र यादव, सुनील यादव, सन्नी, मन्नू, निखिल, नीतीश, अनिल, अमित सहित कई मौजूद थे।

### मारपीट में कई जख्मी, आठ नामजद

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव व बड़का ढकाइच गांव के दो लोगों के बीच किसी बात पर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग शामिल हो गए, जिन्हें चोट भी लगी है। इस संबंध में दोनों पक्षों के आवेदन पर कुल आठ लोगों को नामजजद किया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में एक पक्ष द्वारा आरोप लगया गया है कि रविवार को जब अपने घर बड़का ढकाइच से बाइक पर सवार केन में दूध लेकर डुमरांव जा रहे थे कि इसी बीच पटना बक्सर एन एच 922 के लेवाड़ स्थित शिव मंदिर के पास बाइक रोक कर लाठी डंडे, खंती से मारपीट कर लोग जख्मी कर दिए जख्मी दीपक दूबे के बयान पर कमलेश यादव, अजित यादव, अमित यादव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष की एक महिला द्वारा आरोप लगया गया है कि शनिवार को मेरा पुत्र डुमरांव से जमीन रजिस्ट्री कराकर घर लौट रहा था, इसी दौरान कन्या म. वि. के पास बाइक रोक कर लोगों ने उसे लाठी, डंडे लोहे की रड से मारपीट कर जख्मी कर दिया। महिला के बयान पर कुल पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### आभार यात्रा के तहत बक्सर पहुंचे भाजपा



### प्रत्याशी, कार्यकताओं का जताया आभार

**बक्सर।** आभार यात्रा के तहत एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सह बिहार प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी सोमवार को बक्सर विधानसभा के कार्यकताओं तथा मतदाताओं को धन्यवाद दिया। वे बक्सर के निजी मैरेज गार्डेन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बन गई है। जो भाजपा कार्यकताओं व मतदाताओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों से बीते हुए लोकसभा चुनाव का फिड बैंक लिया। चुनाव में कहां कहां चुक हुई जिसके चलते जीती बाजी हमलोग हार गये, इसकी गहन समीक्षा और अध्धयन किया गया। उपस्थित कार्यकताओं ने भी बारी बारी से अपने द्दष्टिकोण से पार्टी के प्रदेश महासचिव को अवगत कराया। श्री तिवारी ने भी चुनावी हार पर मंथन करते हुए उपस्थित कार्यकताओं से छोटी से छोटी बातों को सामने रखकर अगला चुनाव में किस तरह तैयार रहें की पार्टी को हार का सामना न करना पड़े। इसी समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने कहा कि मैं कही और जाने वाला नही हुं, अब मैं पूर्ण रुप से बक्सर का हो गया हुं। आगामी विधानसभा चुनाव में बक्सर लोकसभा के सभी 6 विधानसभा सीट को जीतना ही सभी एनडीए कार्यकताओं का लक्ष्य होना चाहिए, इसकी शुरूआत हम रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव से करेंगे। श्री तिवारी ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजद समर्थक बीएलओ ने बहुत से भारतीय जनता पार्टी के वोटरों का नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिया था ताकि राजद को इसका सीधा फायदा मिल सके और जिला प्रशासन ने सेंसेटिव बूथ का लिस्ट किसी व्यक्ति विशेष के कहनें पर जारी किया था। बक्सर लोकसभा के विकास के लिए में प्रतिबद्ध हूं, भले ही मैं चुनाव हार गया लेकिन 4 लाख 8 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने जो मुझपर और भाजपा पर भरोसा और विश्वास जताया है उनके लिए मैं हर पल, सदैव तैयार और तत्परता पूर्वक खड़ा रहूंगा। एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए राजद ने चार पांच निर्दलीय को खड़ा कर फंडिंग किया गया जिससे की भाजपा का 71000 हजार वोट कट गया और जीता हुआ सीट हम हार गये।आभार सभा को सम्बोधित करते भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने भी कहा कि बक्सर लोकसभा से एनडीए की हार कार्यकताओं सहित मतदाताओं की हार है। उन्होंने ने पार्टी में संगठन की भूमिका पर भी चर्चा करते हुए कहा कि जिस जिस बूथ पर हमारी पार्टी की हार हुई है उसकी सारी जिम्मेदारी हमारी है और जिस जिस बूथ पर पार्टी बिजयी हुई है उसका सारा श्रेय आप सभी कार्यकताओं को जाता है।

## बकरीद पर अकीदतमंदों ने अदा की नमाज, एक दूसरे से गले मिल दी बधाई; अल्लाह की राह में दी कुर्बानी

# प्यार, त्याग और बलिदान का पर्व है ईद-उल-अजहा

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुसलमानो का दूसरा ईद, ईद-उल-अजहा मोहब्बत व त्याग का पर्व है। इस पर्व पर अल्लाह से बेपनाह मोहब्बत करने वाले उसके हुक्म पर उसके राह में कुबार्नी देते है। जो मोहब्बत व त्याग की पहचान देता है। सोमवार को ईद उल अजहा का पर्व जिले के विभिन्न जगहों पर हर्षोल्लास के उमंग में मनाया गया। जहा पर्व पर विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमंदों द्वारा नमाज अदा की साथ ही अमन-चौन की दुआ मांगी। वही, नमाज बाद एक-दूसरे गले लगा बधाई दी गई। ईद-उल-अजहा को लेकर शहर और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जहा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा।

पर्व को लेकर मुस्लिम बहुल बस्तियों में काफी चहल पहल थी। अकीदतमंद सुबह से ही बकरीद की तैयारियों में जुटे हुए थे। जहा घरों की सफाई के बाद बच्चे-बूढ़े, नौजवान बकरीद की नमाज अदा करने के लिये जिले के विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों के लिए निकले व नमाज अदा की।

**हज की समाप्ति पर मनाया जाता है ईद-उल-अजहा :** मुस्लिम सम्प्रदाय के पर्व में खास ईद का त्यौहार है। वर्ष में दो ईद होती है। एक ईद-उल-फित्र जिसे मीठी ईद भी कहते है। दूसरा ईद-उल-अजहा जिसे बकरीद कहते है। यह पर्व खास है जहा नमाज अदा कर मुस्लिम भाई कुरबानी देते है। ईद-उल- फित्र का पर्व एक माह के रमजान के बाद मनाया जाता है। जबकि ईद उल अजहा का पर्व हज की समाप्ति पर मनाया जाता है। कचहरी मस्जिद के इमाम मुफ़्ती मो.असगर रजा ने बताया कि इस्लाम धर्म में जिलहिज्ज के महीने में मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा का पर्व पैगम्बर हजरत इब्राहिम से कुबार्नी देने की परम्परा से शुरू की गई। कुबार्नी का पर्व प्यार, त्याग व बलिदान का प्रतिक है। पैगम्बर इब्राहिम ने अल्लाह के दिखाए सपने, हमारी राह में अपनी सबसे अजीज व प्यारी चीज को कुर्बान करो। हजरत इब्राहिम ने अपने पाले जानवरो की कुबार्नी दी थी। लेकिन अल्लाह ने उनसे अपनी प्यारी चीज कुर्बान करने को कहा, तो उन्होंने सबसे अजीज अपने बेटे को कुबार्नी देने की ठान ली। उन्होंने अल्लाह से बेपनाह मोहब्बत में अपने प्रिय बेटे की त्याग करने चले। अल्लाह उनकी प्यार व त्याग की परीक्षा में बेटे की जगह दुम्बा को लिटा दिया। तब से यह प्यार त्याग व बलिदान का पर्व मनाया जाता रहा। यह पर्व इंसानो के लिए अल्लाह से मोहब्बत व विश्वास करने की सीख देती है। वही त्याग को भी दशार्ता है।

**बकरीद पर प्रशासन रहा चुस्त-दुरुस्त :** बकरीद पर्व पर जिल प्रशासन व बक्सर पुलिस पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त दिखी। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देशों तहत मस्जिदों सहित शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस बलों सहित दंडाधिकारियों और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। स्थानीय मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदायगी के दौरान पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गयी थी। जिलामुख्यालय समेत पूरे जिले के मस्जिदों व चौक-चौराहों पर बतौर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल के जवान तैनात रहे। अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा व डीएसपी धीरज कुमार, नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, रेडक्रास सचिव श्रवण तिवारी ने शहर के बड़ी मस्जिद पहुंचकर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही अन्य सभी मस्जिदों का भ्रमण करते रहे।



डुमरांव स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

## अमन की दुआ के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ बकरीद की नमाज पढ़ी। दरअसल, अहले सुबह से नये कपड़े पहन तथा इत्र लगा तैयार होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में पहुंचे और नमाज अदा की। उसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा त्योहार की बधाई दी। इस दौरान बच्चे, युवा और बुजुर्गों में खासा उत्साह दिखा।

वहीं, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता



### ♦ ईदगाह सहित मस्जिदों में उमड़े नमाजी, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

इंतजाम रहा है। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद कुबार्नी दी गई। नमाज अदा करने से पूर्व मुस्लिम समाज सुबह से ही नये-नये परिधान पहनकर और इत्र लगाकर ईदगाह और मस्जिदों में जमा होना शुरू हो गये। सबसे ज्यादा नमाजियों की चहलकदमी ईदगाह के तरफ होती रही। शहर के हर मोहल्लों से नमाजी ईदगाह की ओर बढ़ रहे थे। नमाज के वक्त ईदगाह सहित शहर के सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इस दौरान मुख्य सड़क पर वाहनों का परिचालन बंद रहा। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया सहित हर गतिविधियों पर नजर बनाये हुए थे। इसके अलावे दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी विभिन्न मस्जिदों पर तैनात किये गये थे। साथ ही पुलिस गश्ती के अलावे चौक-चौराहे तथा नुक्कड़ों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी थी, जो असमाजिक तत्वों पर अपनी पैनी निगाह रख रहे थे।

### @ डुमरांव : विधायक ने दी बकरीद की बधाई

डुमरांव। डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा ने बकरीद के मौके पर शहर के अकीदतमंदो को बधाई दी है। बकरीद की नमाज संपन्न होने के बाद उन्होंने कहा कि यह त्योहार खुदा की राह में कुबार्नी, प्यार, त्याग व बलिदान का त्योहार है। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने मुस्लिम भाईयों के गले मिल उन्हें बकरीद की बधाई दी। मस्जिदों के बाहर बधाई देने के अलावे विधायक कई घरों में जाकर भी बकरीद की बधाई दिए। अपने बीच विधायक को पा मुस्लिम भाईयों की खुशी बढ़ गई थी।

### @ केसठ : पुलिस बल की तैनाती में मना बकरीद का पर्व

**केसठ।** कुबार्नी (समर्पण) का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों व इमामबाड़ों में बकरीद की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद बकरे की कुबार्नी का सिलसिला प्रारंभ हुआ कुबार्नी का यह सिलसिला दो दिन चलेगा। ईदगाहों एवं मस्जिदों में विशेष नमाज के लिए सुबह से लोगों की भीड़ जुटने लगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी।जगह जगह कुबार्नी का क्रम प्रारंभ हुआ और लोग अपने मित्रों के साथ दावतों में व्यस्त देखे गए।प्रखंड के रामपुर, केसठ, किरनी आदि गांवों में बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों में मौलाना साहब द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। इस मौके पर पुलिस के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।वही मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित थे कनीय अभियंता मनरेगा विनोद कुमार और नवानगर पुलिस क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर गश्ति करते नजर आए। इस मौके पर मस्जिद पहुंचे लोगों ने अमन चैन की दुआ के लिए प्रार्थना किए।

### बकरीद की झलकियां....



नमाज अदा करने के बाद लोगों को बधाई देते डुमरांव विधायक।



बकरीद को लेकर सुरक्षा का जायजा लेते डुमरांव एसडीपीओ व अन्य अधिकारी।



केसठ में नमाज अदा करने के लिए जुटे लोग।



डुमरांव में नमाज अदा करते लोग।

## 19 जून तक बंद रहेंगे सभी शिक्षण संस्थान

**बक्सर।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिला दंडाधिकारी सह डीएम अंशल अग्रवाल ने आगामी 19 जून तक जिले के सभी शिक्षण संस्थानों तथा कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों को बंद कर दिया है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इस दरम्यान स्कूल के शिक्षक उपस्थित होकर अपने और कार्यालय कार्य को निपटाएंगे। इस दौरान प्री स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, निजी कोचिंग संस्थान भी बंद रहेंगे। बंद होने की घोषणा से अभिभावकों की चिंता दूर हो गई है।

## शिव चर्चा में पेड़ लगाने एवं दूसरों को प्रेरित करने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/डुमरांव**

वैश्विक शिव शिष्य परिवार द्वारा सोमवार को दीदी नीलम आनंद की 19 वी पूण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर शिव शिष्य परिवार द्वारा डुमरांव के एक निजी हॉल में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा के अलावे सांसे हो रही कम आओ पेड़ लगाए हम विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। शिव चर्चा व संगोष्ठी में जिले के कोने कोने से आए शिव शिष्यों ने भाग लिया। अपने संबोधन में जिला शिव शिष्य कार्य समिति के अध्यक्ष सतीश ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाना तथा उसकी देखभाल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में करीब 3 लाख शिव शिष्य है। भगवान शिव प्रकृति के संरक्षक है तथा हम सबके गुरू भी है। उन्होंने उपस्थित शिव शिष्यों को संकल्प दिलवाया कि अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करने के साथ ही दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावे भी इस संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी ने एक स्वर में अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसकी रक्षा करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से राजू प्रसाद, रविन्द्र गुप्ता, बब्लू राय, ददन प्रजापति, अखिलेश कुमार, उमाशंकर, छोटू, जानकी देवी, मीरा देवी व अन्य मौजूद रहे।






### गाजे बाजे व हाथी घोड़े के साथ निकली कलश यात्रा

# मुंगेश्वरनाथ शिवमंदिर में श्री रूद्र महायज्ञ हुआ शुरू, श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड के प्रसिद्ध मुंगेश्वरनाथ शिवमंदिर परिसर में श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को ले मुंगेश्वरनाथ मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सोमवार की संध्या इस महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे व हाथी घोड़े के साथ निकली कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बक्सर के रामरेखा घाट पहुंचा, जहां मोक्षदायिनी मां गंगा का पवित्र जल भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। मंगलवार को वैदिक विधान से पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश कराया जाएगा। इसके पहले यज्ञाचार्य पंडित संजय ओझा के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा मुख्य कलश की विधिवत पूजा की गई।

शोभा यात्रा में शामिल महिला व पुरूष शुभ वस्त्र धारण किए थे, उनके माथे पर रखा कलश आकर्षक लग



### ♦ आज वैदिक विधान से कराया जाएगा पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश

रहा था। महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीत माहौल को भक्तिमय बना रहा था। भीषण गर्मी व लू के बीच इस शोभा यात्रा को लेकर श्रद्धालु भक्तजनों में अदम्य उत्साह और श्रद्धा भक्ति का माहौल देखने को मिला। महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं में कलश लेने की होड़ मची रही। इस महायज्ञ के आयोजन से गांव में उत्साह व्याप्त है। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महायज्ञ में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वही महायज्ञ को संपन्न कराने को लेकर प्रसिद्ध प्रवचनकताओं और वैदिक पंडितों का आगमन हुआ है। मंगलवार से ही मंडप परिक्रमाह भी शुरू हो जाएगी। इस महायज्ञ में शामिल होने के लिए मुगांव के साथ ही आस पास के ग्रामीण भी तत्पर है। बता दें कि बाबा मुंगेश्वरनाथ की कीर्ति दूर दूर तक फैली हुई है। यज्ञाचार्य ने बताया कि महायज्ञ में नित्य भागवत पूजन, प्रवचन एवं भजन संध्या कार्यक्रम होगा। इस महायज्ञ की पूर्णाहूति 24 जून को शिव पार्वती विवाह की झांकी व विशाल भंडारे के साथ की जाएगी।

### केसठ के खरपुरा में तीन दिवसीय रुद्र यज्ञ 25 जून से

**केसठ।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के खरपुरा गांव स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में 25 जून से श्री रूद्र यज्ञ प्रारंभ होगा। इसके तहत जल यात्रा कार्यक्रम 25 जून को, फल यात्रा 26 जून को तथा पूर्णाहुति एवं भंडारा कार्यक्रम 27 जून को होगा। यज्ञ के दौरान अयोध्या से आगंतुक कथावाचक द्वारा कथा प्रवचन कार्यक्रम भी चलेगा। यज्ञ कार्यक्रम का नेतृत्व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से गुड्डू पांडे द्वारा किया जाएगा। उनके द्वारा क्षेत्र के लोगों से अपील किया जा रहा है कि यज्ञ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर यज्ञ को सफल बनाएं।



CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII

ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

REGISTRATION & ADMISSION STARTED

ELIGIBILITY CRITERIA
- DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
- ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.

SCHOLARSHIP SCHEME
- CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (*100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE*) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (*50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE*) FOR BOTH CLASSES XI & XII.

CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY

TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80% · 2nd ANKIT KUMAR 92.60% · 3rd SANJANA KUMARI 92.00%

SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
- English Core - 97
- Hindi Elective - 95
- Physics - 95
- Mathematics - 95
- Biology - 96
- Chemistry - 95
- Accountancy - 95
- Business Studies - 93
- Economics - 94

TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80% · 2nd RUKHSAR NAAZ 95.00% · 3rd SANANDAN DUBEY 94.80%

SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
- English - 94
- Sanskrit - 100
- Hindi - 95
- Mathematics - 100
- Science - 96
- Social Science - 100

INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, *Dr. Jagnarayan Hospital Campus*) on all working days from 08 AM to 2 PM.

8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON

LIMITED SEATS Hurry Up

# ट्रक चालकों से लूट की साजिश रचते दो बदमाश हथियार समेत गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर की बड़हरा थाने की पुलिस ने ट्रक चालकों से लूट की साजिश करते दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार की देर रात बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव स्थित बागीचे से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो देसी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद की गयी है। पकड़े गए अपराध कर्मियों में गीधा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी शशि भूषण राम के पुत्र संजय कुमार और बड़हरा थाना क्षेत्र के मटुकपुर गांव निवासी दिनेश राम के पुत्र सनिश राम शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से फोरलेन पर कई ट्रक चालक लुटने से बच गये।

एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार की रात करीब ढाई बजे सूचना मिली कि कोल्हरामपुर गांव स्थित करिया राय के बागीचे में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में कुछ अपराधी हथियार के साथ जुटे हैं। उस आधार पर उनके नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। टीम बागीचे में पहुंची, तो पुलिस को देख जुटे लोग भागने लगे। हालांकि पुलिस टीम ने खदेड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक कट्टा और गोली बरामद की गयी। मौके से एक बाइक भी जब्त की गयी। पूछताछ में दोनों द्वारा फोरलेन पर ट्रक चालकों से लूटपाट करने के इरादे से जमा होने की बात स्वीकार की गयी। दोनों के आपराधिक इतिहास और अन्य सदस्यों के बारे पूछताछ की गयी। इस मामले में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष पुनि संजय कुमार, पीटीसी राजीव कुमार सिंह, सिपाही सुधांशु कुमार, मन्नु पासवान और होमगार्ड मोहन कुमार शामिल थे। बताते चलें कि आरा छपरा फोरलेन पर आये दिन ट्रक चालकों से लूटपाट की घटनाएं होती रहती है।

## यूपी के लालगंज ओपी क्षेत्र के शिवपुर घाट पर सेल्फी के चक्कर में हुई थी घटना

# गंगा में डूबे भोजपुर के चारों दोस्तों के शव 22 घंटे बाद बरामद, मची रही चीख-पुकार

- बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खरौनी गांव के निवासी थे मृतक
- शव निकाले जाने के दौरान घाट से लेकर गांव तक मची रही हाहाकार

**केटी न्यूज/आरा**

गंगा दशहरा के दिन नहाने के दौरान रील बनाने के चक्कर में गंगा में डूबे चारों दोस्तों का शव बरामद कर लिया गया। करीब 22 घंटे बाद रविवार की सुबह शिवपुर गंगा घाट से चारों का शव बरामद किया गया। एसडीआरएफ टीम की कड़ी मशक्कत के बाद साढ़े सात से नौ बजे के बीच बारी-बारी से चारों शव निकाला गया। बहोरनपुर ओपी पुलिस द्वारा चारों शव का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मृतकों में बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खरौनी गांव निवासी जवाहर गौड़ का 20 वर्षीय पुत्र रामजी गौड़, विदेशी यादव का 20 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार यादव, स्व. लाल बाबू शर्मा का 20 वर्षीय पुत्र निशु कुमार शर्मा और रामा शंकर यादव का 23 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार यादव शामिल थे। चारों स्नातक के छात्र थे।

इधर, बारी-बारी से चारों दोस्तों का शव निकाले जाने के दौरान घाट से लेकर गांव तक हाहाकार मचा रहा। गंगा से शव निकाले जाने के साथ छात्रों के परिजनों की चीत्कार की गूंज भी बढ़ती जा रही थी। उससे माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया था। बता दें रविवार की सुबह गंगा दशहरा के अवसर पर बारा खरौनी गांव के पांच दोस्त शिवपुर घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। नहाने के दौरान चारों सेल्फी लेने लगे और डूब गए। पांचवा दोस्त सुरेश यादव गंगाजल लेने के कारण बच गया। उसके बाद से एसडीएम संजीव कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह व बहोरनपुर ओपी इंचार्ज अभय शंकर सहित अन्य अधिकारी पहुंचे और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। हालांकि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम की काफी मशक्कत के बाद भी रविवार को शव बरामद नहीं किया जा सका था। रविवार को चले सर्च ऑपरेशन में भोजपुर के अलावे पटना के बिहटा और बक्सर के चौसा के एसडीआरएफ की टीम भी लगी थी। पांच-छह स्थानीय गोताखोर भी महाजाल फेंक गोता लगाते रह गये थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। रविवार की शाम भोजपुर को छोड़कर पटना -बक्सर की टीम लौट गई थी। भोजपुर की एसडीआरएफ की टीम रविवार सुबह से शाम और सोमवार सुबह सोमवार को भी नए उत्साह से जुड़ी रही और 3 घंटे के कड़े मशक्कत के बाद उसे सफलता मिली।





### चारों दोस्त की एक साथ निकली अर्थी, तो रो पड़ा पूरा गांव

**आरा।** शिवपुर घाट पर रविवार की सुबह गंगा में डूबे खरौनी गांव निवासी चारों दोस्तों का शव सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही चारों छात्रों के घरों में कोहराम मचा गया। स्थिति उस समय हृदय विदारक हो गई, जब चारों दोस्तों की अर्थी एक साथ निकली। तब पूरा खरौनी गांव रो पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर एक साथ पिकअप से चारों युवकों का शव पहुंचा, तो उनके घरों में चीख-पुकार मच गयी। चारों घरों (दीपू यादव, सोनु कुमार, निशु शर्मा और राम जी गोड़ ) के पड़ोसी के आंखों से आंसू छलक रहे थे। करीब दो बजे एक साथ गांव से चारों युवाओं का शव दाह-संस्कार के लिए गांव से शिवपुर घाट के लिए एक साथ निकलने लगा तो गांव के लोग रो पड़े। सभी का कहना था कि किसी ने नहीं सोचा था कि ऐसा मनहूस समय भी आयेगा। इधर, रविवार की सुबह हादसे की खबर मिलने के बाद से ही गांव का माहौल गमगीन था। दूसरे दिन भी अधिकतर घरों में चूल्हे नहीं जले। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा और गांव शोक में डूबा रहा। बाजार भी पूरी तरह बंद रहा। चाय नाश्ते की दुकानों पर भी सन्नाटा रहा।

### परिजनों से मिले अधिकारी

मृतक चारों युवकों के परिजनों से सोमवार को जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार और डीएसपी राजीव चंद्र सिंह ने मिलकर संवेदना व्यक्त की। अफसरों की ओर से परिजनों हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। मौके पर शाहपुर बीडीओ राकेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर बिहिया रामानंद मंडल और बिहिया थानाध्यक्ष राजेश मालाकार सहित अन्य थे।

### जानलेवा बना रील का शौक

बताया जा रहा है कि दीपू यादव, सोनू कुमार, निशु शर्मा, रामजी गोंड और सुरेश यादव में इतनी गहरी दोस्ती थी कि पांचों अक्सर साथ रहते थे। रविवार को दीपू, सोनू, निशु और रामजी द्वारा गंगा दशहरा पर गंगा स्नान करने का प्लान किया गया। इसी प्लान पर सभी घाट पहुंचे। वहां सुरेश को छोड़ चारों गंगा में नहाने लगे। उस दौरान चारों को सेल्फी लेने और रील बनाने का शौक सवार हो गया। तब तीन दोस्त नहाने लगे, जबकि चौथा रील बनाने लगा। तभी तीनों डूबने लगे। उसे देख रील बना रहा दोस्त बचाने नदी में कूद पड़ा। लेकिन वह भी डूब गया।

## खबरें फटाफट

### विवाहिता के साथ मारपीट कर किया घायल

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कोयली गांव में एक विवाहिता के साथ ससुराल वालों ने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल महिला मुन्नी देवी बताई जाती है। जिसका इलाज रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद थाना क्षेत्र निवासी धनन्जय शर्मा की बहन मुन्नी देवी का मखदूमपुर थाना क्षेत्र के कोयली गांव में विवाह हुआ है। जहां ससुराल के सभी सदस्य मारपीट कर घायल दिया। सोमवार को ही मारपीट कर घायल कर दिया है। वही घटना की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस सहायता वाहन ने घायल महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है।

### लू की चपेट में आने से युवक की मौत

**जहानाबाद।** हुलासगंज थाना अंतर्गत कंदौल गांव में लू लगने से अचानक एक शख्स की मौत की खबर से मातम पसरा गया। परिजनों ने बताया कि पचास वर्षीय कौशलेंद्र उर्फ कोशी पिता रामायण सिंह अपनें मवेशियों को चराने बधार में गया था। अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। हालांकि उस समय बधार में वह अकेले था।बाद में गांव के अन्य लोग जब बधार में पंहुचे तो बेहोश देख परिजनों को सूचना दी साथ ही ईलाज के लिए हुलास गंज सीएचसी में लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# डबल इंजन की सरकार ने किसानों को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी : सुधाकर सिंह

- नटवार खुर्द में महागठबंधन की ओर से सांसद के लिए किया गया स्वागत समारोह का आयोजन
- बोले बक्सर सांसद- जनता ने बेरोजगारी दूर करने की उम्मीद से पुनः नरेन्द्र मोदी को बनाया प्रधानमंत्री

**केटी न्यूज / दिनारा**



रोहतास जिले के दिनारा विधानसभा अंतर्गत नटवार खुर्द में महागठबंधन कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह के लिए स्वागत समारोह आयोजन किया। आयोजित स्वागत समारोह में बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के पहुंचने पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। सांसद सुधाकर सिंह ने किसानों की समस्यायों तथा बेरोजगारी को लेकर एनडीए सरकार पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि जनता ने बेरोजगारी दूर करने की उम्मीद से पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाया है। बिहार में सहित देश में डबल इंजन की सरकार ने किसानी बर्बाद करने की कोई कसर नहीं छोड़ा है। किसानों का आरोप बिल्कुल सही है कि नहरों में पानी नहीं कृषि फिडर में बिजली नहीं समय पर उर्वरक की उपलब्धता नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की इस समस्या के लिए आवाज उठाया है। जल्द ही कुछ समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने एनडीए सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि परेशान किसानों ने एनडीए को झटका इस बार लोकसभा चुनाव में दिया है। लेकिन रोजगार की उम्मीद से जनता ने पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मौका दिया है। उन्होंने कहा कि देश में विकास के नाम पर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। रोजगार के सभी अवसर धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। इससे सभी को बचने की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर दावा किया है एनडीए की सरकार लंबे समय तक चलने वाली नहीं है। जल्द ही यह गिर जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बक्सर लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए जो उन्होंने दावा किया था उसे पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक पांडेय, सासाराम सदर विधायक राजेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद चौबे, इंद्रदयाल चौबे, कमलनारायण चौबे, जितेंद्र पाठक, प्रमोद कुमार पांडेय ने संबोधित किया। मौके पर दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा सद्भाव के साथ संपन्न

**जहानाबाद।** त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा सोमवार को ईदगाह व मस्जिदों में नमाज के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर पटना गया रॉड स्थित ईदगाह शहर के सभी मस्जिदों में प्रखंड के काको, बीबीपुर, अलीनगर पाली, काजिसराय,अब्दाल चक, फिरोजी, नगवां, अमथुआ सहित विभिन्न गांव में सुबह से नमाज अदा की गई। इस मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों व ईदगाह में सामूहिक नमाज अदा करने के उपरांत एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी। नमाज की अदायगी के उपरांत बच्चे मस्जिदों के पास लगाए गए दुकानों से खरीददारी की।

## वरिष्ठ रंगकर्मियों को मिला सोन सम्मान

**डेहरी।** नेट कल साहित्यिक व संस्कृत के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित नाट्य संस्था अभिनव कला संगम ने नाट्य महोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ रंग कर्मियों व कला प्रेमियों को सोन गौरव सम्मान से सम्मानित किया है। समारोह की शुरुआत संस्था के संस्थापक स्वर्गीय शशि श्रीवास्तव के पहले चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। संस्था के संस्थापक रमेश चंद्र गुप्ता की उपस्थिति में बीडीओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी, सोनू झुनझुनवाला, पार्षद श्रवण अटल, संत शर्मा, वरिय पत्रकार जितेंद्र नारायण सिंह आदि ने वरिष्ठ रंग गर्मियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सोन गौरव सम्मान से सम्मानित किया। कला निकेतन धनबाद संस्था के लेखक निर्देशक वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, डाल्टनगंज पलामू मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव वरिष्ठ रंगकर्मी सैकत चटर्जी, धनबाद के रंगकर्मी अनिल सिंह, कला प्रेमी समाजसेवी सोनू सिंह, अरुण सिंह बस्तीपुर, सोनू झुनझून वाला को संस्था द्वारा सोनू गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष कमलेश कुमार व संस्थापक रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ रंगकर्मी सैकत चटर्जी, वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा जैसे रंगकर्मियों ने शुरुआती दौर से ही लगातार अभिनव कला संगम के मंच पर बेहतर नाटक की प्रस्तुति कर संस्था के साथ परिवार से रिश्ता जोड़ा है।

## मलेरिया रोधी माह के तहत सभी प्रखंडों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर किया जा रहा जागरूक

# जून मलेरिया रोधी तो जुलाई डेंगू रोधी माह के रूप में मनेगा

**केटी न्यूज/आरा**




भोजपुर जिला समेत सूबे में जल्द ही मानसून का आगमन होने वाला है। लेकिन मानसून के आने के साथ ही जिले में मच्छर जनित बीमारियों की भी संभावना बढ़ जाती है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अपनी तैयारियों में जुटा गया है। इस क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेष निर्णय पर जून और जुलाई माह में लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का अयोजन किया जाएगा। इसके लिए जून को मलेरिया रोधी माह और जुलाई को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। ताकि लोगों को मलेरिया और डेंगू के लक्षण, इलाज और बचाव संबंधी जानकारी दी जा सके। सिविल सर्जन डॉ. ईला मिश्रा ने बताया कि मानसून के साथ मच्छर जनित बीमारियों की संभावना प्रबल हो जाती है। शहरी के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में बारिश के पानी के कारण जगह जगह जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके कारण मच्छरों को पनपने के अनुकूल माहौल मिल जाता है। ऐसे में लोगों को मच्छरों से बचाने और जागरूक करने के लिए सभी प्रखंडों को निर्देशित किया गया है।

**विभिन्न गतिविधियों का किया जाएगा आयोजन :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार जून को मलेरिया रोधी माह और जुलाई को डेंगू रोधी माह मनाया जाएगा। जिसके तहत जिला स्तर, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जा सके। साथ ही, लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों मसलन डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के लक्षणों की जानकारी के साथ इलाज व बचाव के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा। जिससे लक्षणों के दिखने पर वो तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इन बीमारियों की जांच करा सकें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सदर अस्पताल में मलेरिया और डेंगू की निशुल्क जांच और इलाज उपलब्ध है।

**सहयोगी संस्थानों के संयुक्त अभियान से चलाया जाएगा अभियान :** डॉ. सिन्हा ने बताया कि जिले में मलेरिया रोधी माह और डेंगू रोधी माह के संचालन के लिए सहयोगी संस्थानों का भी सहयोग लिया जाएगा। ताकि, वृहद् स्तर पर लोगों को जागरूक अभियान चलाया जा सके। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग, आईसीडीएस व जीविका के साथ पत्राचार किया जा चुका है। जिनके सहयोग से शहरी के साथ साथ ग्रामीण इलाकों के लोगों के बीच मलेरिया व डेंगू से बचाव की चर्चा करते हुए उन्हें मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने आरोग्य दिवस के अवसर पर भी लाभुकों व उनके परिजनों को मच्छरों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। मलेरिया और डेंगू रोधी माह के तहत नगर निगम क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

## एक नजर

### अकीदत से मना ईद उल अजहा बकरीद

**सासाराम।** रोहतास जिला मुख्यालय स्थित सासाराम में सोमवार को ईद उल अजहा बकरीद अकीदत के साथ मनाई गई। इस दौरान ईदगाहों पर ईद उल अजहा की विशेष नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर सभी जगहों पर जश्न का जैसा माहौल रहा। इस मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, अमन.चैन के साथ बरकत और खुशहाली के लिए दुआ की। सुबह सात बजे से साढ़े दस बजे के बीच अलग-अलग समय पर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। मौके पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। एसडीएम आशुतोष रंजन और एसडीपीओ खुद मौके पर मानीटरिंग करते रहे। जिले में कई स्थानों पर बकरिद पर्व को लेकर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। ईद उल अजहा मुख्य नमाज ईदगाह में अदा की गई। इसके बाद विभिन्न मस्जिदों में भी नमाजियों ने नमाज अदा की। जिला मुख्यालय स्थित चौखंडी, चिकटोली, खिलनगंज मोगलपुरा, जक्की शहीद, शाही मस्जिद मदार दरवाजा, पोस्ते खां, कबरा हसनखां सूरी, अच्छे मियां, नूरनगंज, बाग भाई खां, शाहजलाल पी,ए खानकाह की मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई।

### शांतिपूर्ण माहौल में मना ईद-उल-अजहा

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहर सहित गांवों- कस्बों में सोमवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के मस्जिद समेत विभिन्न ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुबार्नी दी। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने और एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी ईदगाहों में बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल व प्रखंड प्रशासन के द्वारा नमाज के दौरान दंडाधिकारियों तथा पुलिस के जवानों को तैनात किए गए थे।

### मारपीट कर युवक को किया जख्मी

**काराकाट।** काराकाट नगर पंचायत के गोड़ारी में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट का मामला गोड़ारी पुल पर बताया जाता है । मारपीट के मामले में गोड़ारी नगर के चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। गोड़ारी निवासी अजय दुबे पिता भभूती दुबे ने लिखित बयान में बताया है कि मैं बाइक से 28 हजार रुपये अपने मालिक को हिसाब देने बाइक से दिनारा जा रहा था तो गोड़ारी पुल पर गोड़ारी निवासी दीपक सोनी, बिगन सोनी दोनों पिता शंभु सोनी तथा विवेक सोनी , बंटी सोनी दोनों पिता ओम प्रकाश सोनी मारपीट किये मेरा 28 हजार रुपये छीन लिए जब हमारे परिजनों की सूचना मिली पहुंचे तो सभी फरार हो गये ।प्रभारी थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले की जांच जारी है ।जांचोपरांत दोषी को बक्सा नही जायेगा।उधर इस घटना को अपना ब्राम्हण समाज ने लोगों ने निंदा किया है तथा पुलिस से दोषी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग किया है।ताकि इस तरह की घटना पर रोक लगाई जा सके।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के मूंजी गांव के समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया हैं। जबकि ट्रैक्टर चालक मौका देख भागने में कामयाब हो गया। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि सलेमपुर से चिकसिल जाने वाली रोड़ से एक ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से बालू परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर काराकाट सीओ रितेश कुमार व अपर थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे और मूंजी गांव के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया। अपर थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही काराकाट सीओ और अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे जहां पुलिस को देखकर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ भाग निकला ।मौके से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए इस संदर्भ में काराकाट थाने में मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन का दावा है अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा।



केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



बक्सर, 18 जून 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# रवींद्र ने बीजेपी अध्यक्ष संजय व राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी को हार का ठहराया जिम्मेदार

- रवींद्र ने बीजेपी अध्यक्ष को बताया सपा का एजेंट
- राजभर वोटरों पर ओपी राजभर की पकड़ हुई कम
- मुद्दा विहीन रहा 2024 का लोकसभा चुनाव

**केटी न्यूज / बलिया**

सलेमपुर लोक सभा सीट से दो बार लगातार बीजेपी से सांसद रहे रविन्द्र कुशवाहा ने अपने हार का जिम्मेदार यूपी सरकार में देवरिया से राजमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और बलिया के जिलाध्यक्ष संजय यादव को ठहराया है। उन्होंने दोनों लोगों पर मंडल अध्यक्षों से लेकर कार्यकर्ता तक को भड़काने का आरोप लगाया है। जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



कहाकि प्रत्याशियों को हराने के पीछे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को कमजोर करने की साजिश है। ऐसे जिलाध्यक्ष को तुरंत पद से हटा देना चाहिए। यह जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी का एजेंट है। यह जब पांच साल विधायक रहा तो केवल एक विशेष वर्ग के लिए काम किया और अब भी काम कर रहा है।

प्रदेश संगठन की टीम यूपी के सभी हारी हुई सीटों की जांच करने बलिया भी आ रही है।कहाकि करीब 3500 वोट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से चुनाव हार गए। वही मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर कहाकि घोसी में 170000 वोट से उनके बेटे अरविंद का हारना यह दरसाता है कि उनकी पकड़ राजभर वोटरों पर कम हुई है। कहाकि प्रदेश संगठन की टीम बलिया हार की वजह जानने आ रही है। उनके सामने वह पूरी बात बताएंगे। कहाकि 2024 का लोकसभा चुनाव मुद्दा विहीन चुनाव हुआ। इस चुनाव में कोई मुददा नही बन पाया। यही कमी रह गई। इसलिए ऐसा परिणाम आया।

## खबरें फटाफट

### युवक का शव मिलने से सनसनी

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली अंतर्गत युसूसपुर बस स्टैंड के आगे ईट भट्ठे के पास सोमवार को युवक का शव मिलने से आस-पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर जुटे लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। बता दें कि खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने युवक की पहचान मृत सरफराज पुत्र जुल्फेकार कुरैशी- 21 निवासी प्रिंस सिनेमा रोड दर्जी मोहल्ला यूसुफपुर के रूप में किया, जो की पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस तहरीर पर छानबीन में जुटी है। परिजनों का कहना है कि कल सुबह से घर नहीं आया है।

### धान के कटोरे में नहरें सूखी, कैसे पड़े धान की नर्सरी

**चंदौली।** धान का कटोरा कहे जाने वाले जनपद में धान की नर्सरी डालने का समय पूरा हो चुका है, लेकिन आसमान से इन दिनों आग बरस रही है। पारा 46 से पार कई दिनों से बना हुआ है। पानी के अभाव में नहरें सूखी पड़ी हुई हैं, जिससे किसानों के खेतों में धान की नर्सरी डालने का संकट उत्पन्न हो गया है। इस स्थिति में नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों में भारी आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

### चंदौली आएंगे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सांयकाल 4:00 बजे किसान संवाद का सीधा प्रसारण किया जाएगा इसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री जतिन प्रसाद करेंगे। यह जानकारी अभयदीप गौतम ने दी है।

### किशोरी सहित पांच लोगों का शव बरामद

**बलिया।** गंगा दशहरा के अवसर पर स्नान करते समय शिवपुर घाट के दोनों तरफ डूबे किशोरी सहित पांच लोगों का शव गंगा नदी से लगभग 24 घंटे बाद बाहर निकाला गया। पांचों शव का पंचनामा कर किशोरी के शव को जिला मुख्यालय भेज दिया गया। जबकि बिहार प्रांत के चार युवकों को आरा मुख्यालय भेज दिया गया।
गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में डूबी गोपालपुर निवासी अंशु (16) का शव एसडीआरएफ की टीम ने सुबह लगभग पांच बजे बरामद कर लिया। करीब तीन घंटे मेहनत के बाद शव नदी से निकाल पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया।

## चंदौली जिले के नौगढ़ थाना क्षेत्र के गांव का मामला


# शादी समारोह में नाच देखने गई किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या, जंगल में मिला शव

- किशोरी अपनी बहनों से नाच के दौरान पानी पीने की बात कहकर गई थी, उसके बाद नहीं लौटी

**केटी न्यूज/चंदौली**

नक्सल प्रभावित रहे नौगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में अपनी बहनों के साथ नाच देखने गई 12 वर्ष की किशोरी का शव सोमवार को जंगल में अर्धनग्न अवस्था में मिला। उसके शरीर पर चोट के भी निशान थे। किशोरी अपनी बहनों से नाच के दौरान पानी पीने की बात कहकर गई थी। उसके बाद वह नहीं लौटी। सुबह शव मिलने पर ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। उसके पिता ने हत्या और दुष्कर्म की तहरीर दी है। वारदात की जानकारी पर एएसपी, एसडीएम व सीओ ने मौके का जायजा लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट व फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

थाना क्षेत्र के एक गांव में बरात आई हुई थी, इसमें बरातियों के मनोरंजन के लिए नाच गाने का भी प्रोग्राम था। कक्षा सात में पढ़ने वाली एक 12 साल की किशोरी भी अपनी दो चचेरी बहनों को साथ लेकर अपने घर से रात को निकली थी। नाच देखने के दौरान प्यास लगने पर वह पानी पीने गई और उसके बाद से वह अचानक गायब हो गई। उसकी बहनों ने काफी देर तक इधर-उधर खोजबीन किया लेकिन उसका पता नहीं चला। रात में जब किशोरी घर नहीं लौटी तो घर वालों को चिंता हुई, और खोजबीन करना शुरू किया। इस बीच बस्ती के बाहर जंगल के निकट एक खपरैल के मकान के बाहर किशोरी का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों की माने तो मृतका निर्वस्त्र थी और उसके शरीर पर चोट व खरोंच के निशान और प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान मिले हैं। घटना स्थल पर आसपास मिट्टी फैली थी जिससे साफ है कि किशोरी के साथ दरिंदगी कर उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। वारदात के बाद एएसपी अनिल कुमार, एसडीएम आलोक कुमार, सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा, एसओ जीतेन्द्र बहादुर सिंह आदि मौके पर पहुंचे व मामले की जानकारी लेने के साथ ही आरोपियों के बारे में पता करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



नाच देखने के दौरान अपनी बहनों से पानी पीने को कहकर गई किशोरी रात को गायब हो गई। सुबह उसका शव मिला है। उसकी हत्या की गई है। लेकिन दुष्कर्म हुआ है कि नहीं यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। पुलिस धारा 302 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।
-डॉ.अनिल कुमार, एसपी, चंदौली

### लैगी से गला घोंटकर हुई हत्या

सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म करने के बाद दरिंदों ने किशोरी के लैगी से गला घोंटकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने किशोरी के गले में फंसा लैगी बरामद किया है। किशोरी का शरीर खून से लथपथ मिला है और उसके कपड़े फटे मिले हैं मौके पर देखने से यह लगता है कि किशोरी को दूर तक घसीटा गया है, उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई है। मौके पर जुटे ग्रामीणों में चर्चा थी कि एक अकेला कोई इस वारदात को अंजाम नहीं दे सकता। इस वारदात में आरोपी एक से ज्यादा है। आसपास की हालत देख कर लगता है किशोरी व आरोपी के बीच संघर्ष भी हुआ है। इस वारदात के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व दहशत का माहौल है।

### वारदात स्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम

किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या की वारदात के बाद फिंगर प्रिंट एक्स्पर्ट समेत कई अन्य की फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची है। वहां पर टीम के सदस्य आस पास सारे सबूत जुटाने में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि जांच पड़ताल करने के लिए वाराणसी से डॉग स्क्वॉएड की टीम भी बुलाई गई है। अब पुलिस की जांच पड़ताल के बाद ही आरोपी का पता लग सकेगा।

### चार भाई बहनों में सबसे छोटी थी किशोरी

मृतका अपने परिवार में पिता की सबसे छोटी संतान थी। परिवार में तीन बहनें व एक भाई है जिसमें यह सबसे छोटी थी। सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि किशोरी की हत्या की गई है। किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं इस बात का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता लग सकेगा। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या व साक्ष्य मिटाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

# मोदी व योगी को अपशब्द व धमकी देने वाला गिरफ्तार

**केटी न्यूज /बलिया**

राजेंद्र नगर के रहने वाले अकबर अली को देश के प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द व धमकी देना भरी पड़ गया। पुलिस ने वायरल वीडियो को तत्काल संज्ञान में लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवक द्वारा वायरल वीडियो को अपनी आईडी पर पोस्ट करते हुए पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने कड़ी निंदा की है।



पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने कहा कि बलिया में एक जिहादी मानसिकता के युवक द्वारा हम लोगों के श्रद्धेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जो सिद्ध संत है अत्यंत निंदनीय शब्दो का प्रयोग किया गया है। सर्वथा अस्वीकार्य है जिसको किसी भी तरह बर्दास्त नहीं किया जा सकता। हमने उत्तर प्रदेश डीजीपी, जिलाधिकारी बलिया, पुलिस अधीक्षक बलिया को संज्ञान दिलाया और इस युवक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

### क्या बोले सीओ

**बलिया।** सीओ सिटी गौरव कुमार ने बताया कि राजेंद्र नगर के रहने वाले अबकर अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि इस तरह का पोस्ट करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## पति ने पत्नी को पीटकर किया घायल

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के पिहुली गांव में पत्नी लालसा देवी को पति ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी। इलाके के पिहुली गांव निवासी सुजित यादव व पत्नी लालसा देवी के बीच रविवार की शाम गांव में इधर-उधर घुमने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी और लोग आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट में लालसा लहूलुहान हो जमीन पर गिरकर चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पास के लोग भी मौके पर पंहुच गए। फिर दोनों को अलग किया व घायल लालसा को स्थानीय डाक्टर से इलाज कराया।

# नवनिर्वाचित सांसद अफजाल अंसारी का जखनिया में हुआ जोरदार स्वागत

**केटी न्यूज / गाजीपुर।**

भूड़कुड़ा तहसील जखनियां अंतर्गत डॉ. बी. आर अंबेडकर इंटर कॉलेज मंदरा के प्रांगण में नवनिर्वाचित सांसद अफजाल अंसारी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह में सांसद ने कहा कि मैं अपने पचास साल के राजनीतिक जीवन में इतना जोश खरोश पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता में कभी नहीं देखा। यह चुनाव जनता खुद लड़ रही थी और देश से इन फिरका परस्त ताकतों को भगाना चाह रही थी, तो वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए संविधान को भी बचाने के लिए देश की जनता एकजुट हो गई। अपने संबोधन में बार-बार अपने कार्यकर्ताओं और गठबंधन के नेताओं का आभार प्रकट करते रहे उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे कार्यकर्ता हमारे नेता है। क्षेत्र की सड़कों पर बोलते हुए कहा कि जखनियां की खराब सड़कों को दुरस्त कराने व अधूरी सड़कों को पूरा कराने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा की किसी भी दलित मजलूम की समस्या पर ध्यान दिया जाएगा।मंच से उन्होंने नेता और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसी ताकत के साथ हमें लड़ना है और उत्तर प्रदेश से इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है तथा अखिलेश यादव को फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाना है मंच पर बैठे हुए गठबंधन के सभी नेताओं का बार-बार स्वागत एवं अभिनंदन कर रहे थे अपने स्वागत से गदगद दिखे ।



## एक नजर

### गाजीपुर में बुद्ध महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**गाजीपुर।** सम्यक युवा मंच फाउंडेशन द्वारा बुद्ध महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल




केसरुआ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत बुद्ध, सम्राट अशोक महान, डॉ. अम्बेडकर, शहीद जगदेव प्रसाद आदि महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। सारनाथ से आए बौद्ध भिक्षु ने भगवान बुद्ध के विश्व शांति और मानव कल्याणकारी मार्गदर्शन की चर्चा किए। तत्पश्चात पंचशील पट्टी से उपस्थित अतिथियों और संभ्रांत जन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद जी के सुपुत्र,भारत सरकार के पूर्व मंत्री और शोषित इंकलाब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा बाबू नागमणि सिंह कुशवाहा जी रहे। सम्यक युवा मंच के संयोजन अखिलेश मौर्य ने कहे कि सम्यक युवा मंच सामाजिक संगठन समाज में नशा मुक्ति, समाजिक समानता, शिक्षा को बढ़ावा, घटते हुए सम्पर्क और संवाद को खत्म कर सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने, सामुदायिक सौहार्द बढ़ाने, राजनीतिक चेतना उत्पन्न करने आदि बिंदुओ पर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि नागमणि सिंह कुशवाहा जी ने कहे कि समाजिक समानता भगवान बुद्ध के शरण में ही संभव है, बुद्ध का मार्ग वैज्ञानिक मार्ग है और इसी से शान्ति, कल्याण संभव है। कार्यक्रम में रचनात्मक प्रतिभा जैसे पढ़ाई, चित्रकला, एक्टिंग, खेल,संगीत आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। डॉ आर के मौर्य, सौहार्द टीम के मेंटर काजी फरीद आलम, शोषित इंकलाब पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष विभा सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर, प्रधान जगदीश सिंह कुशवाहा, प्रधान अशोक मौर्य, प्रधान रामसेवक राजभर,रामअवध कुशवाहा , रामानन्द गुरु , प्रधान नागेंद्र सिंह कुशवाहा, प्रधान सुरेश कुशवाहा, समाजसेवी रमेश कुशवाहा, प्रो जनार्दन सिंह कुशवाहा , शैलेंद्र सिंह कुशवाहा आदि संभ्रांत जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सदस्य विधान परिषद मा शिवबोध राम, और संचालन जिला संयोजन अच्छेलाल कुशवाहा ने किए। कार्यक्रम संरक्षक पूर्व सदस्य विधान परिषद मा ब्रजभूषण सिंह कुशवाहा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम की व्यवस्था सम्यक युवा मंच के साथियों जयप्रकाश कुशवाहा, जयहिंद कुशवाहा, सुनील कुशवाहा , राजेश कुशवाहा, कृष्णा मौर्य, जामवंत मौर्य, डॉ राजेश कुशवाहा,रवींद्र कुशवाहा गुरु जी , इंदुशेखर गुरु जी , कैलाश गुरु जी , आर पी मौर्य विनोद मौर्य, मुकेश कुमार गौतम, दीपक कुमार, डॉ रामनाथ, चन्द्रमा प्रसाद आदि द्वारा किया गया।

### महिला का शव मिलने से सनसनी, तेज धूप और गर्मी से हुई मौत!

**गाजीपुर।** कासिमाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के उचौरी गांव के सामने सड़क किनारे गड्ढे में सोमवार को साढ़े तीन बजे 55 वर्षीय अधेड़ महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला की मृत्यु तेज धूप के कारण बताई जा रही है। देर शाम तक तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के उचौरी गांव के सामने वेद बिहारी पोखरा गंगौली मार्ग पर सड़क किनारे खाई में एक 55 वर्षीय अधेड़ महिला का मृत्यु अवस्था में शव मिलने से उचौरी गांव सहित आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई । ग्रामीणों ने महिला की पहचान करने का काफी प्रयास किया जब पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस को सूचना दिया । मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान न होने के कारण जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है । महिला लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है तथा उसके बाल बिखरे हुए थे । बताया जा रहा है कि प्रचंड गर्मी और तेज धूप के कारण महिला की मृत्यु हुई है । इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आरएस नागर ने बताया कि एक अधेड़ महिला का शव मिला है । पहचान न होने के कारण जिला अस्पताल के मोर्चरी में शव को रखवा दिया गया है । पोस्टमार्टम के बाद महिला की मृत्यु का कारण का पता चलेगा ।

### बिना हेलमेट बाइक चला रहे दो पहिया वाहन चालक रहें सावधान, होगी कार्रवाई

**गाजीपुर।** जनपद में दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट चलना अब खतरे से खाली नहीं है। पुलिस की नजर ऐसे बाइक चालकों पर गाड़ी हुई है। देखा जाए तो नंदगंज बाजार तथा तथा आस-पास दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पहने खुलेआम नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा वाहन चेकिंग को लेकर गश्त करने के बावजूद भी दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के तीन सवारी के साथ दौड़ रहे हैं और पुलिस प्रशासन के सुरक्षा अभियान को अंगूठा दिखा रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाओं की घंटी बजती रहती है और लोग दुर्घटना का शिकार भी होते रहते हैं। इन सभी दुर्घटनाओं को देखने तथा सुनने के बाद भी बाइक चालक हेलमेट को नजरअंदाज कर रहे हैं। युवा वर्ग तो बाइक चलाते वक्त हेलमेट न लगाना अब फैशन समझने लगा है। बहुत से बाइक चालक हेलमेट लगाने की जगह उसे बाइक में लटका लेते हैं। जब पुलिस कहीं चेक करती दिखती है, तो झटपट पहन लेते हैं। सब मिलाकर युवा पीढ़ी यातायात के नियमों का पालन करने से कतरा रही है। जबकि स्थानीय प्रशासन बाइकर्स को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित तो करता है। बता दें कि युवा वर्ग इन सुरक्षा से कोसों दूर हैं। कहीं दुर्घटना के बाद मौत होने की बात सामने आती है, तो कहा जाता है कि अगर वह हेलमेट पहना होता, तो जान बच जाती।

## अंग्रेजी हटाओ आंदोलन से लगायत भारत की दूसरी आजादी का सफर किया था तय

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए रक्षक सेनानी

**केटी न्यूज/बलिया**

साम्यवादी विचारधारा से समाजवादी आंदोलन का सफर जगदीशपुर निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी सुशील कुमार पांडेय ने तय किया। सोमवार को उनके पार्थिव शरीर को राजकीय इंटर कालेज बलिया के प्रांगण से राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया। इस दौरान उनको तहसीलदार एवं पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी द्विजेन्द्र कुमार मिश्र, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, संतोष कुमार शुक्ल, रविन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे। गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अतुल पांडेय ने दिया। इधर, अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में लोकतंत्र सेनानी एवं लोहिया संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी द्विजेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। इसमें लोकतंत्र सेनानी सुशील कुमार पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। संस्मरण साझा करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि अंग्रेजी हटाओ आंदोलन से लगायत भारत की दूसरी आजादी का सफर लोकतंत्र सेनानी सुशील कुमार पांडेय ने तय किया था। बलिया से शिक्षा ग्रहण करने के बाद काशी में शिक्षा ग्रहण किया। वह अंतिम समय तक समाजवादियों से जुड़े रहे। इस अवसर पर अजय बहादुर सिंह, निर्भय नारायण सिंह, जीउत बाबू, राघव गुप्त, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, संतोष कुमार शुक्ल, स्वतंत्र देव, राजऋषि सिंह, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, शंभू मिश्र, अजय तिवारी, दीना भाई, सुशील कुमार चौधरी, कमलाशंकर शर्मा, बुंदेला यादव, प्रमोद यादव, अजय कुमार सिंह, शिवशरण तिवारी, रवि मिश्र, अकमल नईम खां मुन्ना, शाहिद अली खां, अशोक राय, बासुदेव ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# यमदग्नि-परशुराम गंगा घाट पर मां गंगा की भव्य महाआरती का आयोजन

**गाजीपुर।** जमानियां कस्बा बाजार स्थित यमदग्नि-परशुराम गंगा घाट पर देर शाम मां गंगा उत्तरवहिनी सेवा समिति के तत्वावधान में मंत्रोचार के द्वारा मां गंगा की भव्य महा आरती किया गया।

बता दें कि मां गंगा की महाआरती में भक्तों की ऐसी भीड़ उमड़ी की घाटों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। मां गंगा के अवतरण दिवस पर घाटों की रंग बिरंगी सजावट से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों पृथ्वी पर साक्षात देव लोक उतर आया हो। सुबह से ही श्रद्धालुओं को हुजूम गंगा घाटों पर स्नान को उमड़ने लगा था तथा स्नान कर मॉ गंगा की भव्य आरती का दर्शन करने हेतु नगर सहित क्षेत्रीय श्रद्धालु पुण्य लाभ की प्राप्ति हेतु घाट पर मौजूद रहे। सर्वप्रथम मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण कर पं० महादेव पाण्डेय द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चन कर माँ गंगा का आर-पार का माला उतारा गया तथा मर्मज्ञ विद्धानों द्वारा



मन्त्रोचार के बीच मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह व नपा चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता के कर कमलों द्वारा कलश पूजन के बाद 108 आरती दानी से माँ गंगा का भव्य आरती किया गया। तत्पश्चयात हवन पूजन करने के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान आस्था का जन सैलाब उमड़ गया।

# तीसरी बार पीएम बनने के बाद मोदी आज आएंगे वाराणसी, स्वागत में 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से होगी बारिश

- बाबा विश्वनाथ मंदिर में 108 कमल के फूलों से करेंगे अभिषेक; 8 किमी लंबा रोड शो करेंगे
- 100 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है काशी विश्वनाथ मंदिर और दशाश्वमेध घाट
- संसदीय क्षेत्र में 15 घंटे के दौरे की किसान सम्मेलन से करेंगे शुरूआत

**केटी न्यूज / वाराणसी**






लगातार तीसरी बार पीएम बनने के बाद नरेन्द्र दामोदर दास मोदी आज (18 जून) को वाराणसी आ रहे हैं। 15 घंटे के दौरे की शुरूआत किसान सम्मेलन से करेंगे। पीएम मोदी आठ किमी लंबा रोड-शो करेंगे। उसके बाद काशी के कोतवाल कालभैरव और बाबा विश्वनाथ का विशेष पूजन करेंगे। दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा का पूजन भी करेंगे। फिर आरती में शामिल होंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी ने पीएम के वाराणसी आने की तैयारियों का जायजा लिया था। उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया था। काशी विश्वनाथ मंदिर और दशाश्वमेध घाट को 100 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। दशाश्वमेध के साथ ही आस-पास के घाट भी देव दीपावली उत्सव जैसे सजेंगे। गंगा सेवा निधि की ओर से हर दिन होने वाली आरती से अलग विशेष आरती में 9 अर्चक मां गंगा की आरती करेंगे। घाट और सीढ़ियों पर लाल कारपेट बिछेगी। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में 15 घंटे रहेंगे। रात्रि विश्राम के लिए बरेका स्थित ऑफिसर्स गेस्ट हाउस जाएंगे। रात में प्रधानमंत्री रोप-वे प्रोजेक्ट के कामकाज देखने जा सकते हैं। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही है। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन प्रधानमंत्री सुबह दिल्ली रवाना होंगे।

## मोदी षोडशोपचार पूजन के साथ 108 कमल चढ़ाएंगे

किसान सम्मेलन के बाद पीएम मोदी काल भैरव, काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाट जाएंगे। मोदी काल भैरव मंदिर में परंपरागत और काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजन करेंगे। षोडशोपचार पूजन के साथ पीएम मोदी 108 कमल के फूलों से बाबा का अभिषेक करेंगे। 8 किमी लंबा रोड शो के रास्ते, चौराहों, नुक्कड़ और घर झंडे-बैनरों से सजाए जा रहे हैं। 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है। 18 स्पॉट पर काशी की जनता के साथ भाजपा के नेता भी मौजूद रहेंगे। जो कि पीएम का स्वागत करेंगे।

### पूर्वांचल के विभिन्न जिलों और ग्रामीण इलाकों में अकीदत के साथ की गई बकरीद की नमाज

# एक-दूसरे के गले मिल दी बकरीद की बधाई

**केटी न्यूज/बलिया**

ईद उल अजहा (बकरीद) सोमवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों व इबादतगाहों में पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की। तत्पश्चात एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इसके बाद बकरों की कुबार्नी देने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर नगर के मजिस्दों व ईदगाहों पर भारी मात्रा में फोर्स तैनात रही। बकरीद पर सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों पर लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। सोमवार को मस्जिदों व ईबादतगाहों पर जगह पाने के लिए मुस्लिम बंधु सुबह से ही निकल पड़े। निर्धारित समय तक पूरा मस्जिद व ईदगाह खचाखच भर गया। तय समय पर मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा की। इस दौरान एक साथ सैकड़ों लोगों के सिर अल्लाह के बादगाह में झुके। मुस्लिम बंधुओं ने कौम व मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी। खुतवा सुनने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिल बकरीद का बधाई दिया। नगर के विशुनीपुर स्थित जामा मस्जिद, गुदरी बाजार स्थित बड़ी मस्जिद, राजपूत नेउरी, काजीपुरा, बहेरी, ईदगाह, परमंदापुर मस्जिद में नमाज अदा की। इसके अलावा नगर से सटे मिड्ढा, आमडारी, निधरिया, पटखौली आदि मस्जिदों में निर्धारित समय पर बकरीद नमाज अदा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी,कोतवाल संजय सिंह सहित भारी मात्रा में पुलिस व पीएसी के साथ ही खुफिया विभाग की टीम भी सादे वेश में मौजूद रही।



## जिलाधिकारी ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम बंधुओं को दी शुभकामनाएं

**बलिया।** उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत विशुनीपुर मस्जिद पहुँचकर नमाज के बाद सभी मुस्लिम बंधुओं को बकरीद की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। यह त्यौहार पूरे जनपद में सकुशल संपन्न हो गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीआरओ त्रिभुवन,नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी,क्षेत्राधिकारी गौरव वर्मा मौजूद रहें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुभाष कुमार द्वारा तीन दिन पहले से सभी मस्जिदों के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र में शहर कोतवाल संजय सिंह अपने पूरे दलबल के साथ भ्रमण करते रहे।

## अकीदत के साथ मनाया गया कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा

**चंदौली।** ईद उल अजहा का त्योहार सोमवार को शहर से लगायत ग्रामीण अंचलों में अकीदत से मनाया गया। इस अवसर पर मुसलमानों ने ईदगाह व मस्जिदों में नमाज अदा की और गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। घर पहुंचकर जानवरों की कुबार्नी दी।वहीं मेहमानों का इस्तकबाल किया। जिले के सबसे बड़े शहर मुगलसराय में शाहकुटी ईदगाह में काफी संख्या में मुस्लिम आबादी ने नमाज अदा की इस्लामपुर, महमूदपुर, मुस्लिम महाल, पथरा आदि इलाकों में दिन भर मेले जैसा माहौल नजर आया।मुख्यालय के सकलडीहा रोड स्थित ईदगाह के पास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। जहां पर एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह,सदर .सीओ राजेश राय व कोतवाल गगन राशि मुस्तैदी के साथ डटे रहे। जिले में परंपरागत ढंग से सोमवार को बकरीद मनाई गई। सोमवार को कुबार्नी के इस पाक पर्व पर नमाज के बाद जगह-जगह कुबार्नी दी गई। बकरीद पर मस्जिदों व ईदगाहों को सजाया गया था। नमाज अदा करने बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले मिलकर इस पर्व की बधाइयां दी।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई बकरीद की नमाज

**मऊ।** जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भारी उत्साह के साथ सोमवार की सुबह अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की गई। इस दौरान सभी ईदगाहों और मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस उच्चाधिकारी भ्रमण करके पल पल की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए थे। मुस्लिम भाईयों ने ईद-उल-अजहा की नमाज के दौरान विश्व में अमन- चैन की दुआ मांगी। जिले के अलग-अलग ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस क्रम में जाम मस्जिद शाही कटरा , शाही ईदगाह औरंगाबाद , नई ईदगाह पहाड़पुरा , मदरसा दारुल उलूम ,जामा मस्जिद रौजा पहाड़पुरा ,जामा मस्जिद साबरी, तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज कम्हरियां, जामा मस्जिद शाखेहरम ,मस्जिद सदर चौक जामा मस्जिद अहनाफ मिर्जाहादीपुरा , मुंशीपुरा ईदगाह , जामा मस्जिद मदरसा यतिमखाना , जामा मस्जिद बेलाल मुंशीपुरा , ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की गई।

### तीन तलाक व हलाला का प्रयास के मामले में

# महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/ जौनपुर**

नगर कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस ने एक बार फिर तीन तलाक देने के बाद हलाला का प्रयास करने के मामले में महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज किया है। रविवार को पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजगी टोला निवासिनी अंजुम निशा पुत्री स्वर्गीय मुजफ्फर अली का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से 2 जुलाई वर्ष 2015 को मोहम्मद वाजिद पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी ताड़तला के साथ हुआ था। शादी वाले ही दिन ससुराल के लोग फ्रिज एसी डबल बेड आदि सामान दहेज में मांगने लगे। मायके वालों ने इतना सामान देने में असमर्थता जताया तो ससुराल वाले बिना विदाई कराए चले गए। कुछ दिन बाद से ही पति मायके में आकर रहने लगे। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। ससुराल वाले जबरदस्ती मेरी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती दवा देकर 6 माह का गर्भ गिरवा दिया। ससुराल वालों की हद तो तब हो गई जब 15 जून को पीड़िता अपनी मां बहन भाई अन्य लोगों के साथ ससुराल जाकर विदाई की बात करने गए तो उसी समय इन लोगों के सामने पति मोहम्मद वाजिद ने एक बार में ही तीन बार तलाक तलाक तलाक बोलकर तलाक दे दिया। विवाहिता के साथ समझाने गए लोग इस बात को सुनकर दंग रह गए। और ससुराल वालों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच में पति ने बोला कि तुम मेरे छोटे भाई मोहम्मद वारिस से निकाह करके हलाला करवाओ फिर बाद में हम तुमसे निकाह पढ़ा लेंगे। और विवशता महिला पर जबरदस्ती हलाल करने का प्रयास करने लगे। विवाहिता ने इसका विरोध किया तो पति मोहम्मद वाजिद देवरा मोहम्मद वारिस ससुर मोहम्मद अयूब नंद समरीन आफरीन गंदी गंदी गालियां देते हुए विवाहिता को मारने लगे। इसी बीच ससुर ने ललकारा की इसको जान से मार कर खत्म कर दो सारा झगड़ा ही खत्म हो जाएगा। शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा ने महिला की पूरी बात सुनकर गंभीर होते हुए तहरीर के आधार पर पति मोहम्मद वाजिद देवर मोहम्मद वारिस नंद समरीन व दूसरी नंद अफरीन ससुर मोहम्मद अयूब निवासी के खिलाफ धारा 498 ए 313 504 506 व मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 तीन तलाक का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है। इस मामले में सोमवार वको जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार सदर देवेश कुमार सिंह ने बताया कि 16 जून को कोतवाली में एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराएगी की जिसमें उसके द्वारा अपने पति ससुर जेठ आदि पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न इच्छा विरुद्ध गर्भपात निकाह हलाला आदि जैसे आरोप लगाए गए हैं जिसे तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है अभियोग की विवेचना करने के लिए संबंधित को आदेशित किया गया ।

# जौनपुर में सौहार्दपूर्ण से मनाया गया ईद उल अजहा का त्योहार



**जौनपुर।** बकरीद इस्लामी पर्वों में दूसरा सबसे शुभ त्योहार है। जौनपुर में मुसलमान इस त्योहार को दोस्तों और परिवार के साथ मना रहे है । इस्लाम में बकरीद का खास महत्व है। बकरीद को ईद उल-अजहा भी कहा जाता है। इस दिन बकरे की कुबार्नी दी जाती है। इस्लाम में ईद उल-अजहा के दिन बकरे की कुबार्नी का विशेष महत्व बताया गया है। इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में बकरीद काफी महत्वपूर्ण पर्व है। जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने ईदगाह तथा मस्जिदों में नमाज अदा की । इस मौके पर मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने मुल्क में अमन सलामती की विशेष दुआ कराई उन्होंने लोगो से अपील किया कि मुल्क को मजबूत करने के लिए अपना योगदान दे एवं शासन प्रशासन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करे। एसपी सिटी ब्रजेश कुमार गौतम ने बताया कि बकरीद का त्योहार जनपद में शांति और सौहार्दपूर्ण मनाया जा रहा है।सभी मस्जिदों व ईदगाह पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। जगह जगह पुलिस बल तैनात किए गए हैं।नगर पालिका ने भी साफ सफाई की पूरी व्यवस्था की है।

## कुबार्नी के पर्व 'ईद उल अजहा' पर गले मिलकर दी बधाई, दुआ को उठे हजारों हाथ

केटी न्यूज/ वाराणसी। वाराणसी में कुबार्नी का पर्व 'ईद उल अजहा' आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर से लेकर देहात तक बकरीद पर एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दे रहे हैं। ईदगाह के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने को अकीदतमंद जुटे हैं, तो मस्जिदों में अमन की दुआ की जा रही है। गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल काशी के ईदगाहों के बाहर सुबह से ही भारी भीड़ जुटी है। नमाजियों ने मुल्क में शांति, तरक्की, खुशहाली और भाईचारा के लिए दुआ पढ़ी गई। 10 दिन पहले चांद दीदार के बाद से तारीख मुकर्रर थी, तो कुबार्नी के पर्व बकरीद की मुबारकबाद की सदा गूंज उठी।

## गाजीपुर में अदा की गई ईद-उल- अजहा की नमाज

**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न मस्जिदों एवं ईबादतगाहों में सोमवार को बकरीद की नमाज अदा की गई। नगर से सटे मस्जिदों में भी नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही मुस्लिम बंद जुटने लगे थे। प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने नगर भ्रमण कर मस्जिदों के पास पहुंच मुस्लिम बंधुओं को बकरीद की बधाई दी। उधर नमाज अदा करने के बाद कुबार्नी का दौर शुरू हो गया। मुहम्मदाबाद नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों पर ईद-उल-अजहा की नमाज सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कुर्बानी का जज्बा लेकर अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने मुल्क में अमन-चैन और कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। वहीं, पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने भी दिन निकलते ही अलर्ट मोड में रहकर अधीनस्थों से हालात का फीडबैक लिया।

# गर्मी का कहर: वाराणसी में अलग-अलग जगहों पर मिले 7 शव, ट्रक और पिकअप में मृत मिले 5 चालक

**केटी न्यूज/ वाराणसी**



वाराणसी में सोमवार सुबह अलग-अलग स्थानों पर 7 शव मिलने से हड़कंप मच गया। इसमें 5 की मौत की वजह गर्मी और उमस माना जा रहा है। 5 ट्रक चालक अपने केबिन के अंदर मृत मिले। गर्मी से तीन की नाक से खून भी निकल रहा था। सुबह एक वृद्ध का शव बड़ागांव के साधौगंज क्षेत्र के तालाब में मिला। मछली पालन के लिए खोदे गए तालाब में बुजुर्ग का शव उतराता देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं रिंग रोड पर बालू लदी ट्रक के केबिन के अंदर चालक मृत पाया गया। दूसरा चालक गिट्?टी के ट्रक में और तीसरा रामनगर के भीटी में पिकअप में मृत मिला। मिजार्मुराद में दो ट्रकों के चालक सड़क किनारे खड़े ट्रक में मृत मिले। जिसकी शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को बुलाया। बरेका में एक अज्ञात शव मिलने पर पुलिस ने मोर्चरी में रखवा दिया। उसकी शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। सभी के शव का पंचनामा भरकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। एसीपी बड़ागांव ने बताया, सोमवार की सुबह जौनपुर के सुरेरी थाना क्षेत्र के कोचारी गांव निवासी छून्नछून प्रसाद (69) का शव साधौगंज में मछली पालन के लिए खोदे गए तालाब में मिला था। रामनगर थाना क्षेत्र के भीटी में सोमवार सुबह एक पिकअप चालक वाहन के अंदर मृत अवस्था में मिला। कपसेठी थाना क्षेत्र के सेवापुरी नेवादा खास निवासी सौरभ दुबे पुत्र स्वामीनाथ के रूप में हुई। वहीं वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड फेज पर सोमवार की सुबह एक ट्रक चालक ने केबिन के अंदर दम तोड़ दिया। सोनभद्र के पिपरी दुद्धी निवासी तरनी प्रसाद शाही पुत्र उमाशंकर शाही के रूप में पहचान हुई। मिजार्मुराद के शिवरामपुर चट्टी और खजुरी में रविवार रात भीषण गर्मी के चलते दो ट्रक चालकों की ट्रक के केबिन में मौत हो गई। इसमें फिरोजाबाद के कोटवा रोड निवासी ट्रक चालक शंकर लाल (43) व जयपुर के टोडी निवासी छित्तरमल जाट (48) ट्रक चालक की गाड़ी में मौत हो गई। जबकि वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर बड़ागाव थाना क्षेत्र के सिसवा के पास भोर में 4 बजे सोनभद्र से गिट्टी लादकर जौनपुर जा रहे ट्रक चालक की मौत हो गई। खड़ी ट्रक के केबिन में एक व्यक्ति अचेत अवस्था मे होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को उसके मुंह और नाक से खून निकलता मिला। पुलिस ने ट्रक चालक को लेकर पास के ही निजी हॉस्पिटल में ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ट्रक चालक की पहचान वीरेंद्र यादव (48) जौनपुर जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के सेहमलपुर गांव का निवासी है। मृतक ट्रक चालक ही ट्रक मालिक है।

# डॉ. शिव कुमार विद्या वाचस्पति मानद सम्मान से सम्मानित

**केटी न्यूज / चंदौली**

भारतीय अधिनियम 244 से निबंधित तथा राष्ट्रभाषा हिंदी एवं लोक भाषाओं के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए समर्पित 52 वर्षीय पुरातन विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डॉक्टर संभाजी राजाराम बाविस्कर,जन सम्पर्क अधिकारी विद्यापीठ भागलपुर कृष्ण नंद भट्ट एवं परिवर्तन योगेश संस्थान नई दिल्ली के संस्थापक योगेश तरेहन द्वारा करोल बाग नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य के जिला चंदौली निवासी गायक एवं युवा साहित्यकार डॉ शिव कुमार को विद्या वाचस्पति मानद सम्मान से सम्मानित किया गया। विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ द्वारा यह सम्मान सुदीर्घ हिंदी सेवा,सारस्वत साधना,कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां,शैक्षिक प्रदेयों,शोध कार्यों तथा राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर विद्यापीठ की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर दिया जाता है। यह मानद सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। डॉ शिव कुमार का प्रकाशित पुस्तक पीपल की छांव के साथ कई एक रचनाएं चर्चित रही हैं। चंद्र भूषण मिश्र कौशिक द्वारा रचित विश्व की प्रथम ओम चालीसा को स्वरबद्ध प्रस्तुत कर लोकहित में लोकार्पित करने का श्रेय भी डॉ शिव कुमार जी को है. राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत समाजहित के साथ बाल संस्कार के अनेक गीत आकाशवाणी पर गाने का सम्मान भी आपको मिल चुका है। परिवर्तन योगेश ट्रस्ट के संरक्षक कौशिक द्वारा यह जानकारी दी गई की परिवर्तन योगेश संस्था के संस्थापक दिल्ली से योगेश तरेहन जी के साथ विद्या वाचस्पति मानद सम्मान , उत्तराखंड से रजनीश सैनी, गुजरात से देसाई भाविन विपिनभाई एवं उत्तर प्रदेश से शिव कुमार, पंजाब से हर्षविंदर सिंह पठानिया, राजस्थान से डॉ. महेंद्र भाटी त्रिकाल, अंडमान निकोबार से डॉ. संजय साहा की रामा, झारखंड से अखिलेश नन्द तिवारी, जी को इस सम्मान से सम्मानित किया गया।




## सुभाषितम्

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए। - रामायण

# चुनाव आयोग और भाजपा की जान ईवीएम में?

भारत में ईवीएम की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच रही है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद, लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका, भारत सरकार द्वारा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में की गई मनमानी, भारतीय जनता पार्टी का 2014 के बाद ईवीएम का प्रेम, केंद्र में बहुमत की सरकार होने से न्यायपालिका का कमजोर होना, न्यायपालिका द्वारा चुनाव आयोग की संवैधानिक शक्तियों के आगे अपने आप को वास्तविकता से अलग-थलग कर लेने से यह विवाद बढ़ता ही जा रहा था। चुनाव आयोग और ईवीएम की निष्पक्षता को लेकर पिछले 5 वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में यह लड़ाई लड़ी जा रही है। यह लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। दुनिया के आईटी,सोशल मीडिया इंडस्ट्री तथा दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क ने ईवीएम मशीन की चिंगारी में आग लगाने का काम कर दिया है। एलन मस्क ने पोस्ट में लिखते हुए कहा, ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों और एआई के माध्यम से आसानी से हैक किया जा सकता है। एलन मस्क के बयान के बाद राहुल गांधी का भी बयान आया। उन्होंने ईवीएम मशीन को ब्लैक बॉक्स की तरह बता दिया। चुनाव आयोग जिस तरह से ईवीएम मशीन और उसके सॉफ्टवेयर से संबंधित जानकारी को छुपा रहा है। जांच करने की इजाजत चुनाव आयोग किसी को नहीं देता है। चुनाव प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं रह गई है। चुनाव आयोग की भी कोई जवाब देही नहीं है। चुनाव आयोग जो कहे, वही सही मान लिया जाता है। सूचना अधिकार कानून के तहत भी चुनाव आयोग मांगी हुई जानकारी नहीं देता है। चुनाव के कई महीने पहले से विपक्षी दल चुनाव आयोग से मिलने का समय मांग रहे थे। चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों को मिलने का और बैठक करने का समय भी नहीं दिया। इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता भी प्रभावित हुई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों द्वारा किया गया। उस मामले में चुनाव आयोग ने चुप्पी साथ रखी थी। सत्ता पक्ष की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की। चुनाव लड़ने के लिए सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिले। इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग की थी। चुनाव के दौरान सरकार और जाँच एजेंसियां विपक्षी दलों को घेरने का काम करती रहीं। विपक्षी दलों को चुनाव प्रचार करने से रोकने या बाधित करने के लिए तरह-तरह के प्रयास विभिन्न स्तरों पर किए गए। मतदान के बाद जिस तरह से फॉर्म 27 की जानकारी छुपाने का काम किया है। मतदान का आंकड़ा छुपाया गया। कहीं मतदान से ज्यादा, कहीं मतदान से कम मतगणना हुईं। ईवीएम मशीन में डाले गए वोट का मतगणना से मिलान नहीं हुआ। मतदाता पर्चियां को गिनने से चुनाव आयोग निरंतर इनकार करता रहा। जिसके कारण चुनाव आयोग, ईवीएम मशीन, वीवीपेट की पर्चियां सभी शक के दायरे में हैं। मतगणना के दौरान सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने के भी कई आरोप सामने आए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में आम जनता, राजनीतिक दलों के नेताओं, दुनिया भर के राजनेताओं और कारोबारियों ने भारत मे हुए चुनाव की स्थिति का आकलन किया है। भारत में नियम और कानून का पालन हो रहा है या नहीं। इसे वैश्विक दुनिया बड़ी गंभीरता के साथ देखती है। एलन मस्क के बयान से अब ज्यादा दिनों तक ईवीएम मशीन से मतदान कराना चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं होगा। चुनाव में पारिदर्शिता लानी ही होगी। मुंबई में शिवसेना शिंदे गुट के सांसद की 48 वोटो से जो जीत हुई है। निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी और जीते हुए सांसद के रिश्तेदार द्वारा मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन का उपयोग करने के सबूत मिलने के बाद यह मामला भी तूल पकड़ने लगा हैं। 10 बरस के बाद विपक्ष पहले की तुलना में मजबूत हुआ है। विपक्ष भी अब न्यायपालिका में अपने हितों की लड़ाई लड़ना सीख गया है।

## चिंतन-मनन

# संत की उदारता



विख्यात संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है? यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे। तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया। विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे। उन्होंने चोरों से कहा- तुम्हें इनकी बहुत अधिक आवश्यकता होगी अन्यथा इतनी रात गए भला कोई जोखिम क्यों उठाता? तुम सब मुसीबत के मारे लगते हो। चिंता मत करो। मुझसे जो मदद होगी, मैं करूंगा। यह कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली की अंगूठी भी उतार कर उन्हें दे दी। यह देख चोर लज्जित हुए। वे एकनाथ जी के चरणों में गिर गए और उन्होंने कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।

# 1857 आजादी की क्रान्ति भारतीय इतिहास का सूर्य महारानी लक्ष्मीबाई जो कभी अस्त नही होगा

- विष्णु अग्रवाल

11 मई 1857 का सैनिक विद्रोह अंग्रेजो के खिलाफ देश को आजाद कराने के लिए महान क्रांतिकारियों ने महारानी लक्ष्मीबाई क नेतृत्व में अंग्रेजो से स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी । झांसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई का व्यक्तित्व आकर्षक दर्पण साबित होता है। प्रसिद्ध कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा था- बुन्देलो हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी। महारानी लक्ष्मीबाई का मूल नाम मणिकर्णिका था स्वतंत्रता सेनानीयों की अधिष्ठात्री, 1857 जन क्रान्ति की महान सेना नायक और अंग्रेजी शासन की जडों को हिला देने वाली महारानी लक्ष्मीबाई का जन्म कार्तिक वदी 14 विक्रम संवत 1892 कार्तिक वदी 14 (19 नबम्बर 1835) में बनारस (काशी) में हुआ था। वह इतिहास में मनु के नाम से विख्यात हुई। मनु के पिता मोरोपंथ तांबे मूलतः सतारा महाराष्ट्र के रहने वाले थे। वे बाजीराज पेशवा के बिठूर के दरवार में कार्य करते थे। उन्होने अपनी पत्नी के देहान्त के बाद अपनी पुत्री का पालन पोषण बड़े ही प्यार से किया। उन्होंने घुड़सवारी, तलवारबाजी, अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा मुँहबोले भाई नाना साहब



पेशवा के साथ प्राप्त की थी। अद्वितीय साहस वीरता एवं निर्भीकता के कारण उनकी शिक्षा दीक्षा राजकीय ढंग से हुई। झांसी के राजा गंगाधर राव नेवालकर की पहली पत्नी का देहान्त होने तथा उसकी कोई संतान न होने के कारण झांसी का कोई उत्तराधिकारी नहीं था इसलिये झांसी के राजा के राजा को सभी दरबारियों ने सलाह देकर राजा गंगाधर राव को दूसरी शादी करने की सलाह दी 13 वर्ष की आयु में मनु का विवाह राजा गंगाधर राव से हो गया। झांसी में मनु का नाम बदलकर महारानी लक्ष्मीबाई हो गया। सन् 1851 में लक्ष्मीबाई को एक पुत्र की प्राप्ति हुई पर दुर्भाग्य से चार महीने की अल्प आयु में ही उनका निधन हो गया उत्तराधिकारी चाहिये था तो उन्होंने दामोदर राव नाम के एक बालक को गोद ले लिया। अंग्रेजो ने नीति बनाई थी जिस राज्य का उत्तराधिकारी नहीं होगा उस राज्य पर अंग्रेजो का अधिकार हो जायेगा। 21 नबम्बर 1853 को हृदयाघात से झांसी के राजा गंगाधर राव झांसी के राजा की मृत्यु हो गई। तब महारानी लक्ष्मीबाई ने झांसी का शासन का कार्य कुशलतापूर्वक अपने हाथ में लिया और उसका संचालन किया । झांसी का कोई वैध उत्तराधिकारी नहीं था। लार्ड डलहौजी ने विलय नीति के अन्तर्गत झांसी पर अधिकार करने के लिये महारानी लक्ष्मीबाई पर दबाब डाला। डलहौजी अंग्रेजों का सबसे महत्वाकांक्षी व साम्राज्यवादी गर्वनर जनरल था। भारत में अंग्रेजी साम्राज्य का विस्तार करना चाहता था। इसलिये उसने विलय नीति लागू की। उसने कई राज्यों को अपनी इस नीति के कारण हड़प लिया। कोई भी भारतीय शासन ओरस पुत्र के अभाव में दत्तक पुत्र को अपना उत्तराधिकारी घोषित नहीं कर सकता इस अंग्रेजो की नीति के खिलाफ महारानी लक्ष्मीबाई ने जोरदार विरोध किया। उनकी इस रणनीति में नाना साहब पेशवा, तात्याटोपे, बिहार के कुंवर सिंह, दिल्ली के मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर, बेगम हजरत महल के गोहद व भिण्ड के राजा भी महारानी लक्ष्मीबाई के साथ थे। अंग्रेजो को मार भगाने के लिये तथा क्रांति का दिन 11 मई 1857 निर्धारित किया गया। झांसी की रानी के किले को अंग्रेजो ने चारो तरफ से घेर लिया तथा कई दिनों तक अपने तोपचियों एवं सैनिकों के साथ अंग्रेजो से मुकाबला करती रहीं। महारानी लक्ष्मीबाई को उनके दरबारियों ने सलाह दी कि अंग्रेजो का मुकाबला किले के अन्दर से नही बाहर से करना होगा। महारानी लक्ष्मीबाई अपने सैनिकों के साथ अपने गोद लिये पुत्र दामोदर राव को पीठ पर बांधकर किले से बाहर निकली और उनके सैनिक अंग्रेज सैनिकों पर टूट पडे। महारानी लक्ष्मीबाई का साथ कई स्टेटे के राजा महाराजा, तात्या टोपे आदि क्रांतिकारी दे रहे थे। कालपी छोड़ने के बाद रानी बांदा के नबाब और तात्या टोपे की राजनीति के तहत जब 28 मई 1857 को राब साहब आमन गांव (ग्वालियर के निकट) इस आशय से पहुंचे कि जीवाजीराव उन्हें अंग्रेजों के विरूद्ध सैनिक सहायता तथा युद्ध में साथ देंगे, परन्तु उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सहायता के स्थान पर जीवाजीराव के चार सौ पैदल और डेढ़ सौ घुड़सवारों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। लेकिन तात्या टोपे ने उन सैनिकों को समझाने व उनमें देशभक्ति व स्वातंत्रय संघर्ष का मंत्र फूंक कर उन्हें आजादी के मार्ग का रोड़ा न बनने के लिए प्रोत्साहित किया। महारानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजी सेना से लड़ते हुये शिवपुरी होते हुये अपने सैनिको के साथ ग्वालियर आई थी। राव साहब संघर्ष के लिये आगे बढ़ गए और 30 मई 1857 को पेशवा की सेना आमन गॉव पहुंच गई। पेशवा ने पूरी तैयारी के साथ मुरार छावनी में पड़ाव डाल दिया। दिनकार राव ग्वालियर स्टेट के रेंजीमेन्ट थे अंग्रेजो के आदेश पर ही कार्य करते थे। जीवाजीराव का जन्म भागीरथ छिन्दे के रूप में 19 जनवरी 1835 को हनुमन्त राव के पुत्र के रूप में जन्म हुआ। ग्वालियर के तत्कालीन महाराजा तृतीय मराठा सरदार जानकोजी राव की मृत्यु सन 1843 में हुई जीवाजीराव सिधिया को 22 फरवरी 1843 को राजगददी पर बैठाया गया। 1857 की कान्ति के समय जीवाजीराव की उम्र - 22 वर्ष थी। महाराजा जीवाजीराव व दिनकर राव सरदारों ने थोड़ा सा युद्ध किया परन्तु वे रानी की वीरता के सामने टिक न सके दिनाकर राव के कहने पर जीवाजीराव सिधिया ग्वालियर छोडकर और पराजित होकर आगरा भाग गए। ग्वालियर पर पेशवा व महारानी लक्ष्मीबाई का अधिकार हो गया । ग्वालियर रियासत में महारानी लक्ष्मीबाई की फौज का गोला बारूद खत्म हो गया था तथा आर्थिक तंगी से सेना जूझ रही थी। 1857 की क्रांति के समय महारानी लक्ष्मीबाई और उनके सेनानायक राव साहब, तात्या टोपे आदि क्रांतिवीर ग्वालियर के रणक्षेत्र में अंग्रेजों के विरूद्ध डटे हुये थे परन्तु लक्ष्मीबाई के सैनिकों को कई माह से वेतन नहीं मिला था न ही राशन पानी का समुचित प्रबंध नहीं हो पा रहा था, तब सिंधिया नरेश के राजकोष गंगाजली (खजाना) कोषालय के प्रधान का चार्ज अमरचन्द बाठिया के पास था। 2 जून 1857 को राव साहब ने अमरचन्द बाँठिया को कहा कि उन्हें सैनिकों को वेतन आदि भुगतान करना है, क्या वे इसमें सहयोग करेंगे। 5 जून 1857 के दिन राव साहब के साथ अमर चन्द्र बाँठिया जी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए क्रांतिकारियों की मदद की और ग्वालियर का गंगाजली राजकोश लक्ष्मीबाई एवं स्वत्रंता सैनिको के हवाले कर दिया। तत्कालीन परिस्थितियों में श्री बाँठिया का निर्णय महत्वपूर्ण था। इसका विवरण सेन्ट्रल इण्डिया एजेन्सी ऑफिस में ग्वालियर रेजीडेन्सी की एक फाइल 1261 राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में है। क्रांतिकारी सैनिकों को 5-5 माह का वेतन वितरित किया गया। अमरचन्द बाठिया की सहायता से क्रांतिकारी के हौंसले बुलन्द हो गये थे उन्होने अंग्रेजी सेनाओं के दात खटटे कर दिये थे ।

# उसने भी रिश्वत दी होगी इसलिए वो भी रिश्वत ले रही थी ...

- चैतन्य भट्ट

एक खबर अखबार में पढ़ी कि जयपुर में पदस्थ एक महिला डिप्टी कलेक्टर पोने दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ी गई। वैसे आजकल रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की खबर कोई खास मायने रखती नहीं, क्योंकि आए दिन कोई ना कोई रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है अखबार भी चार लाइन में उसको निपटा देता है और पाठक भी उन खबरों का ध्यान नहीं देते क्योंकि वे सोचते हैं कि ये तो रोजमर्रा का काम है कहां तक देखें और कहां तक पढ़े लेकिन ये खबर थोड़ी अलग थी क्योंकि जो मोहतरमा डिप्टी कलेक्टर बनी थी वो पहले जोधपुर में सफाई कर्मी थी जब एक सफाई कर्मी डिप्टी कलेक्टर बनी तो भारी तारीफ हुई उसकी । लोगों ने उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए उन्हें एक आदर्श भी बताया कि कैसे एक सफाई कर्मी अपनी मेहनत के बल पर डिप्टी कलेक्टर जैसे बड़े पद पर जा सकती है ,लेकिन बहन जी ने एक ही झटके में अपनी पूरी इज्जत मिट्टी में मिला दी लोग बाग कह रहे हैं कि उन्हें रिश्वत लेने की जरूरत क्या थी जब सरकार उन्हें अच्छा खासा वेतन दे रही थी, अब अपन लोगों को समझा देते हैं कि आखिर उन्होंने रिश्वत ली क्यों। दरअसल वे सिस्टम के हिसाब से चल रही थी जब वे सफाई कर्मी के रूप में भर्ती हुई होंगी तब उन्हें रिश्वत देना पड़ी होगी और यही कारण है कि जब उनके अंडर में सफाई कर्मियों की भर्ती होने वाली थी तो उन्होंने इस सिस्टम को फॉलो करते हुए सफाई कर्मियों से रिश्वत की मांग कर डाली क्योंकि उन्हें अपना एक अनुभव था कि बिना रिश्वत दिए हुए अपॉइंटमेंट हो ही नहीं सकता इसलिए उन्होंने भी इस सिस्टम के तहत पौने दो लाख इकठ्ठे कर लिए, इसमें उनका कोई दोष अपन नहीं मानते क्योंकि जो उसने भोगा था आगे चलकर वही स्कीम उसने भी एडॉप्ट कर ली। वैसे भी आजकल एक दो लाख रुपए की रिश्वत भी कोई रिश्वत होती है क्या? जहां लाखों करोड़ों की रिश्वत का धंधा चल रहा हो वहां बेचारी उस गरीब ने अगर पौने दो लाख रुपए कमा भी लिए तो ऐसा क्या गुनाह कर दिया.। जरूरत तो इस बात की है कि जो सिस्टम पूरे देश में चल रहा है उसे तोड़ना होगा वरना जो भी इन पदों पर आएगा उसे भी इस सिस्टम के तहत अपने आप को ढालना पड़ेगा और जो ऐसा नहीं करेगा उसके लिए लूप लाइन जिंदाबाद.... और जो रिश्वत देकर आएगा वो भला लूप लाइन में क्यों रहेगा उसे भी तो अपना पैसा वसूल करना है, अब नेताओं को ही देख लो एक-एक चुनाव में जो करोड़ों खर्च कर रहे हैं वो क्या समाज सेवा के लिए आ रहे हैं अरे भैया अपना लगाया हुआ पैसा सूद समेत वापस लेना पड़ता है तो जब ऊपर से ही ये स्कीम चल रही हो तो नीचे वाले व्यक्ति बहती गंगा में हाथ धोने से भला क्यों चूकेंगे।

### बीबी दोषी होगी

मद्रास हाईकोर्ट ने एक बेहतरीन निर्णय दिया। इस निर्णय के तहत अगर पति रिश्वत लेता है तो उसमें पत्नी भी कहीं ना कहीं दोषी मानी जाएगी और पत्नी को भी सजा भुगतना होगी। मद्रास हाई कोर्ट कहता है कि घर की महिला अगर भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाएगी तो इसका अंत नहीं हो सकेगा। दर असल एक अधिकारी रिश्वतखोरी में पकड़े गए थे मुकदमा चल रहा था इसी बीच भाई साहब ईश्वर को प्यारे हो गए, पुलिस ने उनकी पत्नी को भी सह आरोपी बनाया था और जब पत्नी ने अपने आप को मुक्त करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया पति अगर रिश्वत ले रहा था तो पत्नी को भी सजा भुगतना पड़ेगी । वैसे हाई कोर्ट का निर्णय बिल्कुल सही है क्योंकि जब पति अपनी कमाई से दस गुना पैसा कमा कर अपनी पत्नी के हाथ में देता है तो पत्नी को पूछना चाहिए कि हुजूरे आला ये नोटों की गड्डियां कहां से ला रहे हो, लेकिन उस समय ऐसा लगता है कि ऐसे ही नोटों की बरसात होती रहे चाहे वो रिश्वत से हो या दो नंबर के कम से। बीवी को चाहिए कि वो अपने पति को रोके और कहे कि जो वेतन मिल रहा है उसी में उसका घर बेहतर तरीके से चल रहा है इसलिए ऐसा काम ना करें लेकिन पैसा ऐसी चीज है जो बड़े-बड़ों को फिसला देता है इसलिए हाई कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि जब रिश्वतखोरी के पैसे घर आ रहे थे तब आपने इसमें लगाम क्यों नहीं लगाई इसलिए आप भी बराबरी की दोषी हो ।अपनी अब तमाम पत्नियों और बीवियों से एक ही गुजारिश है कि अगर वेतन के अलावा पांच पैसा भी उसका पति घर लाता है तो अच्छी खासी लताड़ लगाओ और कहो कि तुम तो किसी भी दिन निपट जाओगे बाद में सजा तो हमें ही भुगतनी पड़ेगी हो सकता है किसी डर के मारे रिश्वत खोरी शायद बंद हो जाए।

### अहंकार की चर्चा

जब से लोकसभा के चुनाव क्या खत्म हुए हैं तमाम जगह एक ही शब्द गली मोहल्लों पान की दुकानों ,बाजारों में गूंज रहा है और वो शब्द है अहंकार कोई रावण का उदाहरण दे रहा है तो कोई कंस का , कि जब इन लोगों का अहंकार नष्ट हो गया तो फिर अब जो भी अहंकार कर रहे हैं उनकी हैसियत ही क्या है? आखिर अहंकार या घमंड इंसान में क्यों आ जाता है दरअसल जब उसे सफलता ही सफलता मिलती है तो फिर वह अपने आप भगवान से भी ऊपर समझने लगता है और ये एक स्वाभाविक सी प्रक्रिया है इंसान के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसी कमजोरियां होती ही हैं और इनके बीच कहीं अहंकार छुपा होता है बीजेपी की हार रूपी जीत पर उनकी मातृ संस्था आर एस एस भी कह रहा कि व्यक्ति को अहंकारी नहीं होना चाहिए, कोई भी सेवक अहंकारी नहीं होता ।एक और बड़े नेता ने कह दिया कि अहंकार ने बीजेपी को 241 पर रोक दिया लगता है इस वक्त सोशल मीडिया पर अहंकार शब्द सबसे ज्यादा ट्रेड कर रहा है वैसे इसमें अपन किसी को दोषी नहीं मानते। चाहे वो खूबसूरती हो ,पैसा हो अधिकार हो, सम्मान हो, लोकप्रियता हो तो फिर अहंकार, गुरूर, घमंड अपने आप इंसान में पैबस्त हो जाते हैं, लेकिन हो सकता है इस हार रूपी जीत के बाद बीजेपी और उसके नेता शायद अहंकार शब्द से मुक्ति पा सकें।

# नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक जेरोम कार्ले

-संजय गोस्वामी

जेरोम कार्ले एक अमेरिकी भौतिक रसायनज्ञ थे। हर्बर्ट ए. उन्हें 1985 में संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमेरिकी भौतिक रसायनज्ञ (हर्बर्ट ए हौप्टमैन के साथ साझा), जिन्होंने क्रिस्टल संरचनाओं के निर्धारण के लिए प्रत्यक्ष तरीकों के विकास में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए रसायन विज्ञान में 1985 का नोबेल पुरस्कार जीता, उनके काम ने अणुओं की 3 डी क्रिस्टल संरचनाओं के निर्धारण को सक्षम किया हार्मोन, विटामिन और एंटीबायोटिक्स। शुरूआत में कुछ समय के लिए शिकागो में काम करने के बाद, वह 1968 में नौसेना अनुसंधान प्रयोगशाला के कर्मचारियों में शामिल हो गए। उनका जन्म 18 जून, 1918 को न्यूयॉर्क शहर में कई कलाकारों के परिवार में हुआ था, उनके पिता के भाई और एक बहन के पति थे। संभवतः सबसे प्रसिद्ध थे। बाद वाले न्यूयॉर्क शहर में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में पढ़ाते थे। उनके दादा ने अपनी पीढ़ी के लोगों के घरों को पेशेवर तरीके से सजाया था। जेरोम कार्ले (एक्स-रे स्कैटरिंग तकनीक का उपयोग करके क्रिस्टल संरचनाओं के प्रत्यक्ष विश्लेषण के लिए 1985 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया) उनकी माँ एक उत्कृष्ट पियानोवादक और ऑर्गेनिस्ट थीं और उन्हें आशा थी कि वह एक पेशेवर पियानोवादक बनेंगे। एक युवा के रूप में उन्होंने न्यूयॉर्क शहर में म्यूजिक वीक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने कुछ मामूली सफलता हासिल की, लेकिन कम उम्र में ही उन्हें पता चला कि उन्हें सार्वजनिक प्रदर्शन में कोई दिलचस्पी नहीं है। दूसरी ओर, मैं कम उम्र में ही विज्ञान को आजीवन करियर के रूप में अपनाने के प्रति बहुत आकर्षित हो गया था। उन्हें न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल सिस्टम में शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनकी शिक्षा, चरित्र निर्माण और अनुशासन के मानक बहुत ऊंचे थे और इससे उन्हें निश्चित रूप से लाभ हुआ। उन्होंने अधिक उन्नत छात्रों को अलग किया और उन्हें अपनी गति से आगे बढ़ने की अनुमति दी। उनके मामले में, यह कभी-कभी कुछ अजीब स्थितियों को जन्म देता है। हाई स्कूल (अब्राहम लिंकन) के अपने अंतिम वर्ष के दौरान लड़कियों ने लड़कों के साथ नृत्य का अभ्यास किया। उस वक्त उनकी उम्र 14 साल थी और लड़कियां आमतौर पर 17-18 साल की होती थीं. यह था 14 साल के लड़के और 17-18 साल की लड़की के बीच शारीरिक अंतर। उनकी पहली प्रतिक्रिया अविश्वास थी, लेकिन थोड़ी देर बाद उन्हें उनकी उपस्थिति की आदत हो गई और उन्होंने उनके साथ नृत्य करना शुरू कर दिया। उन्होंने रसायन विज्ञान और भौतिकी में पाठ्यक्रम लिया, दोनों एक ही व्यक्ति द्वारा पढ़ाए गए। उन्होंने मेरी रुचि को पहचाना और मुझे बहुत प्रोत्साहित किया. उन्होंने कई खेलों का आनंद लिया जिनमें उन्होंने हर अवसर पर भाग लिया, पास के समुद्र में तैराकी, खेल जिसे सिंगल-वॉल हैंडबॉल कहा जाता है, जो थोड़ी कठोर काली गेंद से खेला जाता है और जो मुख्य रूप से कुछ महानगरीय क्षेत्रों में लोकप्रिय खेलों को पसन्द करते थे , टच सॉकर, जो है चोटों से निपटने के नियम, और आइस-स्केटिंग को समाप्त कर दिया गया है, जो स्थानीय अग्निशमन विभाग द्वारा एक बड़े पार्किंग स्थल को भरने से संभव हुआ है।

# आज का राशिफल

**मेष** दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आपको सफलता मिलेगी और अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**तुला** दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको कोई शुभ जानकारी भी मिल सकती है।

**वृषभ** दिन व्यस्तता से भरा होगा। आपके घर में मेहमानों के आने से आपका काम बढ़ सकता है।

**वृश्चिक** आज कुछ जरूरी काम करने पड़ सकते हैं। मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी।

**मिथुन** कोई काम की जानकारी या फिर करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**धनु** आज ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई अच्छाएं आज पूरी होंगी।

**कर्क** आज का दिन लाभ से भरा होगा। आपको कहीं से बहुत अच्छा ऑफर मिल सकता है।

**मकर** किसी बात पर तनाव लेने की जरूरत नहीं है। बेहतर होगा कि अपने काम पर फोकस करें।

**सिंह** दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज टीमवर्क से काम करने का दिन है तो आपको रिजल्ट अच्छे मिलेंगे।

**कन्या** आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा।

**मीन** करियर के मामले में काफी मिलाजुला रहेगा। कोशिश जारी रखें तो काम भी बन जाएंगे।

## विशेष

### राहुल गांधी को मिला ईवीएम पर एलन मस्क का सहारा

दुनिया के सबसे बड़े अमीर कारोबारी तथा डिजिटल कारोबार के बड़े जानकार एलॉन मस्क ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन पर सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ईवीएम मशीन से चुनाव खत्म कर देने चाहिए। इसे व्यक्तियों द्वारा या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आसानी से हैक किया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका और भारत के संदर्भ में यह बात कही है। इसके बाद एक बार फिर ईवीएम मशीन का जिन्न बाहर निकाल कर आ गया है। अगले महीने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई है। राहुल गांधी ने भी एलन मस्क का बयान आने के बाद ईवीएम मशीन को ब्लैक बॉक्स बताकर इस मामले को तूल दे दिया है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता को भी उन्होंने निशाने पर रखा है।

### 2024 का मोदी के 400 पार का नारा और 2004 का इंडिया साइनिंग

2004 के लोकसभा चुनाव में प्रमोद महाजन चुनाव का सारा कामकाज देख रहे थे। उन्होंने इंडिया साइनिंग का नारा दिया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की योजनाओं की काफी चर्चा हो रही थी। इसमें प्रधानमंत्री सड़क योजना सभी को प्रभावित कर रही थी। 2004 के जब चुनाव परिणाम आए। भारतीय जनता पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा। 2004 में यूपीए की सरकार बनी,और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1799: फ्रांसीसी फौजों ने सेंट विसेंट (वेस्टइंडीज) पर कब्जा किया. 1842: अमरीका ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1823: पुर्तगाल नरेश जान छठवें ने एक वर्ष पुराना संविधान निलबिंत कर दिया. 1858: ग्वालियर में अंग्रेजों के साथ लड़ते हुए झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मौत हुई. 1946: गोवा मुक्ति का आंदोलन शुरू, 1953: मिस्त्र गणराज्य बना. 1953: अमेरिका वायुसैनिक सी- 124 विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर टोक्यो के पास जला, 129 लोगों की मृत्यु, 1956: नया हिन्दू उत्तराधिकार कानून पारित हुआ था. 1965: एल्युएन कोबो दक्षिण वियतनाम के प्रधानमंत्री बने. 1975: सऊदी अरब के शाह फैजल के हत्यारे को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई. 1994: कराची में आतंकवाद विरोधी अदालत के न्यायाधीश व उनके रक्षक और ड्राइवर को बंदूकधारियों ने गोली मार दी.

## दैनिक पंचांग

18 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.01 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 07.19 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.35 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.47 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 16.12 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.28 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 20.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 22.20 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मीन | 23.53 बजे से |
| | | मेष | 01.23 बजे से |
| | | वृष | 03.03 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 170 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 06.25 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 15.56 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 21.39 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 06.25 बजे तदनन्तर बव 19.02 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872014
**जूलियन दिन** 2460479.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 11 **विशेष** निर्जला एकादशी, रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# किचन में मौजूद ऐसी चीजें जिनकी नहीं होती कभी एक्सपायरी

**बाजार से खाने-पीने की चीजें खरीदकर घर लाते ही सबसे पहले लोग उसे खराब होने से बचाने के लिए स्टोर करने का सही तरीका खोजते और अपनाते हैं। खाने-पीने की चीजें अक्सर जल्दी खराब हो जाती हैं, यही वजह है कि लोग उसे जल्दी खाकर खत्म कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं आपकी किचन में मौजूद खाने पीने की कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें उनके पोषण तत्वों के साथ लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। आइए जानते हैं किचन में मौजूद ऐसी ही कुछ खाने की चीजों के बारे में जिनकी नहीं होती कभी एक्सपायरी।**

## ड्राई बीन्स

अध्ययन के अनुसार, बीन्स का सेवन व्यक्ति 30 साल बाद भी खाने के लिए कर सकता है। बीन्स आपातकालीन भोजन के लिए प्रोटीन से भरपूर भोजन का एक बेहतर विकल्प माना गया है। बीन्स को अच्छी तरह से एयर टाइट कंटेनर में लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

## चीनी

लंबे समय तक स्टोर की जाने वाली चीजों में चीनी का भी नाम शामिल है। चीनी भी लंबे समय तक अपने पोषण से भरपूर गुणों को खोए बिना स्टोर की जा सकती है। इसके लिए आप चीनी को किसी एयरटाइट कंटेनर में बंद करके लंबे समय तक के लिए रखें।

## नमक

नमक को भी चीनी की ही तरह लंबे समय के लिए अपनी गुणवत्ता खोए बिना स्टोर किया जा सकता है। नमक को ठीक से स्टोर करने से न तो इसमें कभी गुलठियां पड़ती हैं और न ही कभी इसमें कीड़े लगते हैं।


## सरसों के दाने

अगर आप अच्छे ब्रांड के सरसों दाने इस्तेमाल करते हैं तो खुला रहने के बावजूद आप इन्हें एक वर्ष से अधिक समय तक भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सफेद चावल

सफेद चावल को अनिश्चित काल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। एक शोध की मानें तो सफेद चावल 30 वर्षों तक अपने पोषक तत्व और स्वाद को बनाए रख सकते हैं।





# एडवेंचर पसंद लोग कर सकते हैं यह चार तरह की एयर एक्टिविटी

**हर व्यक्ति का स्वभाव अलग होता है। कुछ लोगों को एडवेंचर करना काफी पसंद होता है और वह हमेशा ही कुछ मजेदार व साहसिक करने की फिराक में रहते हैं। ऐसे लोगों के लिए तरह-तरह के एयर स्पोर्ट्स करना एक अलग अनुभव हो सकता है। खासतौर पर, अगर आप पूरे सप्ताह काम करने के बाद वीकेंड पर खुद को एक बार फिर से रिचार्ज करना चाहती हैं और कुछ नया करने की इच्छा रखती हैं तो ऐसे में आपको इन एयर स्पोर्ट्स को एक बार जरूर आजमाना चाहिए।**

एक क्लिप से कूदना, रस्सियों से लटकना और कुछ कैनवास की मदद से हवा में उड़ने का अपना एक अलग ही आनंद होता है। अगर आप अपने जीवन में कुछ अलग व यादगार करना चाहते हैं तो यह एयर स्पोर्ट्स यकीनन आपको निराश नहीं करेंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही एयर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो आपके सपनों व जीवन जीने के तरीके को एक पंख देंगे-

## पैराग्लाइडिंग का उठाएं लुत्फ



अगर आप एयर स्पोर्ट्स के जरिए एक असीम सुकून व आनंद का अनुभव करना चाहती हैं तो ऐसे में पैराग्लाइडिंग को एक बार जरूर आजमाएं। भले ही आप एक बिगनर है, लेकिन फिर भी पैराग्लाइडिंग का आनंद लिया जा सकता है, क्योंकि इसमें आपको असिस्ट करने के लिए एक एक्सपर्ट साथ में होता है। भारत में, कई स्कूल और फ्लाइंग क्लब पैराग्लाइडिंग और अन्य एयरोस्पोर्ट पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। यह एयर एक्टिविटी भारत में बेहद पॉपुलर है और वर्तमान में कई हॉलिडे डेस्टिनेशन में पैराग्लाइडिंग करने की सुविधा मौजूद है। आप हिमाचल प्रदेश, जम्मू, उत्तराखंड व महाराष्ट्र आदि जगहों पर पैराग्लाइडिंग का अनुभव कर सकते हैं।



## विंगसूट फ़्लाइंग

विंगसूट फ्लाइंग एक खतरनाक एक्टिविटी है जिसमें विशेष रूप से डिजाइन किए गए जंपसूट के उपयोग की आवश्यकता होती है जिसे विंगसूट या बर्डमैन सूट के रूप में जाना जाता है। इस जंपसूट में दो आर्म विंग और एक लेग विंग होता है। विंगसूटर आगे की गति, दिशा और लिफ्ट को नियंत्रित करने के लिए अपने शरीर का उपयोग करता है। हालांकि, विंगसूट फ़्लाइंग करना हर किसी के लिए संभव नहीं हो सकता है और इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। फिलहाल भारत में विंगसूट फ़्लाइंग अभी उतनी पॉपुलर नहीं हुई है।

## स्काई डाइविंग

अन्य एयर स्पोर्ट्स की तुलना में स्काई डाइविंग यकीनन अधिक रिस्की है। इसे पैराशूटिंग भी कहा जाता है, जिसमें हवाई जहाज से लोग कूदते हैं और जमीन से हजारों फीट की ऊंचाई पर एक अलग ही एडवेंचर का अनुभव होता है। यह एक ऐसा एयर स्पोर्ट्स है, जो पिछले कुछ वक्त में काफी पॉपुलर हुआ है। आप मैसूर, पुडुचेरी, हैदराबाद, अलीगढ़ जैसी जगहों पर स्काई डाइविंग का लुत्फ उठा सकती हैं।

## करें हॉट एयर बैलून राइड

हॉट एयर बैलूनिंग सबसे एडवेंचर्स स्पोर्ट्स में से एक है जो आपको जमीन से कई फीट ऊंचाइयों तक ले जाकर आसपास के नजारों को एक नए तरीके से दिखाता है। हालांकि भारत में, एक एडवेंचर्स एक्टिविटी के रूप में हॉट एयर बैलूनिंग अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। लेकिन फिर भी रोमांच पसंद लोग इसका आनंद उठाना पसंद करते हैं। अगर आप भारत में रहकर हॉट एयर बैलून का मजा उठाना चाहते हैं तो आपको राजस्थान की यात्रा करनी चाहिए। खासतौर से, पुष्कर ऊंट उत्सव के दौरान हॉट एयर बैलूनिंग राजस्थान एक्टिविटी के मुख्य आकर्षणों में से एक है। राजस्थान, द रॉयल स्टेट ऑफ इंडिया भारत में हॉट एयर बैलूनिंग के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।





# इन चीजों से अपने फॉर्मल लुक को बनाएं स्टाइलिश

**कैजुअल और पार्टी वियर लुक में जान डालने के लिए तो हमारे पास कई विकल्प होते हैं, लेकिन जब बात आती है फॉर्मल लुक की तो समझ नहीं आता कि क्या पहनें!**

जॉब करने वाली लड़कियों के पास एक्सपेरिमेंट करने के लिए बहुत कम स्कोप होता है। क्योंकि फॉर्मल के साथ अगर आप कुछ भी उल्टा सीधा पहनेंगी तो एक तो आपको ऑफिस में टोक दिया जाएगा और दूसरा आप हंसी का पात्र भी बन सकती हैं। इसी डर के कारण लड़कियां फॉर्मल लुक के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करती हैं। लेकिन आपको यह बता दें कि अगर एक बार आपको स्टाइल की नॉलेज हो जाए तो आप अपने फॉर्मल लुक को भी कूल और स्टाइलिश बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जिन्हें कैरी कर के आप अपनी बोरिंग सी ड्रेस में भी जान डाल सकती हैं।

## क्राउन स्टाइल हेयरबैंड

हेयर एक्सेसरीज पहनकर भी आप अपने फॉर्मल लुक को सबसे अलग दिखा सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसके लिए आपको कोई टोकेगा भी नहीं। हेयर एक्सेसरीज में आजकल क्राउन स्टाइल हेयरबैंड ट्रेंड में है, जैसे कि सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर विभु महापात्र का लेटेस्ट कलेक्शन। इस तरह के हेयरबैंड आपको किसी भी मार्किट में मिल जाएंगे।

## रिस्ट वॉच

अगर आपको यह लग रहा है कि अब रिस्ट वॉच फैशन में नहीं है तो हम आपको यह क्यों सजेस्ट कर रहे हैं! तो बता दें कि फॉर्मल ड्रेस के साथ रिस्ट वॉच हमेशा से फैशन का हिस्सा रही है। अगर आप फिल्मों में किसी एक्ट्रेस को फॉर्मल लुक में दिखेंगी तो वह भी रिस्ट वॉच ही कैरी करती हैं। इसलिए अगर आप भी अपने फॉर्मल लुक को बोल्ड और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो रिस्ट वॉच पहनें।

## फुटवियर और हैंडबैग

फुटवियर और हैंडबैग ऐसी चीजें हैं जिन्हें फॉर्मल लुक के साथ बहुत सोच समझकर चुनना चाहिए। अगर फुटवियर की बात करें तो आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हील्स वाली सैंडल पहन सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे हमेशा कम्फरटेबल हील्स ही पहनें। वहीं, आजकल लॉन्ग बैग फैशन में हैं, आप इन्हें भी पहन सकती हैं।

## नेकपीस

अपने ऑफिस लुक को क्लासी और स्टाइलिश बनाने के लिए आप फॉर्मल के साथ नेकपीस कैरी कर सकती हैं। आजकल मिनिमल जूलरी ट्रेंड में हैं, ये ऑफिस के लिए एकदम बेस्ट हैं। ये शर्ट और ड्रेस हर किसी के साथ जचते हैं। आप गोल्ड या प्लेटिनम वाली छोटे पैंडल की नेकपीस भी पहन सकती हैं।

## सनग्लासेज

सनग्लासेज भी आपके फॉर्मल लुक में चार चांद लगाते हैं इसलिए इन्हें भी आप अपने फेस के अनुसार सही शेप और कलर में कैरी कर सकती हैं। साथ ही आजकल फैंसी स्टाइल में नजर के चश्मे भी आ रहे हैं। आप ऑफिस में पूरे टाइम इन्हें पहनकर भी खूबसूरत दिख सकती हैं। कहने का मतलब यह है कि सनग्लासेज कैरी कर के भी आप अपने फॉर्मल लुक में जान डाल सकती हैं।



# गर्मियों के लिए बेस्ट रहेंगी ऑर्गेंजा साड़ी

**साड़ी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप बॉडी के अनुसार ही इसकी ड्रेपिंग करें। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें।**

साड़ी पहनना हम सभी को पसंद होता है। मार्केट में आपको आजकल साड़ी में रेडीमेड डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे। वहीं गर्मी के मौसम में पतले और स्किन फ्रेंडली फैब्रिक की साड़ियां पहनना सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। आजकल की बात करें तो सिल्क में ऑर्गेंजा साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। तो आइये देखते हैं ऑर्गेंजा साड़ी के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स।

## लेस डिजाइन साड़ी

लेस डिजाइन में साड़ी के काफी सारे डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे। गोटा-पट्टी इसमें सबसे ज्यादा चलन में रहती है। इस तरह के साड़ी डिजाइन आपको मार्केट में 2,500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। लुक के साथ में आप पेटीकोट की जगह शेप वियर को पहन सकती हैं।

## फ्लोरल डिजाइन साड़ी

ऑर्गेंजा में आपको फ्लोरल वर्क में काफी खूबसूरत और कलरफुल डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस लुक के साथ में आप मैचिंग कलर का स्लीवलेस ब्लाउज सिलवाकर पहन सकती हैं।

## हैवी बॉर्डर वर्क साड़ी

किसी फंक्शन में जाने के लिए साड़ी ढूंढ रही हैं तो इस तरह के हैवी बॉर्डर वर्क वाली साड़ी खरीद सकती हैं। हैवी वर्क में आपको फैंसी डिजाइन में काफी सारे साड़ी के ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। इस तरीके की खूबसूरत साड़ी आपको मार्केट में लगभग 4,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।



संक्षिप्त समाचार

## 6 महीने से एंजल वन का शेयर करा रहा था नुकसान, अब उड़ान भरने को तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एंजल वन के शेयर आने वाले कुछ दिनों में आपको डेढ़ गुना से अधिक मुनाफा कमवा सकते हैं। शेयर मार्केट इस स्टॉक को लेकर बुलिश हैं। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने एक नोट में इसका टार्गेट प्राइस 4200 रुपये रखा है। यह अपने मौजूदा प्राइस 2599.50 रुपये से 61.40 पर्सेंट अधिक है। यानी इस स्टॉक में पैसा लगाने वालों को आने वाले दिनों में डेढ़ गुना से अधिक प्रॉफिट होने की उम्मीद है। कुल सात एनॉलिस्टों में से 4 ने इसमें स्ट्रांग बाय की सलाह दी है। जबकि, दो ने क्क4 रेटिंग दी है। केवल एक ने इस स्टॉक को बेचकर निकल जाने की सलाह दी है। एंजल वन के शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो शुक्रवार को यह स्टॉक 1.11 पर्सेंट टूटकर 2599.50 रुपये पर बंद हुआ था। छह महीने में यह 22 फीसद से अधिक टूट चुका है। जबकि, इस साल अब तक 27 फीसद तक नुकसान करा चुका है। हालांकि, पिछले एक साल में 66 फीसद से अधिक का रिटर्न भी दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 3896 रुपये और लो 1452 रुपये है। अगर शेयर होल्डिंग पैटर्न की बात करें तो एंजल वन में जहां, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी कम की है तो घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बढ़ाई है। इसमें म्यूचुअल फंडों ने दिसंबर तिमाही की तुलना में मार्च तिमाही में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। एंजल वन में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी दिसंबर तिमाही में 38.24 फीसद थी। जबकि, मार्च तिमाही में यह घटकर 38.21 फीसद रह गई। जहां तक विदेशी निवेशकों की बात है तो दिसंबर तिमाही के 19.11 पर्सेंट की तुलना में हिस्सेदारी मार्च तिमाही में घटकर 17.27 फीसद रह गई। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस दौरान हिस्सेदारी 9.32 से बढ़ाकर 9.49 पर्सेंट कर ली। जबकि, म्यूचुअल फंड ने शेयर होल्डिंग 7.26 फीसद से घटाकर 6.99 पर्सेंट कर दी है।

## 2028-29 तक 50,000 करोड़ का होगा एसी बाजार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार 2028-29 तक 12 फीसदी की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। भीषण गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी और उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसी वजहों से घरेलू एसी श्रेणी में वृद्धि की रफ्तार बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं। इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल-मई में दोगुना से अधिक हो गई है। इससे पहले उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ ने कहा था कि इस साल घरेलू एसी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है।भीषणगर्मी के कारणमांग में वृद्धि से 2024 में एसी की सालाना बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के स्तर पर पहुंच जाएगी।

# बिकने जा रहा है पेटीएम का मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस

### इस बारे में पेटीएम और जोमैटो की बातचीत अंतिम दौर में है

### इस डील के लिए वैल्यूएशन 2,000 करोड़ रुपये हो सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस को बेचने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी की फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। सूत्रों का कहना है कि पेटीएम अपने नॉन-कोर एसेट्स को बेचने की रणनीति पर काम कर रही है। मूवी और टिकटिंग बिजनस को बेचना भी उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। अगर यह डील फाइनल होती है तो इसके लिए पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस की वैल्यू करीब 2,000 करोड़ रुपये हो सकती है।







रविवार देर रात स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में जोमैटो ने कहा कि वह पेटीएम के मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनस के खरीदने के लिए बातचीत कर रही है।

जोमैटो ने कहा कि यह बातचीत उसके गोइंग-आउट बिजनस को मजबूत करने के इरादे से की जा रही है। हालांकि अब तक कोई बाध्यकारी निर्णय नहीं लिया गया है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी। इस बीच एक अलग फाइलिंग में पेटीएम ने यह भी कहा कि बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। इसमें कोई बाध्यकारी समझौता शामिल नहीं है जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी या डिस्क्लोजर की जरूरत होगी। कंपनी वह नियमित रूप से विभिन्न रणनीतिक अवसरों की खोज करती है जिससे शेयरहोल्डर की वैल्यू बढ़ाई जा सके। एंटरटेनमेंट बिजनस की बिक्री पर विचार किया जा रहा है। अर्निंग्स कॉल में हमने बताया था कि हमारा जोर पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज पर होगा।

### क्या होगा फायदा

सूत्रों ने कहा कि पेटीएम अपने पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विस बिजनस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। कंपनी केवल उन अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगी जो उसके मर्चेंट्स को अपने बिजनस बढ़ाने में मदद करेंगे। जोमैटो के लिए यह डील वैल्यू एड करेगी। पेटीएम की मूवी और इवेंट टिकटिंग वर्टिकल को खरीदना उसके गोइंग-आउट बिजनस के लिए फायदेमंद रहेगा। मार्च तिमाही में जोमैटो के गोइंग-आउट सेगमेंट का रेवेन्यू 100 प्रतिशत बढ़कर 93 करोड़ रुपये रहा। सूत्रों ने कहा कि पेटीएम अपनी मूवीज और इनसाइडर (इवेंट प्लेटफॉर्म) वर्टिकल को एक टीम में मर्ज कर रहा है। फिलहाल ग्राहक पेटीएम ऐप पर मूवीज और इवेंट दोनों बुक करना जारी रख सकते हैं। डील पूरी होने के बाद जोमैटो अपने प्लेटफॉर्म के भीतर दोनों वर्टिकल को एकीकृत करने पर काम कर सकता है। सूत्रों ने कहा कि डील की औपचारिक घोषणा अगले सप्ताह हो सकती है।

## 325 प्रतिशत का दमदार रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेप्सिको के लिए बॉटल बनाने वाली कंपनी वरुण वेबरेज के शेयरों की कीमतों में पिछले कुछ सालों के दौरान तूफानी तेजी देखने को मिली है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 325 प्रतिशत बढ़ा है। यानी इस दौरान निवेशकों का पैसा दोगुना से अधिक हो गया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में बाजार बंद होने के समय पर 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1638 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 1650 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। यह 52 वीक हाई है। बता दें, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 754.35 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2,12,846.10 करोड़ रुपये का है।

बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी इस स्टॉक को लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म ने एफएमसीजी स्टॉक को 'बाय' टैग दिया है। आनंद राठी का मानना है कि कंपनी के शेयर इस साल 1900 रुपये के लेवल तक पहुंच जाएंगे। 2 साल पहले वरुण वेबरेज के शेयरों का भाव 527 रुपये के लेवल पर था। वहीं, 16 जून को 2021 को कंपनी के शेयरों का भाव 263 रुपये के लेवल पर था। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 523 प्रतिशत बढ़ा है।

### कंपनी की वित्तीय स्थिति कैसी है

इस साल के पहले क्वार्टर में कंपनी को 537.30 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। जोकि सालाना आधार पर 25.2 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 429.10 करोड़ रुपये का था। बता दें, वरुण बेवरेज जनवरी से दिसंबर का साइकल मानती है।

## किफायती मकानों की बिक्री में चार फीसदी की गिरावट

### लग्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग बनी वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले किफायती मकानों की बिक्री चार फीसदी घटकर 61,121 इकाई रह गई है। कम आपूर्ति और लग्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग से किफायती मकानों की बिक्री में गिरावट आई है। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, आठ प्रमुख शहरों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बंगलूरू, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, पुणे चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च, 2023 में 63,787 किफायती मकान बिके थे।

आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में 2,26,414 किफायती मकान बिके थे।2020 में कोविड महामारी के बीच बिक्री घटकर 1,88,233 इकाई रह गई। हालांकि, 2021 व 2022 में बिक्री में तेजी आई और यह बढ़कर क्रमशः 2,17,274 एवं 2,51,198 इकाई पर पहुंच गई।



### नईआपूर्ति में 37.90 फीसदी की कमी

आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान देश के इन आठ शहरों में 60 लाख रुपये तक के नए मकानों की आपूर्ति 37.90 फीसदी घटकर 33,420 इकाई रह गई।एक साल पहले की समान अवधि में इन शहरों में कुल 53,818 नएकिफायती मकानों की आपूर्ति की गईथी।

### लग्जरी परियोजनाओं में लाभ मार्जिन अधिक

प्रॉपइक्विटी का कहना है कि आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए बिल्डर्स लग्जरी अपार्टमेंट पेश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लग्जरी परियोजनाओं में लाभ मार्जिन किफायती की तुलना में अधिक है।

## तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच हैं कई समस्याएं, वित्त मंत्री के सामने हैं अभी चुनौतियां

### साल 1991 के बाद से भारत में बचत की दर घटी है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में हाल ही में आम चुनाव खत्म हुए हैं। अभी वित्त मंत्री को आर्थिक विकास की दर और अर्थव्यवस्था के आकार को देखने की बजाय कुछ चिंता के विषयों पर ध्यान देना चाहिए। चुनाव नतीजों से पता चला है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का मतलब ये नहीं है कि गरीबी कम हुई है या रोजगार ज्यादा पैदा हुए हैं। पहले ये सोचा जाता था कि अगर अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो गरीबी और अमीरी के बीच की खाई ज्यादा मायने नहीं रखती है। लेकिन अब ये सोच बदल रही है। साथ ही, अर्थव्यवस्था की रफ्तार को लेकर भी कुछ चेतावनी के संकेत मिल रहे हैं। इनमें से सबसे बड़ी चिंता है लोगों की बचत में कमी है।

साल 1991 के बाद से भारत में बचत की दर घटी है। 1990-91 में जीडीपी का 23.3 प्रतिशत बचत होती थी जो 2007-08 में बढ़कर 37.8 प्रतिशत हो गई। लेकिन उसके बाद से बचत लगातार कम होती गई और 2020-21 में घटकर 28.2 प्रतिशत रह गई। अध्ययनों से पता चला है कि बचत बढ़ने की एक बड़ी वजह अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ती खाई थी। जैसे-जैसे अमीरों की आमदनी बढ़ी, वैसे-वैसे गरीबों की जेब खाली होती गई। गरीब कमाई का ज्यादातर हिस्सा खाने-पीने पर खर्च कर देते हैं जबकि अमीर बचत कर सकते हैं।



लेकिन सिर्फ अमीरों की आमदनी बढ़ाकर देश की बचत को बढ़ाना ज्यादा समय तक नहीं चल सकता। गरीबी को दूर करने के लिए सरकार को गरीबों को मदद देनी पड़ती है। भले ही कुछ लोग इस मदद को मुफ्तखोरी समझते हों, लेकिन ये राजनीतिक रूप से जरूरी है। इसके अलावा, अगर अमीरों की आमदनी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, तो वो पैसा विदेश में चला जाता है और देश की अर्थव्यवस्था को कोई फायदा नहीं मिलता। कुछ संकेत हैं कि ऐसा होना शुरू हो चुका है।

तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के पीछे विदेशी निवेश भी एक कारण है। लेकिन ये निवेश कभी भी कम या ज्यादा हो सकता है। साथ ही, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हमेशा रोजगार पैदा नहीं करती। टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल से कई लोगों की नौकरियां खत्म हो सकती हैं। अगर भारत में बचत की दर बढ़ानी है, तो आर्थिक नीतियों में बदलाव करना होगा। साल 1991 में बजट भाषण के दौरान मनमोहन सिंह ने भारतीय उद्योग को ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए अर्थव्यवस्था को खोलने की बात की थी। लेकिन ऐसा पूरी तरह से नहीं हो सका, जिसकी वजह से भारत को विदेशी निवेश पर ज्यादा निर्भर होना पड़ा। विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भारत ने कई स्टॉक एक्सचेंज को बंद कर के सिर्फ दो बड़े स्टॉक एक्सचेंज दिया। इससे छोटे शहरों में जमा होने वाली बचत का बड़े उद्योगों में निवेश कम हो गया। पहले छोटे शहरों के स्टॉक एक्सचेंज स्थानीय कंपनियों को वहां के लोगों से पैसा जुटाने में मदद करते थे। ये कंपनियां सफल होने के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जा सकती थीं। छोटे स्टॉक एक्सचेंज बंद होने से गरीब लोगों का पैसा बड़े शेयर बाजार में नहीं लग पाता, जहां न्यूनतम निवेश की रकम उनकी पहुंच से बाहर है। बचत की दर बढ़ाने के लिए जरूरी है कि छोटे बचत करने वालों का पैसा स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ा जाए। इसके लिए छोटे शहरों के स्टॉक एक्सचेंज को दोबारा खोलने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे नए वित्तीय तरीके अपनाने चाहिए जो अर्थव्यवस्था के हर हिस्से को ध्यान में रखें।

## शीघ्र ही डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन लॉ लागू होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र में नई सरकार के गठन हुए अभी कुछ ही दिन बीते हैं। लेकिन, भाजपा की अगुआई वाली एनडीए की केंद्र सरकार अब अपने पिछले कार्यकाल में चुनावों से पहले रुके कामों को गति देने के मूड में है। पिछले साल संसद में पारित हुए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन लॉ को अमली जामा पहनाने की प्रक्रिया इसी सिलसिले की कड़ी है।

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से इस मसले पर बात करते हुए बताया कि इस नियम की ड्राफ्टिंग काफी आगे बढ़ चुकी है। अब सरकार इसे इंडस्ट्री के परामर्श के लिए जल्द लेकर सामने आएगी। लोगों के पर्सनल डेटा की सुरक्षा को इस कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। सोशल साइट, वेबसाइट या ऐप आपके डेटा का गलत इस्तेमाल करेंगे तो भारी जुर्माने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्री ने बताया, दिसंबर से शुरू हुए रूल्स ड्राफ्टिंग के काम में खासी प्रगति हुई है। सरकार इसे लेकर बेहद व्यापक तरीके से परामर्श करेगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सरकार डिजिटल बाई डिजाइन प्लैटफॉर्म बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है, जिससे कि इसका क्रियान्वयन डिजिटल तरीके से हो सके। दरअसल डिजिटल बाई डिजाइन डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल का ही हिस्सा है। इसे लेकर भी काम तेजी से हो रहा है। मंत्री ने रूल्स के ड्राफ्ट को लेकर कहा कि इसमें अभी कोई टाइमलाइन तय नहीं है, लेकिन अच्छी प्रगति हुई है। ड्राफ्ट की समीक्षा के बाद उन्होंने इसे बेहद संतोषजनक पाया, लेकिन इसमें बदलाव होंगे क्योंकि सभी से परामर्श लिया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त में बिल पारित होने के बाद वैष्णव ने कहा था कि सरकार इसे आने वाले 10 महीनों में लागू कर देगी। इसके साथ ही इसके वर्किंग मैकेनिज्म के तहत एक स्वतंत्र डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड बनाए जाने का भी जिक्र है, जो कि डिजिटल बाई डिजाइन है। सरकार का कहना है कि इसके जरिए दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों की न्याय तक आसान पहुंच हो जाएगी।

## मोदी 3.0 के पहले बजट में नौकरियों पर रहेगा जोर, पीएलआई स्कीम और छोटे उद्योगों को बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में नौकरियों पर जोर रहने की उम्मीद है। इसके लिए प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का विस्तार ऐसे सेक्टर्स में किया जा सकता है जिनमें लोगों को ज्यादा रोजगार मिलता है। इनमें फर्नीचर, खिलौने, फुटवियर और टेक्सटाइल्स शामिल हैं। टेक्सटाइल्स में और ज्यादा सेगमेंट्स को इस योजना में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही बजट में एमएसएमई सेक्टर, महिलाओं की आय का स्तर बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने पर जोर रह सकता है। इनमें से कई मुद्दे सरकार के 100 दिन के एजेंडे का भी हिस्सा हैं। इसके अलावा वित्त मंत्रालय मिडल क्लास के लिए भी कई तरह की रियायत देने पर विचार कर रहा है। ये रियायत हाउसिंग लोन के लिए ब्याज दर सब्सिडी के रूप में दी जा सकती है।

सूत्रों के मुताबिक बजट पर चर्चा अभी शुरुआती दौर में है और अभी





विस्तृत विचार-विमर्श अभी शुरू होना बाकी है। मंत्रियों ने पिछले सप्ताह कार्यभार संभाला है, इसलिए बजट पर विस्तृत विचार-विमर्श अभी शुरू नहीं हुआ है। बजट से पूर्व सरकार विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत करती है। ये परामर्श इस सप्ताह शुरू होने वाले हैं। लेकिन अधिकारियों ने इसके लिए बहुत सारा ग्राउंटवर्क पहले ही कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन अधिकारियों को नई सरकार के 100 दिन के कामकाज का एजेंडा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। अगले कुछ दिनों में फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण अर्थशास्त्रियों, कृषि क्षेत्र के निर्यातकों, बाजार सहभागियों, बैंकरों और श्रमिक संघों के अलावा अन्य लोगों से मिलने वाली हैं।

सीतारमण शनिवार को राज्य के वित्त मंत्रियों से मुलाकात कर बजट पर उनकी राय लेंगी, उसके बाद दोपहर में जीएसटी परिषद की बैठक में शामिल होंगी। पीएलआई योजना का और अधिक क्षेत्रों में विस्तार करने का प्रस्ताव कुछ समय से विचाराधीन है। इनमें विशेष रसायन भी शामिल हैं। इस सेक्टर में यूरोपीय कंपनियां पीछे हट रही हैं। उनकी चिंता निवेश के आकार को लेकर है। विदेशी कंपनियां इस मुद्दे पर सरकार से स्पष्टता चाहती हैं। एमएसएमई पैकेज का विवरण अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन इसका उद्देश्य छोटी कंपनियों को मजबूत बनाना है। खेती-किसानी के बाद यह सेक्टर सबसे ज्यादा नौकरियां देने वाला क्षेत्र है। इसलिए बजट में इस पर खास जोर रहने की उम्मीद है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों में रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठा और कई जानकारों का मानना है कि इस मामले में व्यापक असंतोष के कारण बीजेपी बहुमत के आंकड़े से चूक गई। महिलाओं के लिए आय के स्तर को बढ़ाने और वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कई सुझाव दिए गए हैं।

## दो महीने में जुड़े 81 लाख निवेशक, फोलियो की संख्या 18.6 करोड़ हुई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड उद्योग में चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल और मई में 81 लाख नए निवेशक जुड़े हैं। लगातार वितरण प्रयासों और वितरण नेटवर्क के मजबूत होने के कारण ऐसा हुआ है। ज्यादातर निवेश 40 साल तक की उम्र के लोग कर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, मई अंत में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या बढ़कर 18.6 करोड़ पहुंच गई।मार्च अंत में यह 17.78 करोड़ थी। मई में 45 लाख फोलियो की बढ़त हुई। अप्रैल में 36.11 लाख फोलियो जोड़े गए थे। कुल 81 लाख फोलियो में 61.25 लाख इक्विटी केंद्रित स्कीमों में खुले हैं। इससे इक्विटी स्कीमों के कुल फोलियो की संख्या 12.89 करोड़ की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। म्यूचुअल फंड हाउस में कुल फोलियो में 69 फीसदी हिस्सा इन्हीं स्कीमों का है।

आंकड़ों के अनुसार, 2023 में हर माह औसत 22.3 लाख फोलियो जोड़े गए थे। इस साल यह दोगुना से भी ज्यादा बढ़ गया है। म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए अधिकांश नए निवेशक डिजिटल चैनलों का रास्ता अपना रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में फोलियो में उछाल जेन-वाई और जेन-जेड निवेशकों के कारण हुआ है। जेन वाई का मतलब 1981 से 1996 के बीच और जेन जेड का मतलब 1997 से 2012 के बीच पैदा होने वालों से है।



विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले हफ्ते भारतीय बाजार में 11,730 करोड़ रुपये का निवेश किया है। घरेलू और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच इन निवेशकों ने खरीदारी की। हालांकि, इस पूरे महीने इन निवेशकों ने 3,064 करोड़ रुपये की निकासी की है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने घरेलू शेयर बाजारों में जून के पहले सप्ताह में 14,794 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। उस समय लोकसभा चुनाव नतीजों के कारण बाजार में भारी गिरावट आई थी।

हालांकि, पिछले हफ्ते सेंसेक्स ने दिन के कारोबार में 77,000 के आंकड़े को पार कर लिया था। मई में इन निवेशकों ने 25,586 करोड़ रुपये की निकासी की थी। अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये निकाले थे। उधर, सूचीबद्ध शीर्ष-5 कंपनियों की बाजार पूंजी पिछले हफ्ते 85,582 करोड़ बढ़ गई। एलआईसी की पूंजी सर्वाधिक 46,425 करोड़ बढ़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में भूस्खलन के कारण छह की मौत

**क्विटो, एजेंसी।** इक्वाडोर में भूस्खलन के कारण छह लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 30 लोग लापता हो गए हैं। भूस्खलन बानोस डी अगुआ सांता शहर में हुआ, जो शहर के केंद्र में है। इक्वाडोर के लोक निर्माण मंत्री ने प्रभावित हुए सभी लोगों के लिए शोक व्यक्त की। अल साल्वाडोर में भारी बारिश के कारण रेड अलर्ड जारी किया गया है।

### अमेरिकी नौसेना ने हूतियों से ग्रीक चालक दल को बचाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नौसैन्य बल केंद्रीय कमान ने लाइबेरियाई ध्वज व ग्रीक स्वामित्व वाले बड़े वाणिज्यिक जहाज एमवी ट्यूटर से चालक दल को बचा लिया। लाल सागर में इस जहाज पर 12 जून को ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हमला कर दिया था। अमेरिकी सेना के ड्वाइट डी. आइजनहावर कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ने जहाज के चालक दल के सदस्यों को शनिवार को एयरलिफ्ट किया।

### रूसी अधिकारियों को बंधक बनाने वाले आईएस आतंकी ढेर

**मास्को, एजेंसी।** रूसी सुरक्षाबलों ने देश के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एक हिरासत केंद्र पर धावा बोल दो कारागार अधिकारियों को बंधक बनाने वाले आतंकी संगठन आईएस से जुड़े आतंकियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने बंधक बनाए गए दोनों अधिकारियों को सकुशल मुक्त करा लिया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने रविवार को संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया, रोस्तोव-ऑन-डॉन में हिरासत केंद्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बंधक बनाने वालों को खत्म कर दिया गया है।

### शी ने मुइज्जू को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, चीन और मालदीव के बीच रणनीतिक संबंधों पर दिया जोर

**माले, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन-मालदीव संबंधों के महत्व पर जोर दिया है और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपना समर्थन दोहराया। माले स्थित राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि शी ने मालदीव के अपने समकक्ष मोहम्मद मुइज्जू को उनके 46वें जन्मदिन पर यह संदेश भेजा। दिलचस्प बात यह है कि शी ने भी शनिवार को अपना 71वां जन्मदिन मनाया। बयान में कहा गया कि मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने राष्ट्रपति मुइज्जू से उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें उनके जन्मदिन पर राष्ट्रपति शी की ओर से बधाई पत्र सौंपा। मुइज्जू चीन समर्थक अपने रुख के लिए जाने जाते हैं। पत्र में राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रपति मुइज्जू को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बयान में कहा गया है कि उन्होंने चीन-मालदीव संबंधों के महत्व पर भी जोर दिया और चीन-मालदीव व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी को मजबूत करने और साझा भविष्य के साथ चीन-मालदीव समुदाय का निर्माण करने के लिए अपने उत्साह को दोहराया। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने राजदूत वांग को व्यक्तिगत रूप से शी का पत्र देने के लिए आभार जताया और कहा कि इसे प्राप्त करके उन्हें बहुत खुशी हुई। इसमें कहा गया कि मुइज्जू और वांग के बीच चर्चा में मालदीव और चीन के बीच सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने भविष्य के समझौतों और विकास के लिए आगामी सहयोगी पहलों पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त, चीन के राजदूत ने कहा कि चीन मालदीव के आर्थिक विकास में सहायता करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और उन्होंने उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी ली, जहां मालदीव सरकार को अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है।

### शिकागो के इलिनोइस विश्वविद्यालय के एक छात्र ने अमेरिका, अमेरिकी सरकार और लोकतंत्र को कैंसर

शिकागो, एजेंसी। शिकागो के इलिनोइस विश्वविद्यालय के एक मुस्लिम छात्र ने अमेरिका, अमेरिकी सरकार और लोकतंत्र को कैंसर कह दिया। इसके बाद छात्र को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। कथित तौर पर छात्र ने यह बातें 3 मई, 2024 को दिए गए भाषण के दौरान कही थी। हालांकि वीडियो अब सामने आया है और खूब वायरल हो रहा है। न्यूज आउटलेट स्ल्थस्ल्रछ्ल के मुताबिक छात्र का नाम मोहम्मद नुसैरत है। नुसैरत की लिंक्डइन प्रोफ़ाइल के मुताबिक वह इलियोनिस विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ़ साइंस – बीएस, डेटा साइंस के साथ कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा है। उसने विश्वविद्यालय के मुस्लिम स्टूडेंट एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में दिए गए भाषण में कहा कि, अमेरिका कैंसर है। अमेरिका, अमेरिकी सरकार, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, पूंजीवाद, ये ऐसे कैंसर हैं जिन्होंने अपनी बीमारी पूरी दुनिया में फैलाई है। उसने आगे कहा अब मुसलमान इस कैंसर से थक चुके हैं। वे अमेरिकी सरकार से थक चुके हैं। वे लोकतंत्र से थक चुके हैं। वे जीवन का एक नया तरीका देखना चाहते हैं। और मुसलमानों के रूप में, हमें यह समझना होगा कि हमारे पास जीवन का वह नया तरीका है। उसने आगे कहा, इस्लाम एक न्यायपूर्ण धर्म है जिसे समाज पर लागू किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए नुसैरत के भाषण की काफी आलोचना हुई। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट किया, तो चले जाओ। हम अमेरिका में किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं चाहते जो हमारे देश से नफरत करता हो।

## खालिस्तानी आंतकी पन्नू के हत्या साजिश मामले में आरोपी निखिल गुप्ता अमेरिका प्रत्यर्पित





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। गुप्ता (52) को अमेरिकी नागरिक एवं सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। चेक संवैधानिक अदालत ने पिछले माह गुप्ता की प्रत्यर्पण के खिलाफ दी गई याचिका खारिज कर दी थी।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता एक अज्ञात भारतीय सरकारी अधिकारी के निर्देशों के अनुसार काम कर रहे थे। भारत ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इंकार किया है और आरोपों की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। गुप्ता फिलहाल ब्रूकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेन्शन सेंटर में बंद हैं। उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में पेश किया जा सकता है। 'द वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले गुप्ता के प्रत्यर्पण की खबर जारी की। अखबार की खबर के अनुसार, ''गुप्ता, जिसे चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था, को सप्तातांत में न्यूयॉर्क लाया गया। मामले के जानकार लोगों ने नाम जाहिर नहीं करने के अनुरोध पर यह जानकारी दी है। आम तौर पर प्रत्यर्पित व्यक्ति को देश में आने के एक दिन के अंदर ही अदालत में पेश किया जाता है।

संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर की अग्रिम राशि का भुगतान किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी भी इसमें शामिल था। अधिकारी का नाम नहीं लिया गया। गुप्ता ने अपने वकील के माध्यम से अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया और कहा है कि उन पर अनुचित आरोप लगाए गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट की खबर में कहा गया, गुप्ता की वकील रोहिणी मूसा ने भारतीय उच्चतम न्यायालय को दी गई याचिका में कहा है कि उनके मुवक्किल पर अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जो याचिकाकर्ता को कथित पीड़ित की हत्या की कथित बड़ी साजिश से जोड़ता हो। अखबार की खबर के अनुसार, उन्होंने (मूसा ने) कहा कि भारत और अमेरिका अपनी विदेश नीति के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं।

गुप्ता का प्रर्त्यपण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन वार्षिक ''क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) संवाद के लिए नयी दिल्ली की यात्रा पर आने वाले हैं। सुलिवन अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ इस संवाद में हिस्सा लेंगे। पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अप्रैल 2024 में वाशिंगटन पोस्ट की खबर में कहा गया था कि पन्नू की हत्या की साजिश के पीछे 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के अधिकारी विक्रम यादव का हाथ है। अखबार में यह दावा भी किया गया कि रॉ के प्रमुख सामंत गोयल ने अभियान को मंजूरी दी थी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने खबर को खारिज कर दिया और पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता के दावे को गलत बताया है। भारत ने कहा है कि पन्नू की कथित हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका द्वारा साझा किए गए प्रमाण की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।

## ट्रंप ने किया इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाने का वादा; बाइडन को दी दिमाग का टेस्ट कराने की सलाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यहां राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप में कड़ी टक्कर है। दोनों उम्मीदवार एक दूसरे पर जमकर निशाना साधते रहते हैं। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति ने मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन पर तंज कसते हुए दावा किया कि वह फिर से सत्ता में आते हैं तो देश के इतिहास में सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाया जाएगा। वहीं, बाइडन को सलाह दी है कि उन्हें दिमाग का टेस्ट लेना चाहिए। हालांकि, इस दौरान ट्रंप खुद व्हाइट हाउस के डॉक्टर का नाम गलत बोल गए।

2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में फिर से चुने जाते हैं तो सबसे बड़ा निर्वासन अभियान चलाएंगे। मिशिगन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने समर्थकों से नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति के लिए मतदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, नवंबर में हर मतदाता के पास विकल्प है। आप ऐसा राष्ट्रपति चुन सकते हैं, जो हजारों चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों को हमारे देश में आने दें। या फिर आप एक ऐसा राष्ट्रपति बना सकते हैं, जो चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों को देश से बाहर निकाल देगा।

ट्रंप ने कहा, मेरे नए प्रशासन के पहले दिन हम अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब रिपब्लिकन खेमा प्रवासियों के हमले को उठाने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप और उनके समर्थक चुनाव से पहले ही ऐसा माहौल बना रहे हैं कि डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन ने अप्रवासियों के लिए अमेरिका आना आसान बना दिया है।

इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मौजूदा राष्ट्रपति को एक सुझाव दिया कि उन्हें एक दिमाग का टेस्ट लेना चाहिए। हालांकि सुझाव के दौरान ट्रंप खुद व्हाइट हाउस के डॉक्टर का नाम भूल गए और डॉक्टर रॉनी जैक्सन को रॉनी जॉनसन कहकर बुलाने लगे। पूर्व राष्ट्रपति ने डेट्रायट में टर्निंग प्वाइंट एक्शन के एक कार्यक्रम में बाइडन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वह यह भी नहीं जानते कि मुद्रास्फीति शब्द का मतलब क्या होता है। मुझे लगता है कि उन्हें मेरी तरह संज्ञानात्मक परीक्षण लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, डॉक्टर रॉनी जॉनसन।

## अभी भी दहक रही लॉस एंजिल्स के जंगल की आग, कैलिफोर्निया से 12 हजार से ज्यादा लोग निकाले गए

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। जंगल में लगी आग अब कैलिफोर्निया तक फैल गई है। इसकी वजह से 12 हजार से लोगों आग से बचाव के क्रम में उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बता दें कि अमेरिका के लॉस एंजिल्स में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। और लॉस एंजिल्स काउंटी में पिछले कई दिनों से भीषण आग लगी है।

कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग ने इस आग को पोस्ट फायर नाम दिया है। जिसने लॉस एंजिल्स से लगभग 62 मील उत्तर-पश्चिम में गोर्मन में इंटरस्टेट 5 फ्रीवे के पास 3,600 एकड़ से अधिक क्षेत्र को जला दिया। वहीं लॉस एंजिल्स प्रशासन ने आग के कारण शहर के एक अंतर्राज्यीय राजमार्ग को बंद कर दिया है।

लॉस एंजिल्स काउंटी फायर डिपार्टमेंट ने रात 8 बजे जारी अपडेट में बताया कि कैलिफोर्निया स्टेट पार्क सर्विसेज ने गोर्मन में हंगरी वैली मनोरंजन क्षेत्र से 1,200 लोगों को निकाला और आग के खतरे को ध्यान रखते हुए हंगरी वैली और पिरामिड झील दोनों को बंद कर दिया गया है। मामले में अग्निशमन विभाग ने बताया कि हमारे कर्मचारी आग को फैलने से रोक रहे हैं।

## मक्का और मदीना में भीषण गर्मी और लू का कहर, हीट स्ट्रोक से 19 हज यात्रियों की चली गई जान



**मक्का, एजेंसी।** भीषण गर्मी का कहर सिर्फ भारत के उत्तर पश्चिमी हिस्से ही नही दुनिया के दूसरे देशों में भी इसका कहर देखने को मिल रहा है। हज की यात्रा पर सऊदी अरब आए 19 लोगों की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। अधिकारियों का कहना है कि इस साल तापमान में भारी उछाल है और भीषण गर्मी का कहर जारी है। मरने वाले हज यात्री जॉर्डन और ईरान के बताए जा रहे हैं।

हर साल हज यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में मुस्लिम सऊदी अरब आकर मक्का और मदीना का दौरा करते हैं। हज दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक सभाओं में से एक है। मुस्लिम समुदाय में ऐसा कहा जाता है कि मक्का और मदीना बेहद पवित्र स्थल हैं और सभी मुसलमानों को कम से कम एक बार हज की यात्रा जरूर करनी चाहिए। इस साल सऊदी अरब में हज यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के वक्त तापमान 40 डिग्री से भी ऊपर चला जा रहा है।

इस साल हज यात्रा के लिए कम से कम 1.8 मिलियन मुस्लिम भाग ले रहे हैं। कई अनुष्ठान बाहर और पैदल पूरे किए जाते हैं, इससे बुजुर्गों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण कम से कम 19 हज यात्रियों की मौत की सूचना है। सऊदी अरब ने हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी लेकिन, जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, जॉर्डन के 14 तीर्थयात्रियों की हज यात्रा के दौरान मृत्यु हो गई और 17 अन्य लापता हो गए। हालांकि उनकी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

उधर, ईरानी रेड क्रिसेंट के प्रमुख पिरहोसैन कूलिवंद ने कहा, इस साल हज के दौरान मक्का और मदीना में अब तक पांच ईरानी तीर्थयात्रियों की जान चली गई है। ईरान ने भी भी नहीं बताया कि उनकी मौत कैसे हुई।

### पिछली हज यात्रा में 240 की मौत

हालांकि यह पहली बार नहीं है। विभिन्न देशों द्वारा घोषित आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल हज के दौरान कम से कम 240 लोग की मौत हो गई थी, इनमें से अधिकांश इंडोनेशिया से थे। तब भी मौत के कारणों की जानकारी नहीं दी गई थी। सऊदी अरब के एक अधिकारी ने एएफपी को बताया कि पिछले साल देश में गर्मी के कारण 10000 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे। इनमें 10 फीसदी हीट स्ट्रोक के कारण थे।

## हवाई यात्रा के दौरान हिंसक व्यवहार के लिए अमेरिकी महिला पर कार्रवाई, एफएए ने लगाया 81950 डॉलर का जुर्माना




**वाशिंगटन, एजेंसी।** 2021 में अमेरिका के टेक्सास से चार्लोट तक हवाई सफर करने के दौरान अपने सहयात्रियों को लात मारने और थूकने की आरोपी महिला पर अब मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने महिला पर अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना लगाया है। हालांकि आरोपी महिला हीथर वेल्स जुर्माने की राशि चुकाने में असमर्थ रही।

**डक्ट टेप से बांधी गई थी आरोपी महिला :** दरअसल सैन एंटोनियो की रहने वाली हीथर वेल्स 7 जुलाई 2021 को अमेरिकन एयरलाइंस से टेक्सास से चार्लोट के लिए प्रथम श्रेणी के टिकट पर यात्रा कर रही थी। इस दौरान उसने व्हिस्की का ऑर्डर दिया और उसके बाद उसने हिंसक व्यवहार करना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला ने सह यात्रियों और फ्लाइट क्रू को लात मारी और उनपर थूका और फ्लाइट का मुख्य दरवाजा खोलने की कोशिश की। जिसके बाद उसे जैसे-तैसे डक्ट टेप से उसकी सीट पर बांधा गया था।

**महिला ने यात्रियों के साथ किया अभद्र व्यवहार :** मामले में दर्ज शिकायत में बताया गया कि महिला ने कई लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किए और केबिन के सामने का दरवाजा खोलने की कोशिश की। वहीं महिला ने फ्लाइट अटेंडेंट को भी धक्का दिया और जब दो केबिन क्रू और एक यात्री ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने एक अटेंडेंट के सिर पर हमला भी किया। और जब महिला को डक्ट टेप से उसकी सीट पर बांधा गया तभी भी उसका हिंसक व्यवहार जारी रहा और उसने अपने सामने की सीट को भी तोड़ दिया। आखिरकार महिला को बेहोश करके चार्लोट में उतार दिया गया।

**किस मामले में कितना लगाया गया जुर्माना? :** एक रिपोर्ट के मुताबिक महिला पर केबिन क्रू और फ्लाइट अटेंडेंट पर हमला करने और खतरा पैदा करने के लिए 45 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया। वहीं उड़ान के दौरान केबिन का दरवाजा खोलने का प्रयास के आरोप में 27 हजार 950 डॉलर और चालक दल के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए 9 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

## दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के जहाज के बीच टक्कर, ड्रैगन ने पूरा आरोप मनीला पर मढ़ा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन दक्षिण चीन सागर को पूरी तरह से हड़पने के लिए लगातार दूसरे देशों से टकराता रहता है। पिछले कुछ महीनों से चीन और फिलीपींस के तटरक्षक बलों के बीच होने वाली झड़पें खबरों में रही हैं। हालांकि, इस बीच दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के पास एक चीनी जहाज और एक फिलीपींस के आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर होने की जानकारी सामने आई है।

**थॉमस सोल के पास हादसा :** चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के पास सोमवार को एक चीनी जहाज और एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज टकरा गया। तटरक्षक बल ने आगे बताया कि फिलीपींस के आपूर्ति जहाज ने द्वितीय थॉमस शोल के निकट पानी में प्रवेश किया, जो स्प्रैटली द्वीप समूह में एक जलमग्न चट्टान है।

**चेतावनियों को किया नजरअंदाज :** चीनी तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर कहा कि चीन बार-बार चेतावनी दे रहा था, लेकिन फिलीपींस के आपूर्ति जहाज ने गंभीर चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। वहीं, एक चीनी जहाज के पास गैर-पेशेवर तरीके से खतरनाक तरीके से पहुंचा, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गई। आगे कहा कि इस पूरे मामले का जिम्मेदार फिलीपींस है।

**मनीला की सफाई :** हालांकि, फिलीपींस की



राजधानी मनीला का कहना है कि यह समुद्री तट, जो उसके तट से 200 समुद्री मील (370 किलोमीटर) से भी कम दूरी पर स्थित है, उसके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेष आर्थिक क्षेत्र में आता है और वह अक्सर 2016 के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के फैसले का हवाला देता है, जिसने ऐतिहासिक आधार पर दक्षिण चीन सागर में चीन के दावों को अमान्य कर दिया था।

**दक्षिण चीन सागर को लेकर क्या विवाद है? :** दक्षिण चीन सागर दुनिया के सबसे व्यस्त जलमार्गों में से एक है। यह समुद्री मार्ग से व्यापार एवं परिवहन के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। दक्षिण चीन सागर या साउथ चाइन सी पर दावे को लेकर चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, ब्रूनेई दारुसलाम, फिलीपींस, ताइवान, स्कार्बोराफ रीफ जैसे विभिन्न देशों के बीच विवाद है।

## इस्राइली सेना के हर दिन 11 घंटे युद्धविराम पर रार, आग बबूला हुए पीएम नेतन्याहू

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच खबर सामने आ रही है कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी सेना से नाराज हो गए हैं। दरअसल, सेना ने हाल ही में फैसला लिया था कि फलस्तीनी क्षेत्र में सहायता पहुंचाने के लिए गाजा की मुख्य सड़कों में से एक पर लड़ाई में प्रतिदिन रणनीतिक विराम लगाया जाएगा। इस कदम को लेकर ही पीएम नेतन्याहू भड़क गए और सेना की आलोचना की।

**सेना ने यह उठाया कदम :** सेना ने केरेम शालोम क्रॉसिंग से सलाह अल-दीन रोड और फिर उत्तर की ओर के क्षेत्र में हर दिन सुबह पांच बजे से शाम को चार बजे तक कोई भी हमला नहीं करने का एलान किया था।

**आगबूबला हुए पीएम :** एक अधिकारी ने बताया कि जब प्रधनामंत्री को इस बात का पता चला कि हर दिन 11 घंटे का युद्ध पर विराम रहेगा तो वह आग बबूला हो गए। उन्होंने तुरंत सेना के सचिव से बात की और स्पष्ट किया कि यह कदम वह स्वीकार्य नहीं करेंगे।

**सेना ने दिया जवाब :** वहीं, सेना ने स्पष्टीकरण दिया कि राफा में सामान्य अभियान जारी रहेंगे, जहां शनिवार को आठ सैनिक मारे गए थे। हालांकि, नेतन्याहू की प्रतिक्रिया ने गाजा में सहायता के मुद्दे पर राजनीतिक तनाव को



रेखांकित किया, जहां अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने बढ़ते मानवीय संकट की चेतावनी दी है।

**जिसने भी फैसला किया वह मूर्ख :** नेतन्याहू के सत्तारूढ़ गठबंधन में राष्ट्रवादी धार्मिक दलों में से एक का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर ने एक रणनीतिक विराम के विचार की निंदा करते हुए कहा कि जिसने भी फैसला किया वह मूर्ख था। फैसला करने वाले को नौकरी से निकाला जाना चाहिए।

**नया संघर्ष छिड़ता दिख रहा :** युद्ध विराम को लेकर गठबंधन के सदस्यों और सेना के बीच नया संघर्ष छिड़ता दिख रहा है। इससे एक सप्ताह पहले मध्यमार्गी पूर्व जनरल बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू पर गाजा में कोई प्रभावी रणनीति नहीं होने का आरोप लगाते हुए सरकार का साथ छोड़ दिया था।

**यहूदियों को सेना में भर्ती करने पर मतभेद :** पिछले सप्ताह संसद में अति-रूढ़िवादी यहूदियों को सेना में भर्ती करने संबंधी कानून पर हुए मतदान में मतभेद उजागर हो गए, जब रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने पार्टी के आदेशों की अवहेलना करते हुए इसके खिलाफ मतदान किया और कहा कि यह कानून सेना की जरूरतों के लिए अपर्याप्त है। गठबंधन में शामिल धार्मिक दलों ने अति-रूढ़िवादी लोगों के लिए भर्ती का कड़ा विरोध किया है, जिससे कई इस्राइलियों में गुस्सा है, जो युद्ध के चलते और गहराता जा रहा है। सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने रविवार को कहा कि तेजी से बढ़ते अति-रूढ़िवादी समुदाय से अधिक सैनिकों की भर्ती करने की निश्चित आवश्यकता है।

**यह है मामला :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था।

# पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चोपड़ा




## जर्मनी के खिलाड़ी से होगा सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोट से उबरने के बाद विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा वापसी के लिए तैयार हैं। मंगलवार को वह पावो नूरमी खेलों में जर्मनी के मैक्स डेहिंग के खिलाफ खेलेंगे। इस मुकाबले से वह ओलंपिक की अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। डेहिंग प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब के सबसे कम उम्र के सदस्य हैं, जिसमें चोपड़ा भी प्रवेश करना चाहेंगे। एक दिवसीय प्रतियोगिता के 2022 संस्करण में चोपड़ा को हराने वाले ओलिवर हेलैंडर भी मौजूद होंगे।भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। चोपड़ा ने उसी साल डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में 89.94 मीटर का थ्रो किया था। आगामी टूर्नामेंट में दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वाल्कोट भी शामिल होंगे।

चोपड़ा ने पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया था। दरअसल, उन्हें एडक्टर (जांघों की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत थी। उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में अपना सीजन शुरू किया था, जहां उन्होंने 88.36 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। यह उनके करियर का नौवां सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पावो नूरमी खेलों के बाद चोपड़ा सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में एक्शन में नजर आएंगे।

## स्ट्राइकर्स की ब्लास्टर्स पर रोमांचक जीत




**मोहाली, एजेंसी।** जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने रविवार को अपने युवा खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन( पीसीए ) द्वारा आयोजित दूसरे शेर–ए–पंजाब टी20 कप में टीम ने बीएलवी ब्लास्टर्स पर रोमांचक मुकाबले में 11 रन से जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 187/5 का विशाल स्कोर बनाया। ओपनर शिवेन रखेजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 26 गेंदों में 46 रन की पारी खेलकर स्ट्राइकर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओपनर कार्तिक शर्मा ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने 15 गेंदों में 26 रन बनाए। दोनों ने 4.3 ओवर में 59 रन जोड़े। मध्यक्रम के बल्लेबाज आर्यन यादव( 20 गेंदों में 25 रन) और शहबाज संधू ( 18 गेंदों में 28 रन) ने स्ट्राइकर्स को मजबूती दी। आखिरी क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव मार्कन ने 19 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली और स्ट्राइकर्स को 20 ओवर में 187 रनों तक पहुंचाया। ब्लास्टर्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए।
जवाब में ब्लास्टर्स लक्ष्य से 11 रन पीछे रह गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज हरनूर पन्नू ने 48 गेंदों पर 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। अपनी काबिलियत साबित करते हुए हरनूर ने चार गगनचुंबी छक्के लगाए। कप्तान नमन धीर बल्ले से ज्यादा कुछ नहीं कर सके और 10 रन बनाकर आउट हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई टीम स्क्वैश में भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही

डालियन, एजेंसी। भारतीय महिला टीम रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम को छठा स्थान मिला। महिला टीम ने पांचवें और छठे स्थान के लिए स्थान निर्धारण मैच में ईरान को 2-0 से हराया। रथिका सुथनथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने आसान जीत हासिल की। हालाँकि, पुरुष टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गई, जिसमें वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत दर्ज की, जबकि सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल मामूली अंतर से हार गए।

#### भारतीय परिणाम



पुरुषः भारत दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गया (वेलावन सेंथिलकुमार ने जियोंगमिन रियू को 11-5, 11-1, 11-4 से हराया; सूरज कुमार चंद मिनवू ली से 11-7, 11-13, 9-11, 8-11 से) और ओम सेमवाल जूयॉन्ग ना से 9-11, 6-11, 9-11) से हार गए।

महिलाएंः भारत ने ईरान को 2-0 से हराया (रथिका सुथनथिरा सीलन ने फेरेश्तेह एघटेदारी को 11-5, 11-9, 11-7 से और पूजा आरती रघु ने परमिन नेकोपयंतक को 11-5, 11-7, 12-10 से हराया)।

---------------

### पेरिस ओलंपिक से पहले लवलीना ने किया शानदार प्रदर्शन, जीता रजत पदक

नई दिल्ली , एजेंसी। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने पेरिस ओलंपिक से पहले दमदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में रजत पदक जीता। हालांकि लवलीना को महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में चीन की ली कियान से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह स्वर्ण पदक हासिल करने से चूक गईं। लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और पेरिस ओलंपिक में भी उनसे पदक की आशा रहेगी।



पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकीं लवलीना को मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी।

#### ओलंपिक में मिलेगी मदद

लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। लवलीना ने कहा, इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है। जहां तक मेरी तैयारी का सवाल है, ओलंपिक से पहले यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था।

## स्मृति मंधाना 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को पहले वनडे के दौरान 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गयी हैं। मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मिताली ने अपने शानदार करियर में सभी फॉर्मेट में 10,868 रन बनाये थे।

मंधाना के बाद सबसे करीबी मौजूदा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं जिन्होंने अब तक 6,870 रन जुटा लिए हैं। भारतीय ओपनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 127 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 117 रन बनाये जो घरेलू जमीन पर उनका पहला और कुल छठा शतक है। इस बीच दीप्ति शर्मा ने अपनी 37 रन की पारी के दौरान 200 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2000 वनडे रन पूरे कर लिए हैं।




#### टी20 विश्व कप

## सुपर 8 में पहुंचकर बोले बांग्लादेश के कप्तान शांतो, इस विभाग में सुधार की जरूरत

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अपनी टीम को टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंचाने के बाद अपनी खुशी जाहिर की। अपनी प्रगति के बावजूद शांतो ने बल्ले से टीम के संघर्ष को स्वीकार किया, खासकर अर्नोस वेल ग्राउंड पर नेपाल पर 21 रन की मामूली जीत में। सोमवार को बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम स्कोर (106 रन) का बचाव करते हुए नेपाल को 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट कर दिया। इस उल्लेखनीय रक्षात्मक प्रयास ने टीम की गेंदबाजी क्षमता को उजागर किया, लेकिन साथ ही उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियों को भी रेखांकित किया क्योंकि शांतो, लिटन दास और तंजीद हसन तमीम शीर्ष क्रम में संघर्ष करते रहे।




शांतो ने मैच के बाद कहा, हमने इस दौर में जिस तरह से खेला उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि हम अपनी बल्लेबाजी नहीं, बल्कि गेंदबाजी का प्रदर्शन जारी रख पाएंगे। उम्मीद है कि अगले दौर में हमारी बल्लेबाजी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। हम ज्यादा रन नहीं बना पा रहे हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अगर हम शुरुआती विकेट ले सकें तो हम कुल स्कोर का बचाव कर सकते हैं। यही हमने गेंदबाजों से कहा है, और वे फील्डिंग में भी बहुत अच्छे हैं। तंजीम ने गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया उन्होंने 4-0-7-4 का असाधारण स्पेल दिया, जिसमें 21 डॉट बॉल शामिल हैं। मुस्तफिजुर रहमान ने भी अहम भूमिका निभाई, उन्होंने नेपाल के रन-चेज को पटरी से उतारने के लिए अंतिम ओवर में एक विकेट-मेडन दिया। शांतो ने कहा, हमारे पास सब कुछ है। पिछले दो या तीन सालों में सभी तेज गेंदबाजों ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। इस प्रारूप में गेंदबाजी इकाई बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे उम्मीद है कि वे अपना फॉर्म जारी रखेंगे। टी20आई में गति हमेशा महत्वपूर्ण होती है। हमें अगले दौर के लिए योजना बनानी होगी और अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करना होगा। नीदरलैंड और नेपाल के खिलाफ लगातार जीत के बाद बांग्लादेश ने अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहते हुए ग्रुप चरण का समापन

## वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से हराया, डेनमार्क ने स्लोवेनिया से ड्रॉ खेला

**बर्लिन, एजेंसी।** चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार को यूरोपीय चैम्पियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलायी। इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बायें पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिये थे।




### रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना उतरी पोलैंड की टीम

चोटिल स्टार रॉबर्त लेवानदॉस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किये गोल की मदद से 1–0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी।

नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जायेगा जो सोमवार को आस्ट्रिया से भिड़ेगी।

**डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1–1 से ड्रॉ खेला–** डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ आज के दूसरे मुकाबले में 1–1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप–सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया।

- **गत विजेता इटली ने अल्बानिया को 2–1 से पराजित किया–** गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। अल्बानिया के नेदिम बजरामी की ओर से किए गए इस गोल ने नए कोच लूसियानो स्पैलेटी की टीम को हिला दिया। यह यूरोपियन चैंपियनशिप के 64 वर्षों के इतिहास का सबसे तेज गोल था। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2–1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।
- **बारेला, बास्तोनी ने इटली के लिए दागे गोल–** फेडरिको डिमार्को की थ्रो अलसांद्रो बास्तोनी के पास नहीं पहुंची। बजरामी ने इसे कब्जे में लेते हुए गोल भेद कर वेस्टफालेनस्टेडिऑन में मौजूद अल्बानियाई समर्थकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद इटली ने आक्रमणों की झड़ी लगा दी। 11वें मिनट में निकोलो बारेला ने बराबरी का गोल भेदा।



#### हरियाणा की तीरंदाज भजन कौर को स्वर्ण के साथ ओलंपिक टिकट

## अंकिता भकत ने भी हासिल किया कोटा

#### ओलंम्पिक क्वालिफायर

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी।** दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी। टीम के एक अधिकारी के मुताबिक, दीपिका को उपकरण संबंधित कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन खराब रिलीज के कारण ऐसा हुआ। यह दबाव के कारण या किसी और वजह से हो सकता है। हरियाणा के ऐलानाबाद की रहने वाली तीरंदाज भजन कौर ने ओलंपिक क्वालिफायर तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। भजन ने फाइनल में शीर्ष वरीय ईरान की मोबीना फलाह को 6-2 से पराजित किया। वह तीरंदाजी में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली दूसरी तीरंदाज हैं। इससे पहले बी धीरज पुरुषों में कोटा ले चुके हैं।

इससे पहले भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत अंताल्या में ओलंपिक क्वालिफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करके पेरिस खेलों के लिए व्यक्तिगत कोटा जीता था। अंकिता ने रविवार को फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साथ ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में जगह बनायी थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिए जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है।

दीपिका को मिली अप्रत्याशित हार

रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहने वाली दीपिका कुमारी को पहले ही मुकाबले में अजरबैजान की यावलागुल से 4-0 की बढ़त के बावजूद 4-6 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। भजन ने सेमीफाइनल में माल्डोवा की अलेक्जांद्रा मिर्का को 6-2 से हराया था। भजन का कोटा मिलने से पेरिस ओलंपिक में भारत का मिश्रित स्पर्धा में भी खेलना तय हो गया है। धीरज और भजन की जोड़ी यहां उतर सकती है। हालांकि भारत के पास अभी पुरुष और महिला वर्ग में टीम का कोटा हासिल करने का मौका है। भारत अपनी रैंकिंग पर कायम रहा तो 24 जून को उसे दोनों वर्गों में टीम कोटा मिल सकता है।

*शादी को लेकर सोनाक्षी सिन्हा ने बताया सच बोलीं-*

# वो नहीं चाहेंगे मैं शादी करूं...



मनोरंजन जगत में इन दिनों अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की शादी को लेकर हलचल मची हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सोनाक्षी जल्द ही अपने कथित बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हनिया बनने वाली हैं। दोनों 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी का कार्ड भी वायरल हो रहा है। लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब सोनाक्षी की शादी को लेकर उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा क्या सोचते थे।


हीरामंडी में फरदीन और रेहाना आपा के किरदार से सभी का दिल जीत चुकीं सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने कथित लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। सोनाक्षी और जहीर ने शादी के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके परिवार और दोस्तों पूनम ढिल्लों, यो यो हनी सिंह और डेजी शाह ने इस खबर की पुष्टि की है। जहां प्रशंसक सोनाक्षी को दुल्हन के अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं, वहीं सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा कभी नहीं चाहेंगे कि वह शादी करें।

### सोनाक्षी की शादी को लेकर पिता की राय क्या थी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 2021 में एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी ने अपनी शादी के बारे में अपने परिवार के विचारों के बारे में खुलकर बात की थी। सोनाक्षी ने कहा था, अगर यह बात उनके पिता (शत्रुघ्न सिन्हा) पर निर्भर करती है तो वह कभी नहीं चाहते कि मैं शादी करूं। मां कभी-कभी यह छोटा सा बम गिराती हैं कि अभी तो टाइम हो गया, (शादी) कर लेना चाहिए, और मैं उन्हें बस एक नजर देखती हूं और फिर वह कहती हैं कि अच्छा ठीक है ठीक है।

आगे सोनाक्षी ने कहा, नहीं, ऐसा नहीं है कि मैं खुश हूं कि उन्होंने मुझे उस तरह की आजादी मिली है, जहां जब तक मैं शादी के लिए तैयार नहीं हो जाती, वे मेरे सिर पर बैठकर यह नहीं कहेंगे कि शादी कर लो बेटा, क्योंकि उन्हें पता है कि मैं अपने काम से खुश हूं और अच्छा कर रही हूं। सोनाक्षी की शादी की खबरें अब सुर्खियों में हैं, ऐसे में शत्रुघ्न सिन्हा ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं उनकी शादी की खबरों की न तो पुष्टि कर रहा हूं और न ही खंडन। समय ही बताएगा। उन्हें हमेशा मेरा आशीर्वाद मिलेगा। सोनाक्षी मेरी आंखों का तारा है। वह मेरी इकलौती बेटी है और मेरे बहुत करीब है।

मैं एक गौरवान्वित पिता हूं, क्योंकि पिछले कुछ सालों में वह एक अभिनेत्री के तौर पर भी उभरी हैं। लुटेरे से लेकर दहाड़ और अब हीरामंडी तक, उन्होंने एक शानदार अभिनेत्री होने का परिचय दिया है। शत्रुघ्न ने आगे कहा, अगर मेरी बेटी शादी कर रही है, तो मैं उसे अपना आशीर्वाद दूंगा और उसके फैसले और पसंद का समर्थन करूंगा। सोनाक्षी को अपना साथी चुनने का अधिकार है, और मैं उसकी शादी के दिन सबसे खुश पिता बनूंगा। मैं हमेशा उसके लिए शुभकामनाएं दूंगा... एक ही तो बेटी है मेरी।




## कॉमेडी कम म्यूजिकल ज्यादा होगा कपिल शर्मा का शो

**टीवी** सीरियल द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड में कॉमेडी कम और म्यूजिक ज्यादा होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हुआ कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के इस नए शो के अभी तक कुल 11 एपिसोड प्रसारित किए जा चुके हैं और अब इसका 12वां एपिसोड रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के इस अपकमिंग एपिसोड में कॉमेडी कम होगी और यह किसी म्यूजिकल कॉन्सर्ट जैसा ज्यादा लगेगा।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड में रैपर बादशाह, करण उजाला और डिवाइन बतौर मेहमान शरीक होंगे। शो की शुरुआत कपिल की एंट्री से होगी। कपिल शर्मा अपने पिंकी वाले अवतार में एंट्री लेंगे। शो का स्टार्ट पॉइंट थोड़ा हंसाएगा लेकिन फिर कुछ ही देर बाद कस्टम ऑफिसर के अवतार में कपिल शर्मा के जोक्स बेतुके लगने लगते हैं। सुनील ग्रोवर, किकू शारदा और कृष्णा अभिषेक अपने किरदारों के जरिए थोड़ा हंसाएंगे लेकिन फिर से शो फ्लैट मोड पर आ जाएगा।

शो में कपिल शर्मा का रैप दर्शकों को जहां सरप्राइज करेगा वहीं उन्हें यह शॉक भी देगा कि सिंगिंग के अलावा कपिल शर्मा रैप भी कितना शानदार कर सकते हैं। शो के बीच-बीच में अलग-अलग रैपर्स अपना हुनर दिखाते चलेंगे और कुल मिलाकर एपिसोड किसी रैप शो जैसा ज्यादा लगने लगता है।

कॉमेडी के लिए अगर यह शो देखने जा रहे हैं तो शायद आप इस एपिसोड से थोड़ी निराशा महसूस करेंगे। कुल मिलाकर शो का सेकेंड लास्ट एपिसोड दर्शकों को कुछ खास इंप्रेस नहीं कर पाया। लेकिन क्या आगे चीजें बेहतर होंगी। क्या कपिल शर्मा अपने शो का पहला सीजन अच्छी तरह से एंड कर पाएंगे ताकि अगले सीजन के लिए दर्शकों का इंतजार बना रहे। फिलहाल जिन्हें रैप पसंद है और शो में आ रहे मेहमानों के दीवाने हैं उनके लिए यह एपिसोड काफी खास रहने वाला है, क्योंकि उन्हें बादशाह, डिवाइन और करण की बिलकुल अलग ही साइड इस शो में देखने को मिलेगी।

## कार्तिक ने बताई चंदू चैंपियन को करियर की सबसे बड़ी

फिल्मकार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म की रिलीज से पहले प्रमोशन के दौरान कार्तिक आर्यन दर्शकों के बीच गए। इस दौरान उन्होंने इसे अपने करियर की सबसे चैलेंजिंग फिल्म बताया। हालांकि, फिल्म



जब रिलीज हो चुकी है तो इसे क्रिटिक्स से सकारात्मक रिव्यू मिले हैं, उनके अभिनय की भी तारीफ हो रही है, लेकिन कमाई के मामले में फिल्म औसत प्रदर्शन ही कर रही है। फिल्म की सफलता उसके बॉक्स ऑफिस से ही मापी जाती है। बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक का नजरिया क्या है, हाल ही में उन्होंने बताया।


फिल्म की सफलता उसके बॉक्स ऑफिस नंबरों पर निर्भर करती है। ऐसे में चंदू चैंपियन के बॉक्स ऑफिस को लेकर क्या कार्तिक वाकई चिंतित हैं? इस पर उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके करियर की सबसे सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फ्री प्रेस जर्नल से बातचीत में कार्तिक ने कहा कि हर कोई चाहता है कि फिल्में मुनाफा दें। कार्तिक ने कहा कि जो भी संख्याएं हों, उन्होंने स्वीकार किया है।

**जान्हवी की तरह**

## खुशी भी नहीं करती हैं अपने फिटनेस से कोई समझौता



खुशी कपूर जान्हवी कपूर की छोटी बहन हैं और द आर्चिज फिल्म से वे बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी कपूर आने वाले दिनों में इब्राहिम अली खान एक साथ एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं। खुशी कपूर भी अपनी बहन जान्हवी की तरह अपने फिटनेस को लेकर कोई समझौता नहीं करती हैं। खुशी और जान्हवी दोनों को अक्सर जिम के बाहर स्पॉट किया जाता है।



## फिर अनिल कपूर संग कमबैक करेंगी सोनम

साल 1988 में आई यश चोपड़ा की फिल्म विजय में अनिल कपूर के साथ नजर आई एक्ट्रेस सोनम खान फिर एक बार एक्टर के साथ वापसी करने जा रही हैं। सोनम खान इस बार रियलिटी टीवी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में नजर आएंगी। मालूम हो कि अनिल कपूर इस बार बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 को होस्ट कर रहे हैं। सोनम खान इस रियलिटी शो के जरिए तकरीबन 30 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।

फिल्म त्रिदेव के गाने ओए ओए में सोनम एक मशहूर चेहरा थीं और इस गाने के जरिए वो घर-घर में मशहूर हो गई थीं। साल 1991 में उन्होंने शादी के बाद सिनेमा जगत को अलविदा कह दिया। सोनम खान ने त्रिदेव फिल्म के निर्देशक राजीव राय से शादी की थी। शादी के बाद यह कपल भारत से बाहर चला गया था। बिग बॉस ओटीटी 3 में उनका आना उनका कमबैक और फिर एक बार अनिल कपूर के साथ रीयूनियन दोनों होगा।

बता दें कि विजय एक मल्टी स्टारर फिल्म थी जिसमें यश चोपड़ा ने ऋषि कपूर, मीनाक्षी शेशाद्री, राजेश खन्ना और हेमा मालिनी को कास्ट किया था। हालांकि सोनम खान इस फिल्म में ऋषि कपूर के अपोजिट नजर आई थीं लेकिन उनके इस फिल्म में अनिल कपूर के साथ भी बहुत सारे सीन थे। उनके काम को दर्शकों ने काफी पसंद किया और यह फिल्म लंबे वक्त तक चर्चा का विषय रही थी। सोनम खान ने गोविंदा, मिथुन चक्रवर्ती, नसीरुद्दीन शाह, चंकी पांडे और संजय दत्त जैसे दिग्गज सितारों के साथ काम किया था। लेकिन फिर शादी के बाद उनका अचानक यूं गायब हो जाना उनके फैंस को बहुत खला। सोनम ने अपने करियर में तकरीबन 30 फिल्मों में काम किया था। बॉलीवुड के उस दौर में सोनम खान को उनके बोल्ड अवतार और स्क्रीन पर काफी ग्लैमरस सीन्स देने के लिए जाना जाता था।

## इस स्वतंत्रता दिवस पर संजय दत्त से भिड़ेंगे राम पोथिनेनी

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। पुरी जगन्नाथ की डबल आईस्मार्ट स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्माता और चार्ममे कौर के बैनर पुरी कनेक्ट्स द्वारा समर्थित इस फिल्म में राम पोथिनेनी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माता पुरी



जगन्नाथ की आगामी फिल्म डबल इस्मार्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आज शनिवार को इसकी घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए राम पोथिनेनी ने फिल्म की रिलीज का जानकारी दी है। डबल इस्मार्ट पांच



भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज डेट की जानकारी दी है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया था।

## सितारों के प्रति हद से ज्यादा दीवानगी ठीक नहीं: सोनाली



सोनाली बेंद्रे इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले दिनों वे वेब सीरीज ब्रोकन न्यूज सीजन 2 में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका यह शो काफी पसंद भी आया। इस शो में उनके सात जयदीप अहलावत भी दिखाई दिए थे। हाल ही में अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू दिया है जिसमें वे बॉलीवुड स्टार्स के प्रति फैंस की दीवानगी के बारे में बातें करती नजर आईं। सोनाली बेंद्रे दिलजले से लेकर डुप्लीकेट और मेजर साब जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि जब वे 1990 में भोपाल गई थीं तब कथित तौर पर उनके एक फैन ने आत्महत्या कर ली थी क्योंकि वे उस फैन से नहीं मिल पाई थीं।

इस बात को सुनकर अभिनेत्री कहती हैं, क्या यह सच है और अगर सच है तो यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हद की दीवानगी नहीं है। सोनाली बेंद्रे अविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देते हुए बोलती हैं, यह गलत है। आप किसी इंसान को ऐसे कैसे भगवान के जैसे मान सकते हैं। स्टार्स भी सधारण इंसान होते हैं। मुझे नहीं पता है कि ऐसा कुछ हुआ था और यह सही नहीं है। मुझे प्रशंसकों के चिट्ठी आते थे और शायद उनमें से कई चिट्ठी खून से लिखे होते थे। मुझे इस बात से भी तकलीफ होती थी। सोनाली बेंद्रे इस फैन कल्चर को गलत मानती हैं। वे कहती हैं, किसी के काम को सराहना सही है, लेकिन एक हद में रहकर। ऐसे खुद को नुकसान पहुंचा लेना समझदारी नहीं है। मैंने अपनी बीमारी से एक बात सीखी है कि कोई भी सुंदर चीज अपने आप में संपूर्ण नहीं होती है। फैंस सिर्फ पर्दे पर हमें अभिनय करते देखते हैं।



## गुलशन को हरलीन के साथ काम करना है पसंद

**गुलशन** देवैया अपनी आगामी वेब सीरीज 'बैड कॉप' के प्रमोशन में जुटे हुए हैं इस सीरीज में वह अनुराग कश्यप और हरलीन सेठी के साथ नजर आएंगे। अभिनेता ने हरलीन सेठी के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। गुलशन देवैया ने कहा कि इससे पहले उन्होंने हरलीन को 'कोहरा' में देखा था, हालांकि उनकी मुलाकात काफी कम हुई थी। अभिनेता ने बताया कि उनकी अच्छी दोस्ती थी, वह उन्हें काफी पसंद करते हैं और प्यार भी। गुलशन देवैया ने कहा, सीन के दौरान हम एक दूसरे की काफी मदद करते थे। गुलशन ने कहा कि वह फिर से हरलीन के साथ काम करना चाहते हैं। 'बैड कॉप' 21 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।